


खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 8 मई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 275 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## पहलगाम हमले के शहीदों की पत्नियों को देश के सैन्य बलों ने किया नमन


# ऑपरेशन सिंदूर

# 25 मिनट, 24 मिसाइल हमले आतंकियों के नौ ठिकाने ध्वस्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहलगाम में निर्मम आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को चुन-चुन कर मारने के सरकार के संकल्प को पूरा करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 25 मिनट तक ताबड़तोड़ 24 मिसाइल हमले कर नौ आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर आतंकवादियों के नेटवर्क की कमर तोड़ दी।

दावा है कि हमलों में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री, सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में देश को छह और सात मई की दरमियानी रात को एक बज कर पांच मिनट से डेढ़ बजे तक चले ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। ब्रीफिंग से पहले एक स्लाइड में बताया गया कि पाकिस्तान कई दशकों से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और आतंकवादियों के हमलों में अब तक करीब 350 आम लोग और 600 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में जिन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हैं। इन ठिकानों पर आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय, भर्ती, प्रशिक्षण केन्द्र और लांच पैड हैं। श्री मिस्री ने जोर देकर कहा कि बीती रात सीमापार की गई कार्रवाई नपी तुली, गैर उकसावे वाली एवं जिम्मेदाराना थी जिसका उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नेस्तनाबूद करना और आतंकवादियों को आगे किसी भी ऐसी हरकत के लिए अक्षम बनाना था। इस कार्रवाई में पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया। इसमें निर्दोष लोगों की जान नहीं गई और न ही उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई 25 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पहलगाम हमले के बाबत जारी बयान की भावना के अनुरूप है। विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान आधारित आतंकवादी मॉड्यूल पर हमारी खुफिया निगरानी से संकेत मिला था कि भारत पर आगे भी हमले हो सकते हैं, अतः इन्हें रोकना और इसने निपटना दोनों को बेहद आवश्यक समझा गया। गुरुवार सुबह भारत ने –शेष पृष्ठ दो पर




**कर्नल सोफिया कुरैशी** ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए मासूम नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया वहां से आतंकियों के प्रमुख और बड़े प्रशिक्षण शिविर संचालित किए जा रहे थे।



**विंग कमांडर व्योमिका सिंह** ने बताया कि ऑपरेशन के लिए ठिकानों का चयन विश्वसनीय खुफिया जानकारी और इन ठिकानों की गतिविधियों के आधार पर किया गया था। इनका चयन करते समय यह बात ध्यान में रखी गई थी कि नागरिक ठिकानों और आम लोगों को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे।



## भारतीय सेना के हमलों में मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य मारे गए



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के बहावलपुर सुभानअल्लाह परिसर में किए गए हमलों में कुख्यात आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और उसके चार करीबी सहयोगी मारे गए हैं।

आतंकवादी समूह ने इस परिसर का इस्तेमाल शरणस्थली के रूप में किया था। मारे गए लोगों में मसूद अजहर की बड़ी बहन और बहनोई, उसका भतीजा और उसकी पत्नी शामिल हैं। जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख के बयान का हवाला देते हुए समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके परिवार की एक और भतीजी और पांच बच्चे भी मारे गए। इसमें कहा गया है कि अजहर का एक करीबी सहयोगी और दो अन्य करीबी सहयोगी भी भारतीय हमलों में मारे गए हैं । भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जैश, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ आतंकवादी शिविरों पर हमला किया है। बहावलपुर में सुभानअल्लाह परिसर पर हमला 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत किए गए दो महत्वपूर्ण हमलों में से एक था। इन हमलों में 80 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं।

## सेना ने सटीक निशाना साध केवल आतंकियों के ठिकाने किए ध्वस्त



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ योजना के अनुसार पहले से तय किए गए आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर इतिहास रचा है। श्री सिंह ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर पहली प्रतिक्रिया में जोर देकर कहा कि इस कार्रवाई में किसी भी नागरिक ठिकाने को जरा सा भी नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। इसका उद्देश्य आतंकवादियों को ठिकाने लगाकर आतंकवाद की कमर तोड़ना था। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि सेना ने केवल उन्हीं को मारा है, जिसने भारत को आहत किया था।

## ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले का जवाब, हमें सेना पर गर्व: शाह



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के सटीक जवाब के लिए अपने सैन्य बलों की कार्रवाई को गौरवान्वित करने वाला बताते हुए कहा कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए भारत दृढ़रूप से प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की नृशंस हत्या का भारत का जवाब है। मोदी सरकार भारत और उसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने सेना की कार्रवाई व सैन्य बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रशंसा की और सेना पर गर्व किया है।

## मोदी की यूरोप के तीन देशों की यात्रा टली

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस माह के मध्य में क्रोएशिया, नॉर्वे एवं नीदरलैंड्स की यात्रा स्थगित कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सैन्य बलों की सीमापार कार्रवाई एवं उसके बाद उपजी परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी की यूरोप के इन तीन देशों की यात्रा टाल दी गई है। श्री मोदी को 12 मई से 17 मई तक इन देशों की यात्रा करनी थी।

## अपने सैन्य बलों पर गर्व है: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सैन्य बलों की कार्रवाई को गौरवान्वित करने वाला करार देते हुए बुधवार को कहा कि सफल सिंदूर अभियान को अंजाम देने वाले अपने सशस्त्र बलों पर उन्हें गर्व है। श्री गांधी ने कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। जय हिंद। पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ पहले दिन से ही तीखे तेवर अपनाते हुए श्री गांधी ने इस आतंकी कार्रवाई का करारा जवाब देने का सरकार से आग्रह करते हुए कहा था कि उनकी पार्टी इस हमले पर हर जवाबी कार्रवाई में सरकार के साथ खड़ी है।

## देश के 18 हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों पर 10 मई तक रोक

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर और पश्चिमी हिस्सों में 18 हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों को 10 मई तक रोक दिया गया है। भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाए जाने के कुछ घंटों बाद बुधवार तड़के अचानक सिविल उड़ानों को बंद करने के निर्देश दिए गए। सूत्रों के अनुसार, जिन हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों को बंद किया गया है उन हवाई अड्डों की सूची में लेह, थोइस, श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़, जोधपुर, ग्वालियर, जैसलमेर, बीकानेर, जामनगर, भठिंडा, भुज, धर्मशाला, शिमला, राजकोट और पोरबंदर शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार उड़ानें रोकने के लिए नोटिस टू एयरमैन भी जल्द ही जारी किए जाने की उम्मीद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये हवाई अड्डे 10 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद रहेंगे। इनमें नियमित उड़ानें और चार्टर्ड उड़ानें दोनों शामिल हैं।

## दिल्ली से लेकर मुंबई तक हुई मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में बढ़ते तनाव और संभावित हमले की आशंका के मद्देनजर बुधवार को देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 244 जगहों पर युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों की मॉक ड्रिल हुई। बता दें कि, इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से सभी राज्यों को निर्देश जारी किया गया था।

## सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 22 नक्सली किए ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर की कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर जारी 'नक्सल उन्मूलन ऑपरेशन' के 16वें दिन बुधवार को सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 20 से 22 नक्सलियों के मारे जाने का दावा किया। इनमें से अब तक 18 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

नक्सलियों के मूवमेंट की पुष्टि ड्रोन कैमरे से लिए फोटो में भी हो रही है। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आखिरी गढ़ कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों पर जमा नक्सलियों को सुरक्षाबल चौतरफा घेरे हुए हैं। इस ऑपरेशन पर दिल्ली से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक (डीजी) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह भी नजर बनाए हुए हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) (नक्सल ऑप्श) विवेकानंद सिन्हा, सीआरपीएफ के महानिरीक्षक (आईजी) राकेश अग्रवाल व बस्तर के आईजी पी. सुंदरराज भी मुठभेड़ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उम्मीद है शाम तक जवान ऐतिहासिक सफलता की ओर बढ़ सकते हैं। नक्सलियों को उनके मांद में डीआरजी कोबरा, सीआरपीएफ और एसटीएफ के बहादुर जवान मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर स्थित कर्रेगुट्टा की पहाड़ी के पास सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ अभी जारी है। सुरक्षा बलों द्वारा बड़े स्तर पर नक्सल-विरोधी ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बीजापुर जिले और उससे सटी तेलंगाना सीमा पर पिछले 16 दिनों से नक्सल विरोधी अभियान जारी है। इस अभियान के तहत बुधवार सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच भारी गोलीबारी हो रही है।

### 18 नक्सलियों के शव बरामद

छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि अब तक पुलिस ने 18 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। गोली बारी जारी है। इधर बस्तर रेंज के आईजी पी सुंदरराज ने जारी बयान में कहा है कि गुरुवार को ऑपरेशन संकल्प के अच्छे परिणाम की अपेक्षा है। सभी सुरक्षाबल सुरक्षित हैं और बस्तर क्षेत्र को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। चूंकि ऑपरेशन प्रगति पर है सुरक्षा कारणों से इस समय संपूर्ण जानकारी साझा नहीं की जा सकती। उपयुक्त समय पर अधिकृत पदाधिकारी आवश्यक जानकारी साझा करेंगे। चूंकि ऑपरेशन प्रगति पर है सुरक्षा कारणों से इस समय संपूर्ण जानकारी साझा नहीं की जा सकती। उपयुक्त समय पर अधिकृत पदाधिकारी आवश्यक जानकारी साझा करेंगे।

## पाकिस्तान की नागरिक क्षेत्रों में भारी फायरिंग में 15 निर्दोष लोगों की मौत

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेनाओं के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी शिविरों पर सटीक हमलों के बाद बौखलाया पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर देर रात से भारी गोलीबारी कर रहा है, जिसमें पुंछ और तंगधार में 15 निर्दोष लोगों की मौत हो गई और 43 अन्य घायल हो गए। भारतीय सेना ने भी पाकिस्तान की अंधाधुंध फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया है और पाकिस्तानी चौकियों पर हमले में कई पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की खबर है। सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी है। सेना ने कहा है कि हताश पाकिस्तानी सेना ने पुंछ और तंगधार क्षेत्रों में नागरिक ठिकानों और आबादी को निशाना बनाकर फायरिंग की है। सेना ने कहा कि वह पाकिस्तान की अंधाधुंध फायरिंग का करारा जवाब दे रही है।

## मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू को दिया ऑपरेशन का अपडेट



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

राष्ट्रपति भवन सचिवालय ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की और केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक में भी इस पर चर्चा की।

## संक्षिप्त समाचार

### ओवैसी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्वागत किया

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर भारतीय रक्षा बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्वागत किया है। ओवैसी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि मैं पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर हमारे रक्षा बलों द्वारा किए गए सर्जिकल स्ट्राइक का स्वागत करता हूं। पाकिस्तानी डीप स्टेट को कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए कि अब कभी दूसरा पहलगाम नहीं हो सकता। पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट किया जाना चाहिए। जय हिंद। ऑपरेशन सिंदूर। ओवैसी की टिप्पणी ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़े तनाव के मद्देनजर आई है जिसने अपने रणनीतिक और सुरक्षा निहितार्थों के लिए राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है।

### पटनायक, केजरीवाल ने दी सेना को बधाई

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख नवीन पटनायक तथा आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ की गई सफल सैन्य कार्रवाई के लिए भारतीय रक्षा बलों को बधाई दी है। पटनायक ने कहा कि मुझे बताया गया है कि भारतीय सुरक्षा बलों को आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में सफलता मिली है। मैं उन्हें तहेदिल से बधाई देता हूं। केजरीवाल ने कहा कि मुझे भारतीय सेना और हमारे बहादुर सैनिकों पर गर्व है। आप पार्टी के संजय सिंह ने भी कहा कि अब समय आ गया था कि सेना ने आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया है और वह भारतीय सेना को सर झुका के नमन करते हैं।

### सैन्य कार्रवाई मन मुताबिक, अब सभी बरतें संयम: थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने कहा है कि भारतीय सैन्य बलों की कार्रवाई उनके मन के मुताबिक हुई है और बदला ले लिया गया है। थरूर ने कहा कि संघर्ष इसी न्यायपूर्ण जवाबी कार्रवाई तक सीमित रहे इसलिए अब सभी पक्षों को संघर्ष को नियंत्रित करने के लिए काम करना होगा। हमारे सैन्य शक्ति की आतंकी ठिकानों पर सुनियोजित, गणनापूर्ण, सटीक हमलों का एक सेट। ठीक वैसी की कारवाई हुई, जिसकी मैंने पिछले सप्ताह वकालत करते हुए कहा था कि जोरदार प्रहार करो, चतुराई से प्रहार करो। मैं सरकार की सराहना करता हूं और अपने बहादुर सशस्त्र बलों के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ा हूं।

### सेना के साहस और पराक्रम पर देश को गर्व: नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान पर भारतीय सेना की कार्रवाई पर आज कहा कि सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है। कुमार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है।

# एयर स्ट्राइक पर मुसलमानों ने तिरंगा यात्रा निकाली

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय सेना की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई से देशभर में जश्न का माहौल है। जैसे ही दुश्मन देश पर भारतीय सेना के हमले की खबर लोगों को हुई, लोग हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उतर आए।

भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक पर लोग जश्न मना रहे हैं, आतिशबा. जी और ढोल की थाप पर झूम रहे हैं। देश 'भारतीय सेना जिंदाबाद' और 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज रहा है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारतीय सेना की बहादुरी की चर्चा हो रही है। संगम नगरी प्रयागराज में लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए आतिशबाजी की। मुस्लिम समाज के लोग गदगद हैं। ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन ने सैन्यकर्मियों

■ **मुस्लिम शिया धर्म गुरु बोले- जवानों को सलाम**

के साहस को सलाम किया। इस खुशी में धार्मिक नगरी मथुरा में दिनेश फलाहारी ने मिठाई बांटी। उन्होंने कहा कि आज भारत ने अपनी ताकत का सिर्फ अभी छोटा सा ट्रेलर दिखाया है। संगम नगरी प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर धाम के पीठाधीश्वर शांडिल्य महाराज ने इस कार्रवाई की सराहना की है।

यहां लोगों ने जमकर आतिशबा. जी की। राज्य की राजधानी लखनऊ में भी लोग जश्न में डूबे हुए हैं। 1090 चौराहे पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा और सनातनी झंडा लेकर खुशी मनाई। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में मॉर्निंग वॉक पर आईं महिलाओं ने पाकिस्तान पर गुस्सा उतारा।

# पहलगाम में मृतकों के परिजनों ने जताई खुशी

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से पहलगाम में मारे गए 26 निर्दोष लोगों के परि. जनों में जश्न का माहौल है। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों में दो विदेशी भी शामिल थे। इनमें एक संयुक्त अरब अमीरात से और दूसरा नेपाल से थे। 22 अप्रैल को आतंकियों ने सभी का धर्म पूछकर उनकी हत्या कर दी थी। मृतकों में इंदौर, मुंबई, हरियाणा, उत्तराखंड, कोलकाता, नेपाल, कानपुर, बिहार, बेंगलुरु, पुणे, भावनगर और अन्य स्थानों के पर्यटक शामिल थे।

भारतीय सेना की इस कार्रवाई के बाद बिहार के रोहतास जिले के अरूही गांव में जश्न का माहौल है। अरूही वह गांव है, जहां के निवासी आईबी के अधिकारी मनीष रंजन थे, जिनकी आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। मंगलवार की देर रात भारतीय सेना के द्वारा की गई कार्रवाइ के बाद आईबी अधिक. ारी मनीष रंजन के भाई शशि मिश्रा ने खुशी जताई है। उन्होंने इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी

**भारतीय सेना ने सिंदूर का बदला ले लिया**




को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए खतरा है और इसे जड़ से मिटाने के लिए लगातार इस तरह की कार्रवाई होनी चाहिए। शहीद मनीष रंजन के चाचा दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि आतंकवादियों ने जिस तरह से हमारे बहन-बेटियों के सिंदूर को उजाड़ा है, उसी तरह हमारे सैनिकों ने भी ऑपरेशन सिंदूर चलाकर सिंदूर का बदला ले लिया है। पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए हरियाणा के करनाल निवासी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की मां आशा नरवाल ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि मोदी सरकार ने बदला ले लिया है। उनका परिवार और सारी जनता उनके साथ है।

### शुभम के पिता बोले 'सैल्यूट आर्मी'

**कानपुर।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के शिकार शुभम द्विवेदी के परिवार ने आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई पर संतोष जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सैन्य बलों के प्रति आभार व्यक्त किया है। शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी ने भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि थैंक्यू मोदी जी, सैल्यूट आर्मी। उन्होंने भारतीय सेना की कार्रवाई को सलाम करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया और कहा, सेना की इस कार्रवाई ने हमें सरकार पर भरोसा करने का हौसला दिया है। शुभम की पत्नी ऐशन्या ने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ जो कार्रवाई की गई है। ये उनके पति को सच्ची श्रद्धांजलि है। यूपी विस अध्यक्ष सतीश महाना शुभम द्विवेदी के घर पहुंचे और शोक संतप्त वातावरण के बीच उन्होंने शुभम की पत्नी के चरणों में झुककर नमन किया।

## सिंदूर अभियान से अमेरिका समेत कई देशों को अवगत कराया: डोभाल

# पाक तनाव बढ़ाएगा, तो मिलेगा जवाब

नई दिल्ली, वार्ता

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को कई देशों के अपने समकक्षों से बात करते हुए कहा कि भारत तनाव को नहीं बढ़ाना चाहता है, लेकिन अगर पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करके तनाव बढ़ाएगा, तब करारा जवाब दिया जाएगा।

डोभाल ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और अन्य हिस्सों में आतंकवादी अड्डों पर किए गए 'सिंदूर अभियान' से अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, सऊदी अरब और जापान सहित समेत कई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकारों को अवगत कराया है। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो, ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पोवेल, सऊदी अरब के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शेख ताहनून, संयुक्त अरब अमीरात की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महासि. चव अली अल शम्सी और जापान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मासाताका ओकानो को सिंदूर अभियान की कार्रवाई से अवगत कराया है। उन्होंने रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर्गेई शोईगू, चीन के विदेश मंत्री वांग ई और फ्रांस के राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार इम्मानुअल बोने को भी कार्रवाई की जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा है कि डोभाल भविष्य में भी इस संबंध में अपने समकक्षों के साथ बातचीत करते रहेंगे। सूत्रों के अनुसार उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान तनाव बढ़ाने का फैसला करता है, तो वह दृढ़ता से जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।



■ **एनएसए ने अपने समकक्षों से बात करते हुए कहा कि भारत तनाव नहीं बढ़ाना चाहता भविष्य में भी समकक्षों से करते रहेंगे बात: अजीत**

### भारत का पैगाम-छेड़ोगे, तो छोड़ेंगे नहीं: नड्डा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को कहा कि पहलगाम पर भारत का पैगाम है कि उसे छेड़ा गया तो ऐसा करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। नड्डा ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि पहलगाम पर भारत का पैग़ाम- छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की आत्मा पर हमला करने वालों को कड़ी सज़ा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि भारत आतंकवाद को उसकी जड़ से उखाड़ फेकने में सक्षम भी है और संकल्पबद्ध भी है। मिटा देंगे आतंकवाद का नासूर। ऑपरेशन सिन्दूर।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद का मजबूत जवाब

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमला एक मजबूत जवाब है। उन्होंने एक्स पर कहा कि भारत आतंकवाद को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत यह सुनिश्चित करेगा कि आतंक के हर अपराधी पर कार्रवाई हो।

### कांग्रेस कार्य समिति ने एक स्वर में किया ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद बुधवार को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की अनौपचारिक आपात बैठक बुलाई, जिसमें पहलगाम हमले के जवाब में सशस्त्र बलों की कार्रवाई का एकजुटता से और एक स्वर में समर्थन किया गया। कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस देश के वीर सैनिकों की साहसिक कार्रवाई की सराहना करती है और आतंकवाद के खिलाफ उठाए जा रहे हर कदम में देश के साथ खड़ी है। अचानक और अनौपचारिकरूप से बुलाई गई इस बैठक में दिल्ली में मौजूद पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को शामिल होने का आग्रह किया गया था। खड़गे ने कहा कि देश में जो घटना घटी है और इसको लेकर सरकार जो कदम उठा रही है, उस पर आज हमने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई।

हम अपने सशस्त्र बलों पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज़ सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दिन से ही कांग्रेस ने साफ़ तौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था। पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के सभी रूपों के विरुद्ध भारत की राष्ट्रीय नीति बहुत स्पष्ट और अडिग है। देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सभी स्तर पर एकजुटता की सर्वाधिक जरूरत है। कांग्रेस देश के वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमारे नायकों ने हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए, देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी शहादत तक दी है।

# अगर तुम आंख उठाओगे तो हम सिर काट लेंगे

नई दिल्ली, वार्ता

भारत-पाक के बीच जारी तनाव के बीच सोफिया कुरैशी, का नाम आज हर किसी की जुबां पर छाया हुआ है। भारतीय सेना के पाकिस्तान पर हुए एक्शन ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाली इस जाबांज लेडी कर्नल ने साबित कर दिया कि भारत की बहादुर बेटियां किसी से कम नहीं है। वो आज सिर्फ सीमाओं की रखवाली नहीं कर रहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी देश की आवाज बन रही हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दुनिया को जानकारी देने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के भाई मोहम्मद संजय कुरैशी का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि भारतीय सेना पर उन्हें गर्व है। उन्होंने पाकिस्तान को संदेश देते हुए कहा कि अगर वो आंख उठाएगा, तो हम भारतीय सिर काटने से भी गुरेज नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ जो कार्रवाई की उस पर उन्हें फख है। इसके साथ ही मोहम्मद संजय कुरैशी ने कहा कि उनकी बहन ने इस ऑपरेशन में जो भूमिका निभाई है, उन्हें उस पर गर्व है। भाई ने बताया कि उनके बच्चों के लिए उनकी बुआ सोफिया एक आदर्श हैं, आज पूरा देश उनकी बहन पर नाज कर रहा है। कहा कि देश में अभी भी सभी धर्म के लोग प्यार मोहब्बत के साथ रहते हैं और आगे भी रहेंगे। सोफिया के भाई ने बताया कि उनके दादा और पिता भी सेना में सेवाएं दे चुके हैं। वहीं उनकी बहन ने भी सेना में जाने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि भारत में हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्मों में गंगा जमुना की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, लेकिन दहशतगर्द इस परंपरा को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं होगा। अगर आतंकियों ने फिर कोई ऐसी नापाक हरकत की तो उन्हें उसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों के सिंदूर को आतंकियों ने हटा दिया था इसलिए इसका नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा गया, जो बिल्कुल सही है।



■ **कर्नल सोफिया कुरैशी के भाई का पाकिस्तान को संदेश**

■ **अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी देश की आवाज बन रही हैं सोफिया**

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार में तेजी

मुंबई, वार्ता

**भारत**-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद ब्रिटेन के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के मजबूत रुख की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 105.71 अंक उछलकर 80,746.78 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24414.40 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.36 प्रतिशत की छलांग लगाकर 42,970.15 अंक और स्मॉलकैप 1.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 47,377.90 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4046 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2206 में तेजी जबकि 1683 में गिरावट रही, वहीं 157 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2902 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1772 में लिवाली जबकि 1049 में बिकवाली हुई वहीं 81 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव ने निवेशकों को सतर्क कर दिया, जिससे बाजार में अस्थिरता बनी रही। शुरुआती कारोबार के दौरान निवेशकों की भावनाएं अस्थिर रहीं। इस अस्थिरता की प्रमुख वजह भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वालू कश्मीर (पीओके) में किए गए मिसाइल हमले रहे, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया है। सैन्य घटनाक्रम के चलते निवेशक सतर्क दिखे और बाजार में भारी उतार-चढ़ाव रहा। बीएसई में हेल्थकेयर और एफएमसीजी में 0.41 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 समूहों में तेजी रही। शुरुआत में सेंसेक्स 79,948.80 अंक पर खुला और 79,937.48 अंक के निचले, जबकि 80,844.63 अंक के उच्चतम स्तर पर पूरे दिन रहा।



### 'सिंदूर' के बाद महंगा हुआ सोना, कीमत एक लाख के पार

**मुंबई।** पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर ॒पीओके॑ में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इस हमले के बाद दोनों देशों के बीच टेंशन अपने चरम पर पहुंच गई है। जिसकी वजह से देश की राजधानी दिल्ली में गोल्ड की डिमांड में इजाफा देखने को मिला है। जिसकी वजह से दिल्ली में गोल्ड के दाम एक लाख के पार पहुंच गए हैं। खास बात तो ये है कि पहलगाम की घटना के दिन दिल्ली में गोल्ड ने लाइफ टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया था। उम्मीद लगाई जा रही है कि शुक्रवार को सोने के दाम एक बार फिर से रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

# खाद्य तेलों में रहा मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बुधवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। वहीं अन्य जिंसों के भाव यथावत रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 92 रिंगिट लुढ़ककर 3703 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.61 सेंट की तेजी के साथ 48-96 सेंट प्रति पौंड बोला गया।। सूरजमुख तेल 219 रुपए और सोया रिफाइंड 110 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया, जबकि पाम ऑयल 366 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



■ **अन्य जिंसों के भाव में कोई परिवर्तन नहीं हुआ**

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:-

दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14835 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### ऑपरेशन सिंदूर ...

इस तरह के सीमा पार हमलों का जवाब देने और उन्हें रोकने तथा उनका प्रतिरोध करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। विदेश सचिव ने पहलगाम हमले की पृष्ठभूमि की पूरी जानकारी दी और कहा कि 22 अप्रैल 2025 को लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित पाकिस्तानी और पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया और 25 भारतीय नागरिकों और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी। यह हमला स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर में बहाल हो रही सामान्य स्थिति को बाधित करने के उद्देश्य से किया गया था। श्री मिस्री ने बताया कि यह हमला स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति को गड़बड़ाने और अशांति फैलाने उद्देश्य से किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष घाटी में रिकॉर्ड ढाई करोड़ पर्यटक आए थे। साथ ही इसके जरिये केन्द्र शासित प्रदेश में विकास और प्रगति को नुकसान पहुंचाना और पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद को जारी रखने के लिए उपजाऊ जमीन बनाना था। उन्होंने कहा कि यह हमला उन्होंने कहा कि देश में ऐसा कुछ नहीं हुआ और इसके लिए केन्द्र सरकार और जनता को श्रेय दिया जाना चाहिए जिन्होंने इन मंसूबों को विफल कर दिया। श्री मिस्री ने कहा कि खुद को द रेसिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ कहने वाले एक समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह समूह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकवादी गुट लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा है। उल्लेखनीय है कि भारत ने मई और नवंबर 2024 में संयुक्त राष्ट्र की 1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम को अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट में टीआरएफ के बारे में जानकारी दी थी, जिससे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों के लिए एक कवर के रूप में पाकिस्तान की भूमिका सामने आई थी। इससे पहले भी दिसम्बर 2023 में, भारत ने निगरानी टीम को लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद के बारे में सूचित किया था जो टीआरएफ जैसे छोटे आतंकवादी समूहों के माध्यम से काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं। रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा किए गए दावे और लश्कर-ए-तैयबा से ज्ञात सोशल मीडिया हैंडल द्वारा इसको रिपोस्ट किया जाना इसकी पुष्टि करता है। चश्मदीद गवाहों और विभिन्न जांच एजेंसियों को उपलब्ध अन्य सूचनाओं के आधार पर हमलावरों की पहचान भी हुई है। इसके अलावा खुफिया एजेन्सी ने इस टीम के योजनाकारों और उनके समर्थकों की जानकारी जुटाई है। श्री मिस्री ने कहा कि इस हमले की रूपरेखा भारत में सीमा पार आतंकवाद को अंजाम देने के पाकिस्तान के लंबे ट्रैक रिकॉर्ड से भी जुड़ी हुई हैं, जिसके लिखित और स्पष्ट दस्तावेज उपलब्ध हैं। पाकिस्तान दुनिया भर में आतंकवादियों के लिए एक शरण स्थल के रूप में पहचान बना चुका है। इसके अलावा पाकिस्तान ने इस मुद्दे पर विश्व और फाइनेन्सियल ऐक्शन टास्क फोर्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों को जानबूझकर गुमराह करने के लिए भी जाना जाता है। साजिद मीर का मामला, जिसमें इस आतंकवादी को पाकिस्तान ने मृत घोषित कर दिया था और फिर, अंतर्राष्ट्रीय दबाव के परिणाम स्वरूप, वह जीवित पाया गया, इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हमलों के एक पखवाड़े के बाद भी, पाकिस्तान द्वारा अपने क्षेत्र या अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादियों के ठिकानों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कोई स्पष्ट कदम नहीं उठाया गया है। उल्टे, वो इन्कार करने और आरोप लगाने में ही लिप्त रहा है इसलिए यह कार्रवाई जरूरी थी।

# नोएडा एयरपोर्ट पर 131 पुलिसकर्मी संभालेंगे मोर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की संचालन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। गौतमबुद्धनगर के जेवर में बन रहे एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट पर किसी प्रकार की सुरक्षा चूक न हो, इसी कड़ी में, जेवर एयरपोर्ट पर तैनात होने वाले पुलिस. बल को चयनित कर उनकी विशेष ट्रेनिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस एक महीने चलने वाली ट्रेनिंग प्रक्रिया के अंतर्गत 45 पुलिस कर्मियों के पहले बैच को ट्रेंड कर दिया गया है। इस ट्रेनिंग का आयोजन ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन की अनुशंसा पर लखनऊ स्थित फॉरेन रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस द्वारा कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा जेवर एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन सर्विसेस समेत तमाम कार्यों की निगरानी व प्रबंधन के लिए राज्य पुलिस बल की नियुक्ति का आग्रह

■ **विशेष ट्रेनिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, 45 को किया गया प्रशिक्षित**

किया गया था, जिसे पूरा करते हुए योगी सरकार ने पुलिस विभाग के विभिन्न कार्मिकों को सेवाएं देने के लिए चिह्नित किया है। इन सभी कार्मिकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ट्रेंड करने तथा विशेष तौर पर इमीग्रेशन सर्विवेस के सफल संचालन के लिए सतर्क, सक्षम व सुदृढ़ निगरानी प्रणाली के तौर पर कार्य करने के लिए ट्रेंड किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा गौतमबुद्धनगर के जेवर स्थित एनआईएल में जिन पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाना है, उन्हें विशिष्ट ट्रेनिंग प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल द्वारा एनआईएल की सुरक्षा प्रणाली मजबूत करने के लिए जिन 131 पुलिस कार्मिकों का चयन किया गया है, उनमें 10 इंस्पेक्टर, 42 सब इंस्पेक्टर तथा 62 कॉन्सटेबल शामिल हैं।

### योगी ने आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति पर जताई संतुष्टि

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकांक्षात्मक जनपदों और आकांक्षात्मक विकास खंडों में आए बदलाव का स्थलीय परीक्षण करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमण पर भेजने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को आकांक्षात्मक जनपद और आकांक्षा त्मक विकास खंड कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आठ आकांक्षात्मक जिलों में प्रमुख सचिव/सचिव स्तर के 8 अलग-अलग अधिकारियों को 3 दिन के दौरे पर भेजा जाए, इसी तरह 108 आकांक्षात्मक जनपदों में भ्रमण के लिए विशेष सचिव स्तर के 108 अधिकारियों को भेजा जाए। यह अधिकारी इन कार्यक्रमों के प्रारम्भ से अब तक इन क्षेत्रों में आए वास्तविक बदलाव का स्थलीय निरीक्षण करें।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale










**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# चारधाम यात्रा और राष्ट्रीय प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर उत्तराखंड सरकार सतर्क

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं और वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए चारधाम यात्रा, राष्ट्रीय प्रतिष्ठानों, बांधों तथा ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं। उन्होंने शासन, प्रशासन और पुलिस को अलर्ट मोड में रहने का आदेश दिया।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग किया। इसके बाद राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सीमावर्ती इलाकों में संदिग्ध गति. विधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की सुरक्षा में कोई कोताही न हो। उन्होंने उत्तराखंड में मौजूद राष्ट्रीय महत्व के प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए भी सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिलों और तहसीलों में आवश्यक वस्तुओं और दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने, अस्पतालों को अलर्ट पर रखने और नागरिक सुरक्षा दलों को प्रशिक्षित करने की बात कही गई।




■ मुख्यमंत्री धामी ने दिए सख्त निर्देश, अफवाहों से सतर्क रहने की अपील, मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक, सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा और आपात प्रबंधन पर रहा विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने अफवाहों से बचने और लोगों को केवल सत्यापित जानकारी देने पर जोर दिया।

उन्होंने अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने और सोशल मीडिया पर निगरानी बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को अपने जिलों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के निर्देश दिए तथा कार्मिकों के अवकाश पर फिलहाल रोक लगाने का आदेश दिया। चारधाम यात्रा के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सुरक्षा बल प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री का आभार भी व्यक्त किया।

बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, डीजीपी दीपम सेठ, सचिव शैलेश बगोली व वी.के. सुमन उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से भारत वासियों में हुई गर्व की अनुभूति : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए पीएम मोदी और सेना को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि गौरवान्वित करने वाले इस पराक्रम ने साबित किया है कि देश का दुश्मन दुनिया के किसी भी कोने में अब बचने वाला नहीं है। वहीं तंज किया कि सेना के शौर्य पर सवाल करने वालों को भी आज करारा जवाब मिल गया होगा।

उन्होंने अपने संदेश में कहा कि भारत के जाबांज सैनिकों ने इस ऑपरेशन के माध्यम से जिस तरह पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया है। उससे भारतवर्ष के लोगों में गर्व की अनुभूति हुई है। इसी देशभक्ति और गौरवान्वित भाव के साथ समूचे देश की भांति प्रत्येक देवभूमिवासी भी अपने प्रधानमंत्री और जवानों को बधाई दे रहा है। इससे पहले जिस प्रकार



आतंकवादी हमले से दहशत फैलाने का प्रयास किया गया था, उसका करारा जवाब हमारी सेनाओं ने दिया है। वहीं स्पष्ट किया कि आतंक और देश के दुश्मनों के खिलाफ यह जंग तब तक जारी रहेगी जब तक एक-एक आतंकवादी का सफाया नहीं होता।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने विश्वास जताते हुए कहा कि इस बार पीएम मोदी के नेतृत्व में आर्थिक, कूटनैतिक और सैन्य मोर्चों पर ऐसी कठोरतम कार्यवाही की जा रही है कि पाकिस्तान हमारे खिलाफ इस तरह के हमले करने का कभी भी साहस नहीं करेगा।

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उत्तराखंड की ओर से पीएम मोदी और सेना को दी बधाई

साथ ही उन्होंने इशारों इशारों में निशाना साधा कि जो लोग पिछली स्ट्राइक को लेकर सबूत मांग कर सेना के शौर्य पर सवाल उठाते हैं, उन्हें आज करारा जवाब मिल गया होगा। वहीं जो लोग खिलौने का प्लेन बनाकर, उस पर नींबू मिर्ची लगाकर राफेल विमान का उपहास उड़ा रहे थे, वे अब मुंह छिपा रहे हैं, जिनको पाकिस्तान से लड़ाई में डर लगता था उनकी कायरता भी साबित हो गई है। उन्होंने कहा कि दुनिया को तो पहले से पता है, अब ऐसे आलोचकों को भी समझ आ गया होगा कि मोदी के नेतृत्व और सेना के पराक्रम में कोई भी देश का दुश्मन अब दुनिया में कहीं बचने वाला नहीं है।

# उत्तराखंड में पर्यटन व संस्कृति को मिलेगा नया आयाम

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड को पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और अनेक महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि पर्यटन उत्तराखंड की बैकबोन है और इसके सर्वांगीण विकास के लिए सुनियोजित प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि चारधाम यात्रा के साथ अन्य धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को भी विक. सित किया जाए, ताकि पर्यटकों को विविध अनुभव मिल सकें। टिहरी झील रिंग रोड परियोजना को सतत एवं समावेशी दृष्टिकोण से तैयार करने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि यह परियोजना पर्यटन को तो बढ़ावा देगी ही, साथ ही स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित करेगी। साथ ही उन्होंने ट्रैकिंग, साहसिक खेलों और अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ष्क्वालिटी टूरिज्मष् पर जोर देने की बात कही।



■ मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने दिए व्यापक विकास के निर्देश, टिहरी झील और साहसिक पर्यटन को मिलेगी नई पहचान

### शीतकालीन चारधाम यात्रा पर विशेष फोकस

मुख्य सचिव ने आगामी शीतकालीन चारधाम यात्रा की तैयारियां अभी से शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में स्थानीय हितधारकों से संवाद स्थापित कर यात्रा को अधिक सुगम और आकर्षक बनाया जाए।

संस्कृति संरक्षण के लिए ठोस कदम

पर्यटन के साथ-साथ उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए भी मुख्य सचिव ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। एक राज्य स्तरीय संग्रहालय की स्थापना के निर्देश दिए गए, जिसमें प्रदेश की लोककलाओं और विरासत को सहेजा जा सके। अभिलेखागारों का डिजिटलीकरण और अपग्रेडेशन सुनिश्चित करने को कहा गया।

देहरादून स्थित हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र का वार्षिक कैलेंडर तैयार करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने सुझाव दिया कि प्रदेश के पारंपरिक लोक गीतों, नृत्य और नाटकों को जीवंत बनाए रखने के लिए नाट्य शिविरों का आयोजन किया जाए और विभिन्न स्थानों पर रंगमंडलों की स्थापना हो। साथ ही, उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक दलों के गठन की भी आवश्यकता बताई। बैठक में सचिव सचिन कुर्वे, युगल किशोर पंत, अपर सचिव अभिषेक रोहिला व निदेशक संस्कृति बीना भट्ट सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# आपदा से निपटने को तैयार होगा उत्तराखंड

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड में अब आपदा से निपटने की तैयारियों को लेकर सरकार पूरी तरह अलर्ट हो गई है। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में वरिष्ठ अधिकारियों और जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर नागरिक सुरक्षा पूर्वाभ्यास (मॉक ड्रिल) को लेकर रणनीति तैयार की। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि पूरे प्रदेश में मॉक ड्रिल आयोजित की जाए और आम लोगों को इससे जुड़ी हर जानकारी दी जाए ताकि कोई भ्रम या अफवाह न फैले। मुख्य सचिव ने कहा कि यह पूर्वाभ्यास जनता को आपात स्थिति में सही व्यवहार सिखाने का जरिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग को अपनी जिम्मेदारियों को हल्के में नहीं लेना है और सभी को आपातकालीन हालात में अपनाए जाने वाले कदमों की सूची बनानी होगी।

### संचार व्यवस्था रहेगी चुस्त, अलर्ट सिस्टम होगा मजबूत

आपदा की स्थिति में समय पर अलर्ट देने के लिए सायरन सिस्टम को दुरुस्त करने, और मोबाइल एसएमएस, व्हाट्सऐप जैसे माध्यमों से संदेश भेजने के लिए एक मजबूत मैकेनिज्म तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सैटेलाइट फोन और वायरलेस सिस्टम को भी क्रियाशील रखा जाएगा।



### सामुदायिक भागीदारी भी होगी अहम

मुख्य सचिव ने कहा कि मॉक ड्रिल में 'आपदा मित्र', एनएसएस, एनसीसी, मंगल दल जैसे संगठनों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बड़े बांधों और बहुमंजिला इमारतों के लिए विशेष योजना बनाने और उनके सुरक्षित बेसमेंट तैयार रखने के निर्देश भी दिए गए।

### स्कूल और अस्पतालों पर रहेगा विशेष फोकस

मुख्य सचिव ने कहा कि स्कूल और अस्पतालों में विशेष तौर पर आपदा से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

■ पूरे प्रदेश में मॉक ड्रिल कराएगा प्रशासन, मुख्य सचिव ने अफसरों को दिए निर्देश

### बैठक में कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद

इस बैठक में पुलिस महानिदेशक दीपक सेठ, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, नितेश कुमार झा, बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम, चंद्रेश कुमार यादव, पंकज पांडेय समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत और सभी जिलाधिकारी भी बैठक से जुड़े।

# 14 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से बनेगा डाकपत्थर महाविद्यालय का प्रशासनिक भवन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर मे विकासनगर के विधायक मुन्ना चौहान ने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में 14 करोड़ 25 लाख की लागत से प्रशासनिक भवन, वाणिज्य भवन, कला भवन का शिलान्यास किया गया।

विधायक मुन्ना चौहान ने कहा कि आने वाले समय में डाकपत्थर महाविद्यालय विश्व स्तरीय महाविद्यालय के श्रेणी में गिना जाएगा। महा विद्यालय परिसर में तमाम वह सभी सुविधाएं उपलब्ध होगी जिससे छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक और वाणिज्य कला भवन बनने से जहां महाविद्यालय के कार्यालय व अन्य गतिविधियों को संचालित करने में आसानी होगी साथ में छात्र-छात्राओं को भी इन भवनों के बनने से सुविधा होगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि समय सीमा के अंतर्गत और भवन निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। शिलान्यास कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीएस नेगी, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राधेश्याम गंगवार, चीफ प्रॉक्टर डॉ. रोशन लाल केष्टवाल, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र चौहान, अध्यक्ष छात्र संघ अध्यक्ष आशीष बिष्ट, पूर्व महासचिव राहुल तोमर, पेयजल निगम विकासनगर से अनिल शर्मा, सहायक अभियंता पेयजल निगम प्रदीप काला, अपर सहायक अभियंता पेयजल निगम एवं कॉन्ट्रेक्टर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजकुमारी भंडारी चौहान ने किया।

■ विकासनगर विधायक ने किया शिलान्यास, समय सीमा और कार्य की गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता: मुन्ना चौहान

# सीएम से मिले मेयर व निकायों के अध्यक्ष



**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में मेयर देहरादून श्री सौरभ थपलियाल सहित हरिद्वार मेयर एवं विभिन्न नगर पालिका अध्यक्षों ने मुलाकात की।

इस अवसर पर उक्त स्थानीय निकाय के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपनी विभिन्न मांगों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उन्हें इस विषय पर हर संभव उचित सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मेयर हरिद्वार विकास शर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका डोईवाला नरेंद्र सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका चमोली संदीप रावत, अध्यक्ष नगर पालिका हरबर्टपुर नीरू देवी, अध्यक्ष नगर पालिका मसूरी मीरा सकलानी मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने रेडक्रॉस दिवस पर दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस से जुड़े सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

राज्यपाल ने कहा कि "सेवा ही परम धर्म है", के मंत्र को आत्मसात करते हुए रेडक्रॉस के कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा में समर्पित हैं। सेवा, समर्पण और परा. पकार की भावना से किया गया रेडक्रॉस का कार्य अत्यंत प्रेरणादायक और सराहनीय है।



राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड प्राकृतिक आपदा-संवेदनशील राज्य है। यहाँ की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के चलते अक्सर आपात स्थितियाँ उत्पन्न होती रहती हैं। ऐसे समय में रेडक्रॉस आशा, करुणा और सहानुभूति का प्रतीक बनकर पीड़ितों के लिए संबल प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रेडक्रॉस संगठन भविष्य में भी इसी प्रकार मानव सेवा की भावना से प्रेरित होकर कार्य करते हुए जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. अग्रवाल ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई पर जताई खुशी

**देहरादून ।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने पहलगाम हमले के जवाब में भारत द्वारा की गई कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर पर खुशी का इजहार किया है। डा. अग्रवाल ने कहा है कि भारत की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास करती है। उन्होंने पीएम मोदी सहित सेना के जवानों को बधाई दी है।डा. अग्रवाल ने कहा कि यह भारत की कुटनीतिक जीत है, जिसमें वहां की जनता को नुकसान पहुंचाए बिना आतंकवाद पर गहरा प्रहार किया गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकियों और उनके समर्थकों को अपने यहां पनाह देता है, ऐसे में भारत के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेना ने जो साहसिक कार्रवाई करते हुए आतंकवाद पर चोट पहुंचाई है, वह सराहनीय है।डा. अग्रवाल ने पहलगाम हमले की जवाब में की गई कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लिये प्रधानमंत्री मोदी सहित सेना के जवानों को बधाई दी है।



# राष्ट्रीय खेल दिवस पर होगा खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास : रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** प्रदेश के पहले खेल विश्वविद्यालय के बनने का रास्ता साफ हो गया है। खेल विश्वविद्यालय एक्ट को बुधवार को राज्यपाल ने अधिसूचित कर दिया है।

प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस बाबत राज भवन ने पत्र जारी कर दिया है। खेल मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार आगामी राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश के पहले खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है ताकि राष्ट्रीय खेल दिवस से पहले सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा अवसर है क्योंकि प्रदेश में खेल विश्वविद्यालय बनने के बाद खिलाड़ियों के विकास और पढ़ाई के लिए बड़ा मंच उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी के गौलापार में इस विश्वविद्यालय की नींव रखी जाएगी और इसे जल्द से जल्द शुरू करने का प्रयास किया जाएगा। खेल मंत्री ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए जरूरी सभी मानको को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।



■ राजभवन ने खेल विश्वविद्यालय एक्ट को किया अधिसूचित

# घोड़े-खच्चरों को स्वस्थ बनाना प्रशासन की प्राथमिकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग पर लगातार बीमार हो रहे घोड़े-खच्चरों की समस्या को देखते हुए पशुपालन विभाग ने जांच और उपचार की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मंगलवार को केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने घोड़ा-खच्चर संचालकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना।

विधायक आशा नौटियाल ने संचाल. कों को आश्वासन दिया कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक विशेष टीम की ओर से घोड़े-खच्चरों का उपचार कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पशुपालन विभाग की 18 डॉक्टरों की टीम निगरानी में लगातार कार्य कर रही है। कहा कि सभी जानवरों को जल्द ही स्वस्थ कर यात्रा कार्य में लगाया जाएगा। उन्होने बताया कि घोड़े-खच्चरों के लिए चारे, गर्म पानी और आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडार मौजूद है। किसी भी संचालक को घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन पूरी तत्परता से उनके साथ खड़ा है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती ने कहा कि घोड़े-खच्चर केदारनाथ यात्रा का अभिन्न अंग हैं। हजारों लोगों की आजीविका इन्हीं पर निर्भर है। प्रशासन की प्राथमिकता सभी बीमार जानवरों को समय पर उपचार देकर स्वस्थ बनाना है, ताकि यात्रा बाधित न हो और संचालकों की आर्थिकी पर कोई प्रभाव न पड़े। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक लीलाधर ने बताया कि बीमार घोड़े-खच्चरों की स्थिति इक्वाइन इन्फ्लुएंजा और मौसम परिवर्तन के कारण उत्पन्न हुई है। गर्म जलवायु से अचानक ठंडे वातावरण में आने के कारण जानवरों की प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हुई है। पशुपालन विभाग की 18 डॉक्टरों की टीम लगातार जांच कर रही है। इसके अलावा, हिसार और पंतनगर से भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमें जनपद में पहुंच चुकी हैं। बताया कि 850 घोड़े-खच्चरों की जांच की गई और प्रक्रिया जारी है। जानवरों के सैंपल भी लिए जा रहे हैं ताकि सटीक उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि उचित दवा, आराम और देखरेख से जल्द ही सभी जानवर पूरी तरह स्वस्थ हो जाएंगे। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि प्रवीण भट्ट, घोड़ा-खच्चर यूनियन अध्यक्ष गोविंद सिंह रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष रामचंद्र गोस्वामी सहित अन्य मौजूद थे।



■ उपचार में जुटी 'हिसार व पंतनगर चिकित्सकों की टीम, घोड़े-खच्चर केदारनाथ यात्रा का अभिन्न अंग: खाती, केदारनाथ विधायक ने घोड़ा-खच्चर संचालकों से की मुलाकात

# सेना की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति मुर्मू के नाम से होगी बद्रीनाथ में पूजा: महाराज

■ पहलगाम हमले का माकूल जवाब दिया हमारी सेना ने

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, लोकनिर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने आपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि भारतीय सेना की इस बहादुरी और कौशल की कहानी ने देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि हमारी तीनों सेनाएं त्रिशूल हैं जिसने दुश्मन के घर में घूसकर उसे पहलगाम हमले का माकूल जवाब दिया है।

महाराज ने कहा कि पहले त्रेतायुग में हनुमान जी ने सर्जिकल स्ट्राइक कर दुश्मन को घर में घूसकर मारा और अब बालाकोट के बाद एक बार पुनः हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर सीमा पार बैठे आतंकवादियों के ठिकानों को चुन चुन कर तबाह किया है। उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं की सूझबूझ और पराक्रम से आज देश स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना की विजय के साथ-साथ यह ऑपरेशन देश की नारी का भी सम्मान है। इसलिए सेना की सुप्रीम कमांडर और देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम से कल 8 मई को भगवान बद्री विशाल में पूजा अर्चना की जायेगी।



# यूसीसी के तहत सब-रजिस्ट्रारों का प्रशिक्षण संपन्न

**नई टिहरी में हुआ सब-रजिस्ट्रारों का क्षमता विकास कार्यक्रम, यूसीसी लागू करने पर हुई व्यापक चर्चा आपदा प्रबंधन से लेकर ग्रामीण समस्याओं तक, जिलाधिकारी ने दिए फील्ड में बेहतर कार्य के निर्देश**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** बुधवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की उपस्थिति में नई टिहरी के करियर काउंसलिंग सभागार में एक दिवसीय सब-रजिस्ट्रार क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) उत्तराखण्ड-2024 के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य पंचायत पोर्टल, विभागीय योजनाओं और पोर्टल में किए गए नवीन बदलावों की विस्तृत जानकारी देना था। जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और प्रशिक्षण की महत्ता को रेखांकित करते हुए सब-रजिस्ट्रारों से पोर्टल के प्रत्येक पहलू को गंभीरता से समझने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी ने यूसीसी के क्रियान्वयन के दौरान सामने आ रही चुनौतियों पर खुलकर चर्चा करने और प्रशिक्षण सत्र में ही उनका समाधान सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे विभागीय स्थानांतरण से पहले अपनी पसंद के तीन स्थान चयनित करें और जहां भी तैनात हों, वहां पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें। साथ ही, उन्होंने आगामी मानस. न सीजन को देखते हुए सभी आवश्यक आपदा प्रबंधन तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाए और उनके साथ संवाद स्थापित कर तत्काल समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाओं की सुगमता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने फील्ड कर्मचारियों




को निर्देशित किया कि वे अपने भ्रमण कार्यक्रम गांवों में साझा करें, ताकि ग्रामीणों को अनावश्यक दौड़धूप न करनी पड़े। उन्होंने गरीब और वंचित वर्ग की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने, नेटवर्कविहीन गांवों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने और संभावित आपातकालीन आश्रयों की पहचान कर उन्हें चिन्हित करने को कहा। इसके अलावा, राशन की दुकानों के संचालन की निगरानी के निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी गांव में दुकान बंद मिले तो इसकी सूचना तत्काल दी जाए, ताकि आपूर्ति में व्यवधान न हो।

उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी अपने अनुभवों को गांवों में नए लोगों के साथ साझा करें और अपने व्यवहार तथा कार्यशैली से एक सकारात्मक छवि बनाएं। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे सरकार के प्रतिनिधि के रूप में ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करें, जिससे विभाग और सरकार की प्रतिष्ठा बढ़े।

अपर जिलाधिकारी ए.के. पाण्डेय ने प्रशिक्षण के दौरान यूसीसी के अंतर्गत आने वाली जनसमस्याओं की जानक. ारी ली और समाधान की दिशा में सुझाव दिए।

वहीं, डीपीआरओ एम.एम. खान ने बिना लागत वाली योजनाओं पर विशेष फोकस करते हुए उन्हें प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत संगठन के अध्यक्ष त्रिलोक पोखरियाल द्वारा जिलाधिकारी के सिविल सेवा दिवस पर दिल्ली में सहभागिता के लिए प्रशस्ति पत्र वाचन और अभिनंदन से हुई।

इस अवसर पर पीडी डीआरडीए पी. एस. चौहान, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सीमा रानी, आईटीडीए देहरादून से डेटा एनालिस्ट अंकित अग्रवाल सहित विभिन्न विकास खंडों के सब-रजिस्ट्रार व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम ने यूसीसी के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासनिक सुधार और जनसेवा को बेहतर बनाने की दिशा में एक ठोस पहल के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# मुख्य परीक्षाओं में शोधार्थियों की ड्यूटी लगाने का विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि से सम्बद्ध डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून में शोधार्थियों से मुख्य परीक्षा में ड्यूटी करवाए जाने पर छात्र संघ पदाधिकारी सहित आइसा छात्र संगठन ने विरोध जताया। इस बाबत को लेकर उन्होने बुधवार को गढ़वाल विवि के परिक्षा नियंत्रक से वार्ता कर ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में गढ़वाल विवि की छात्र प्रतिनिधि प्रियंका खत्री, कार्यकारिणी सदस्य शिवांक नौटियाल, आइसा छात्र संगठन के प्रवेश बुटोला, अरुणेश मिश्रा, प्रिंस वर्मा ने कहा कि गढ़वाल विवि से संबद्ध डीएवी महाविद्यालय में शोध छात्रों को विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षाओं में ड्यूटी करवाए जाने का मामला संज्ञान में आया है। कहा कि किसी भी शोध छात्र का प्राथमिक काम शोध करना है, लेकिन डीएवी महाविद्यालय इन शोध छात्रों से इंटरनल/सेशनल परीक्षाओं के बाद मुख्य परीक्षा में भी ड्यूटी पर लगाया जा रहा है। कहा कि यह प्रकरण शोध छात्रों के शोषण का विषय होने के साथ-साथ विश्वविद्यालय की परीक्षाओं की गोपनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह है। उन्होने परीक्षा नियंत्रक प्रो. जय सिंह चौहान से उक्त प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही करते हुए परीक्षाओं की गोपनीयता व शुचिता सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। कहा कि यदि जल्द से मांग पर कार्यवाही नहीं होती है तो आइसा छात्र संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# भूगोल विभाग की अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का ब्रौसर जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि के भूगोल विभाग में 46वीं आईआईजी वार्षिक बैठक और अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का ब्रौसर जारी किया है। कार्यक्रम के संयोजक एवं भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मोहन सिंह पंवार ने बताया कि गढ़वाल विवि के भूगोल विभाग में 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक प्रथम बार आईआईजी वार्षिक बैठक और अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला प्रस्तावित है। बताया कि सम्मेलन में गतिशील पृथ्वी, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर मंथन होगा और शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. एमएस पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय भूगोल संस्थान (आईआईजी) की 46वीं वार्षिक बैठक एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन की जिम्मेदारी इस बार गढ़वाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग को दी गई है। आगामी 25 से 27 अक्टूबर तक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन स्वामी मनमंथन प्रेक्षागृह में किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के प्रतिष्ठित भूगोलविद व पर्यावरण वैज्ञानिक भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बदलती तकनीक और सामा. जिक परिस्थितियां पर्यावरण पर गहरा असर डाल रही हैं। जहां एक ओर अत्याधुनिक तकनीकों ने जीवन को सरल बनाया है, वहीं दूसरी ओर इनसे उत्पन्न ''पर्यावरणीय संकट ने पृथ्वी प्रणाली व वैश्विक सामाजिक-आर्थिक ढांचे को प्रभावित किया है। प्रो. एमएस नेगी ने कहा कि यह सम्मेलन राज्य एवं विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और संवाद का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

# डीएम ने की समान नागरिक संहिता की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने जिले में समान नागरिक संहिता पोर्टल के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक की है। बुधवार को डीएम ने जिला मुख्यालय के वीसी रूम में आयोजित बैठक में समान नागरिक संहिता पोर्टल तथा पोर्टल पर विवाह के पंजीकरण के साथ ही विभागीय कार्मिकों के विवाह पंजीकरण की प्रगति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि 26 मार्च 2010 के बाद विवाहित जिले के सभी नागरिकों का यूसीसी पोर्टल पर पंजीकरण करने के कार्य में तेजी लाए। जिसके लिए नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को वार्ड स्तर पर पंजीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित




करने के साथ ही समस्त अधिशासी अधिकारी दैनिक प्रगति की रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी को उपलब्ध कराएं। ग्राम पंचायत स्तर पर यूसीसी के तहत पंजीकरण हेतु ग्राम विकास अधिकारी, सब रजिस्ट्रार, पटवारी और आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री की संयुक्त टीम बनाकर गांवों में भेजे जाने और पंजीकरण संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने यूसीसी पोर्टल पर विवाह पंजीकरण के लिए सीएससी के साथ ही अन्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से भी पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एस एल सेमवाल, अपर जिलाधिकारी पीएल शाह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएस रावत, परियोजना निदेशक डीआरडीए अजय सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी केसी बहुगुणा, खंड विकास अधिकारी अमित ममगई, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बाडाहाट शालिनी चित्रण सहित अनेक अधिकारीगण वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे।

## एक नजर.....

### छात्रावासों में प्रवेश के लिए ट्रायल 13 व 14 मई को

**कोटद्वार ।** प्रदेश के आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए जिला स्तर पर खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 13 व 14 मई को कोटद्वार स्थित राजकीय स्टेडियम में होगा। ट्रायल में 12 से 16 वर्ष के बालक बालिका भाग ले सकते हैं। यह जानकारी देते हुए स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी ने बताया कि ट्रायल में फुटबाल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, हाकी और बालीबाल आदि खेलों के खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। कहा कि ट्रायल के समय खिलाड़ियों को अपने सभी मूल प्रमाण पत्र साथ लाने आवश्यक हैं।

### पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने राइंका जयदेवपुर को भेंट किए पंखे

**कोटद्वार ।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति की ओर से नगरनिगम कोटद्वार के जयदेवपुर स्थित राजकीय इंटर कालेज को पंखे भेंट किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सोबेंद्र जोशी ने समिति का आभार व्यक्त किया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने कहा कि अब गर्मियों का मौसम आ गया है। ऐसे मौसम में बच्चों को पठन पाठन में दिक्कत न आए, इसलिए समिति ने विद्यालय को पंखे भेंट करने का निर्णय लिया। प्रधानाचार्य सोबेंद्र जोशी और अन्य अध्यापकों ने समिति के इस कार्य की सराहना करते हुए समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया ।

### पाकिस्तान पर की गई एयरस्ट्राइक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर मनाया जश्न

**कोटद्वार ।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर की गई एयरस्ट्राइक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने झंडाचौक पर एकत्रित होकर जश्न मनाया और आतिशबाजी की। पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर सेना की इस कार्रवाई का स्वागत किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह स्ट्राइक हमारे शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है और यह संदेश देती है कि भारत अब हर आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। यह स्ट्राइक ये भी दिखाती है कि देश का हर नागरिक, हर कार्यकर्ता, राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता के प्रति सजग और एकजुट है। कहा कि भारतीय सेना ने सही समय पर सही कदम उठाया है। इस दौरान उमेश त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष विकास दीप मित्तल, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा शान्तनु रावत, नवीन भट्ट, गजेंद्र रावत, पंकज भाटिया, मनोज पांथरी और सतीश गौड़ सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### पाकिस्तान पर की गई निर्णायक कार्रवाई पर विधानसभा अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं संग मनाया जश्न

**कोटद्वार ।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई सफल एयर स्ट्राइक के बाद पूरे देश में खुशी और गर्व की लहर दौड़ गई है। इसी क्रम में उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष एवं कोटद्वार क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर देश की इस ऐतिहासिक जीत का उत्सव मनाया। उन्होंने भारत माता की जय, वंदे मातरम और भारतीय सेना जिंदाबाद जैसे गगनभेदी नारों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की ।महाविद्यालय परिसर में मिठाइयाँ बाँटी गईं और देशभक्ति से ओत-प्रोत माहौल में तिरंगा लहराया गया । विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्रवाई भारतीय सेना के अदम्य साहस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व का प्रतीक है। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। हम हमारे वीर जवानों को कोटि-कोटि नमन करते हैं, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों को भी न्योछावर करने से परहेज नहीं किया। कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले का जवाब जिस साहस और रणनीति से दिया गया है, वह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की दृढ़ता को दर्शाता है।

### गुरिल्लों की मांगों पर कार्रवाई न होने पर रोष

**श्रीनगर।** गुरिल्ला संगठन ने बुधवार को उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। मीडिया प्रभारी अनिल भट्ट ने कहा कि आए दिन देश में कई आतंकवादी घटनाएं हो रही हैं। जब एस एस बी गुरिल्ला देश की सीमाओं पर रहता था उस वक्त देश की सीमाएं मजबूत थी लेकिन जब से एस एस बी गुरिल्लाओं को सरकार भूल रही है तभी से यह आतंकवादी घटनाएं अधिक देखने को मिल रही हैं। कहा कि सरकार जल्द से जल्द एस एस बी गुरिल्लों के बारे में सुध लेने की सोचे ताकि देश की सीमाओं पर किसी प्रकार का हस्तक्षेप न हो सके। मौके पर पुष्पा देवी, अनीता देवी, जानकी देवी, हिम्मत सिंह मेहर, बृजमोहन गुसाईं, राजेंद्र भंडारी, गीता देवी सहित आदि उपस्थित थे।

# 1971 में हुए युद्ध के तरह भारत पाकिस्तान को आईना दिखाएगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाते हुए पाकिस्तान के आतंकी कैंपों धवस्त कर दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव की वजह 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला है। इस हमले में आतंकियों ने पहलगाम में 26 पर्यटकों की बेरहमी से हत्या कर दी थी। भारत-पाकिस्तान के युद्ध को देखते हुए सेनाओं को अर्ल्ट मोड पर रखा गया है। भारत-पाकिस्तान-चीन युद्ध में भारतीय सेना के महायोद्धा रहें प्रेम सिंह पटवाल बताते है कि उन्होने



1959 में गोवा एक्शन युद्ध, 1962 में अक्टूबर और नवम्बर के बीच हुए भारत-चीन युद्ध, 1965 भारत-पाक युद्ध और 1971 में तीसरा भारत-पाकिस्तान युद्ध में वह सेना में रहकर अपने देशवासियों की सुरक्षा के लिए लड़ाई लडीघ् थी। बताया कि 1956 में उन्होने भारतीय सेना में शामिल हुए थे।

जिसमें वह इलेक्ट्रानिक्स और मैकेनिकल इंजीनियर्स कोर (ईएमई) में रहकर उन्होने चारों बड़े युद्ध में आगे रहकर वह युद्ध लड़े थे। बताया कि 28 साल की नौकरी में सबसे बड़े युद्धों के साक्षी बने थे। 90 वर्षियां प्रेम सिंह पटवाल बताते है कि यद्ध के समय अधिकांश समय पर वह टूपर टैंक में रहकर उन्होने युद्ध क्षेत्र सेना का नेतृत्व भी किया।

बताया कि जब भी युद्ध भूमि में वहानों के आयी टेक्निकल दिक्कतों को ठीक करना उनको संचालित कर उनकों युद्ध भूमि में उतारकर दुश्मनों को मौत के घाट उतरा।

बताया कि पहले हमारी सेना के पास के बंदुक और टूपर टैंक थे, जिनकी मदद से सेना युद्ध मैदान में उतरती थी। कहा कि बीते दिन पाकिस्तान में आतंकि ठिकानों में हुए भारतीय सेना ने जो ऑपरेशन चलाया है।

वह सेना के शौर्य को दरसाता है। बताया कि वह लगातार टेलिविजन पर भारत-पाकिस्तान के बीच हो रहें गतिविधियों को देख रहें है। कहा कि आज भारत के पास आधुनिक मिशाइले, टैंक, जेट फाइटर सहित शामिल है। कहा कि भारत एक बार फिर 1971 के तरह पाकिस्तान को करारी शिकस्त देगा।

# प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार ।** नगर निगम के अंतर्गत राजकीय इंटर कालेज सुखरौ में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड बोर्ड की हाई स्कूल व इंटर परीक्षा 2025 में प्रथम स्थान से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं और ससम्मान उत्तीर्ण छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महेंद्र अग्रवाल, मुख्य अतिथि केएस चौहान, सादर सिंह रावत, जगमोहन सिंह रावत और वर्तमान प्रधानाचार्य रवींद्र सिंह रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य रवींद्र रावत ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामना देने के साथ ही अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को निराश होने के बजाय भविष्य में अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि केएस चौहान ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने के साथ ही नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात वर्ष 2025 की हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम स्थान से उतीर्ण 18 और इंटर बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान से उतीर्ण 30 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर हाई स्कूल बोर्ड में ससम्मान उत्तीर्ण हुए 5 और इंटर बोर्ड परीक्षा में ससम्मान उत्तीर्ण हुए 3 छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीटीए अध्यक्ष कविता नेगी, एसएमसी अध्यक्ष अंजू भारद्वाज सहित संदीप बिष्ट, राकेश बिष्ट, धर्मेंद्र कंडारी, दीपक गुसांई और राकेश भट्ट आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# पुरस्कार वितरण समारोह का विधानसभा अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार ।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंतरसंकाय सांस्कृतिक प्रतियोगिता एवं वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण 2024दृ25 समारोह कार्यक्रम में आयोजित बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने डॉ पीतांबर दत्त बड़थ्वाल जी की मूर्ति पर श्रद्धांजलि अर्पित करी । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय में पढ़ाई के साथ साथ बच्चों को सांस्कृतिक प्लेटफार्म भी देना अनिवार्य है जिससे वह अपनी प्रतिभाओं को निखार सके । कहा शिक्षकों का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें निखारना होता है । उच्च स्तरीय शिक्षा में हमें पढ़ाई के साथ साथ जीवन की दिशा को भी समझना होता है जिससे हम अपने जीवन को सफल बना सके । अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने वर्ष 2023दृ24 में अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । साथ ही ऋतु खण्डूडी ने वर्ष 2025 की गणतंत्र दिवस की प्रेड में सम्मिलित हुए एनसीसी कैडेट को सम्मानित किया । इस अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के प्राचार्य डॉ डीएस नेगी, मण्डल अध्यक्ष कोटद्वार विकासदीप मित्तल, प्रेमा खंतवाल, हरि सिंह पुंडीर, नीना बेंजवाल, रजनी बिष्ट, आशा, पार्षद रजनीश बेबनी आदि लोग उपस्थित रहे ।

# गजा तहसील दिवस में सड़क, पानी और शिक्षा बनीं प्रमुख समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** गजा में आयोजित तहसील दिवस में जनसमस्याओं की भरमार देखने को मिली। अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित इस शि. विर में कुल 27 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें अधिकतर सड़क, शिक्षा और पानी से संबंधित थीं। एडीएम ने गंभीरता के साथ समस्याओं को सुना और कई मामलों में मौके पर ही समाधान कर संबंधित विभागों को निर्देशित किया, जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

यह तहसील दिवस कार्यक्रम शहीद विक्रम सिंह नेगी राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय जनता ने भाग लिया। फलसारी और बौर डांडा क्षेत्र से आए साहब सिंह चौहान और वीरेंद्र चौहान ने पावर ग्रिड की हाईटेंशन लाइन को आबादी क्षेत्र से हटाने की मांग रखी। वहीं, फलसारी के पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह ने स्थानीय जूनियर स्कूल में विज्ञान और गणित की शिक्षिका की स्थायी नियुक्ति की आवश्यकता बताई। कृदवाल गांव के रतन सिंह रावत ने प्राथमिक विद्यालय के वर्ष 2000 से 2017 तक के वित्तीय अभिलेखों की जांच कराने की मांग उठाई।

पोकरी बाजार में सीएसआर मद से सुलभ शौचालय और सोलर लाइट लगाने की मांग जोत सिंह असवाल ने की। शिखर स्कॉलर्स एकेडमी गजा के प्रधानाचार्य कुंवर खाती ने विद्यालय तक संपर्क मार्ग निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की आवश्यकता जताई। ग्राम दंदेली की अवंतिका ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने, धन सिंह सजवाण ने नहर निर्माण और कोटेश्वर घाट पर टिन शेड लगाने, बिरोगी के रतन रावत ने जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की जांच की मांग की।सिंगरूप चौहान ने मनरेगा के तहत कार्य के बाद भुगतान न होने की शिकायत की, जबकि सुनील चौहान ने गजा के वार्ड 2 के रास्ते के सत्यापन और भुगतान की मांग रखी।

ग्राम प्रशासक मीनाक्षी उनियाल ने बैरोला में बिजली आपूर्ति को सुचारू करने की बात कही। वहीं, सुरेंद्र नेगी ने बिमाण गांव में पुराने पेड़ों की लो. पिंग की मांग की।

इन सभी समस्याओं पर एडीएम अरविंद कुमार पांडेय ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कर जनसमस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस का उद्देश्य ही यही है कि आमजन की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और समाधान सुनिश्चित किया जाए।इस मौके पर एसडीएम देवेंद्र नेगी, नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर सिंह चौहान, एसडीओ रश्मि ध्यानी, तहसीलदार विनोद तिवारी समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# गुलदार का दिनदहाड़े हमला कॉलेज परिसर में दहशत

**देवप्रयाग कॉलेज मैदान में चर रही गाय पर गुलदार का हमला, छात्र-शिक्षक सहमे, महाविद्यालय परिसर में फिर दिखा गुलदार, पूर्व में छात्र बना था शिकार**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** देवभूमि की शांत तीर्थनगरी देवप्रयाग स्थित राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान में उस समय अफरातफरी मच गई जब एक गुलदार ने दिनदहाड़े चर रही एक गाय पर हमला कर दिया। यह घटना बुधवार दोपहर की है, जिसने कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ के बीच गहरी दहशत का माहौल पैदा कर दिया।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने बताया कि बुधवार दोपहर कॉलेज कर्मियों को खेल मैदान से गाय के तीव्र स्वर में रम्हाने की आवाज सुनाई दी। जब वे मौके पर पहुंचे, तो देखा कि एक गुलदार गाय पर हमला कर रहा है और उसे अपना शिकार बनाने की को. शिश कर रहा है। कर्मियों ने तुरंत शोर मचाना शुरू किया, जिससे घबराकर गुलदार गाय को अधमरा छोड़ जंगल की ओर भाग निकला। हमले में गाय के नाक और कान के हिस्से बुरी तरह जख्मी हो गए, जिससे वह लहूलुहान हो गई। घायल गाय को महाविद्यालय के कर्मचारियों ने तुरंत उपचार के लिए भेजा। इस हमले की घटना ने पूरे महाविद्यालय परिसर को भयभीत कर दिया है। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष भी इसी क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ था, जब गुलदार ने कॉलेज के ही छात्र अनुराग चौहान को अपना शिकार बना लिया था। इस घटना की पुनरावृत्ति ने विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिंता और बढ़ा दी है, विशेष रूप से तब, जब कॉलेज में आगामी दिनों में दो पारियों में परीक्षाएं आरंभ होने वाली हैं। गुलदार की गति. विधियों पर निगरानी के लिए वन विभाग द्वारा कॉलेज परिसर में एआई कैमरा लगाया गया है, जो गुलदार के सौ मीटर के दायरे में आते ही संबंधित अधिकारियों को मोबाइल अलर्ट देता है। रेंजर एम.एस. रावत ने बताया कि आवारा पशुओं की लगातार आवाजाही और कॉलेज परिसर में तारबाड़ न होने के कारण गुलदार को यहां आने में कोई कठिनाई नहीं होती। उन्होंने बताया कि वन विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जल्द ही आवश्यक सुरक्षा उपायों को और सुदृढ़ किया जाएगा।

# डीएम ने की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने मनरेगा के तहत प्राथमिकता के आधार पर साम. ुदायिक सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने मनरेगा के तहत जिले में चल रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की, जिसमें मानव दिवस सृजन, परिसंपत्ति निर्माण और श्रमिकों को समय पर मजदूरी का भुगतान शामिल था। जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं का परीक्षण कर कार्ययोजना तैयार करने के साथ ही सारा के अंतर्गत जल संरक्षण का कार्य किए जाने का प्रयास किया जाए। मनरेगा के अंतर्गत भूमि विकास, वृक्षारोपण, पारम्परिक जल स्त्रोतों, सिंचाई, नर्सरी और जल संरक्षण में चेकडैम, चाल खाल आदि क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से कार्य किए जाने के निर्देश दिए। जिले की 508 ग्राम पंचायतों में 1 लाख 35 हजार श्रमिक पंजीकृत हैं जिनमें से 1 लाख 10 श्रमिक सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मेरा गांव- मेरी सड़क की योजनाओं के प्रस्ताव रखे जाने के साथ ही चारधाम यात्रा मार्गों पर स्थानीय उत्पादों के बाजार तैयार कर महिला स्वयं सहायता समूहों को इससे जोड़े जाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एस एल सेमवाल, परियोजना निद. ेशक डीआरडीए अजय सिंह, जिला विकास अधिकारी रमेश चंद, मुख्य उद्यान अधिकारी डी के तिवारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एच एस बिष्ट सहित सभी खंड विकास अधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा के मद्देनजर टिहरी पुलिस सतर्क

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** राज्य में जारी चारधाम यात्रा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए टिहरी जनपद पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल के निर्देश पर मुनिकीरेती, चंबा और कीर्तिनगर थाना क्षेत्रों में पुलिस ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के सहयोग से व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत न केवल वाहनों की सघन जांच की गई, बल्कि चारधाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं को आवश्यक दिशा-निर्देश और महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गईं।यात्रा मार्गों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए पुलिस और आईटीबीपी की संयुक्त टीमें निरंतर गश्त कर रही हैं। पुलिस मीडिया सेल की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, वर्तमान में टिहरी जिले को दो प्लाटून आईटीबीपी बल की अतिरिक्त मदद प्राप्त हुई है, जिससे कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही यात्री सहायता और वाहन चेकिंग के कार्य में तेजी लाई गई है। चेकिंग के दौरान पुलिस की ओर से प्रत्येक वाहन और उसमें मौजूद यात्रियों की गहन जांच की जा रही है, ताकि कोई संदिग्ध गतिविधि या वस्तु पकड़ से बाहर न रह जाए।

अभियान के दौरान पुलिस ने चाल. कों को भी जागरूक किया। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे वाहन में केवल निर्धारित संख्या में ही सवारी बैठाएं और सुरक्षा नियमों का पालन करें।

विशेष रूप से हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, पर्याप्त विश्राम लेकर वाहन चलाने, वृद्धजनों और बीमार यात्रियों का ख्याल रखने, यात्री रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से कराने तथा अफवाहों से बचने की हिदायत दी गई। पुलिस ने यह भी अपील की कि सोशल मीडिया पर भ्रामक बयानबा. जी से परहेज करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

टिहरी पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह सतर्कता अभियान न केवल श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है, बल्कि यात्रा व्यवस्था को निर्बाध और शांतिपूर्ण बनाए रखने का भी प्रयास है।

पुलिस ने आम जनता और यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि चारधाम यात्रा सुखद और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके।

# आपदा से निपटने को किया गया मॉक ड्रिल

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य सरकार ने बुधवार को देहरादून जनपद में एक व्यापक सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस अभ्यास का उद्देश्य किसी आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देना और राज्य की तैयारियों की वास्तविकता परखना था। मॉक ड्रिल की मॉनिटरिंग देहरादून में स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से की गई।

ड्रिल के दौरान सचिव गृह शैलेश बगौली, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, और आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन स्वयं राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचे और सभी गतिविधियों की बारीकी से निगरानी की।

वहीं, जिलाधिकारी सविन बंसल और उनका प्रशासनिक दल जिला आपातकालीन केंद्र से वर्चुअल माध्यम से राज्य केंद्र से जुड़े रहे। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, यूएलएमएमसी के निदेशक शांतनु सरकार, मनीष कुमार भगत, रोहित कुमार, डॉ. वेदिका पन्त, डॉ. पूजा राणा, हेमंत बिष्ट, सुश्री तंद्रिला सरकार आदि मौजूद थे।



■ राज्य आपातकालीन केंद्र से की गई निगरानी, सचिव गृह, डीजीपी और आपदा प्रबंधन सचिव ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## ड्रिल का संचालन पूरी रणनीति के साथ

मॉक ड्रिल की शुरुआत तय समय से पूर्व सायरन बजाकर की गई। इसके बाद फोर्स को घटनास्थलों, स्टेजिंग एरिया, इंसीडेंट कमांड पोस्ट और राहत शिविरों से जोड़ा गया।

सचिव गृह बगौली ने जिलाधिकारी से सीधे संवाद कर यह जानकारी ली कि जैसे ही घटना की सूचना प्राप्त हुई, कितनी जल्दी टीमों को रवाना किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान घटना प्रतिक्रिया प्रणाली को सक्रिय किया गया। सचिव गृह ने बताया कि एक प्रभावी आपदा प्रबंधन ढांचा है, जिसके तहत हर विभाग और अधिकारी की पूर्व निर्धारित जिम्मेदारी होती है।

## रिजर्व संसाधनों की समीक्षा

पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने मॉक ड्रिल के फील्ड संचालन पर खास ध्यान दिया। उन्होंने अधिकारियों से रिजर्व उपकरण, एंबुलेंस, और राहत वाहनों की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति में ट्रैफिक संचालन बाधित न हो, इसकी पहले से व्यवस्था की जाए।

## गैप एनालिसिस और सुधार की दिशा

आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने मॉक ड्रिल के बाद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अभ्यास के दौरान जो भी कमियां और लूपहोल्स सामने आए हैं, उन्हें चिन्हित किया जाए।

इन पर डीब्रीफिंग सत्र आयोजित कर चर्चा की जाए और एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि भविष्य में आयोजित अभ्यासों में इन्हें सुधारा जा सके।

# नगर निगम जेब्रा फोर्स की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर आयुक्त के निर्देशों के क्रम में देहरादून शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाए जाने एवं आमजन को बेहतर यातायात सुविधा प्रदान किए जाने के उद्देश्य से गठित जेब्रा फोर्स नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत शहर के मुख्य मार्गों एवं फुटपाथों पर हुए अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है।

जोनल जेब्रा फोर्स की टीमों अब तक 508 व्यक्तियों/प्रतिष्ठानों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए रुव-282300/- का अर्थदंड वसूल करते हुए संबंधित अतिक्रमणकर्ता का सामान, 27 डिस्प्ले बोर्ड, 45 ठेली उठाते हुए निगम गोदाम में जमा कराया है। नगर आयुक्त की गठित टीमों को स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि शहर के मुख्य मार्ग एवं फुटपाथों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि देहरादून की सुंदर दून स्वच्छ दून की परिकल्पना को साकार किया जा सके।



■ अब तक 508 के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए रुव-282300/- का अर्थदंड वसूला

नगर आयुक्त ने जनता से अपील की गई है कि किसी व्यक्ति/ प्रतिष्ठान सार्वजनिक स्थल यथा पार्क, फुटपाथ, नदी, नाला आदि पर अतिक्रमण ना करें यदि किसके द्वारा किसी द्वारा सार्वजनिक संपत्ति को अतिक्रमित किया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# देहरादून के 294 हज यात्रियों का हुआ टीकाकरण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** हज यात्रा 2025 पर जाने वाले देहरादून के 304 में से 294 हज यात्रियों का टीकाकरण माजरा स्थित मदरसा जामिया उल उलूम में संपन्न हुआ। इस दौरान उत्तराखंड हज कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष खतीब अहमद, उत्तराखंड वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स, समाजसेवी डॉ एस फारूक,अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ खान व हज अधिकारी मोहम्मद अहसान ने हज पर जाने वाले हज यात्रियों को टीकाकरण की डोज देकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान हज यात्रियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। हज यात्रा पर जाने से पहले हज यात्रियों को टीकाकरण कराना अनिवार्य होता हैं। देहरादून के 294 हाजियों का टीकाकरण और प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान हज यात्रियों को हज अरकान की किताबे और हज की जानकारी दी गई।सभी ने हज यात्रियों को मुबारकबाद और उनकी यात्रा सफल होने की दुआए की । हज अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि देहरादून के चयनित 304 हाजियों में से 294 का टीकाकरण और प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया । हरिद्वार, पौड़ी, उधमसिंह नगर ,रामनगर नैनीताल ,हल्द्वानी,अल्मोड़ा, बागेश्वर, चम्पावत समेत अन्य स्थानों पर टीकाकरण कार्यक्रम हो चुका हैं । इस मौके पर हज समिति सदस्य इरशाद अहमद ,अब्दुल कादिर, मोहम्मद शाहिद, इजहार अहमद , पूर्व पार्षद आफताब आलम आदि मौजूद रहे। हाजियों की टीकाकरण के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से आई टीम मौजूद रही।



■ उत्तराखंड हज कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष खतीब अहमद, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स, समाजसेवी डॉ एस. फारूक व अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ रहे मौजूद

## बिजली गिरने से चकराता में बाधित हुई पेयजल आपूर्ति

**चकराता।** मंगलवार रात बिजली गिरने के कारण छावनी क्षेत्र चकराता में पेयजल आपूर्ति करने वाले दो ट्यूबवेल की मोटर जल गई। इससे बुधवार सुबह सिविल क्षेत्र में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो गई। हालात को देखते हुए सेना प्रशासन ने मुख्य पाइपलाइन से सैन्य क्षेत्र को दी जा रही जल आपूर्ति को अस्थायी रूप से सिविल क्षेत्र की ओर मोड़ दिया, जिससे स्थानीय जनता को राहत मिली। ब्रिटिश काल में बनी पाइपलाइन के जरिए आज भी सैन्य और सिविल क्षेत्र को जल आपूर्ति की जाती है। छावनी परिषद द्वारा सिविल क्षेत्र के लिए दो बोरवेल भी संचालित किए जा रहे हैं। परंतु मंगलवार रात मौसम बिगड़ने के बाद बिजली गिरने से दोनों बोरवेल की मोटरें जल गई, ।स्थिति की जानकारी मिलते ही छावनी परिषद सदस्य अनिल चांदना ने परिषद अध्यक्ष को अवगत कराया। इस पर अध्यक्ष ने तत्परता दिखाते हुए आदेश दिया कि जब तक बोरवेल की मोटरें दुरुस्त नहीं हो जातीं, तब तक सेना की मुख्य लाइन से मिलने वाला जल सिविल क्षेत्र को उपलब्ध कराया जाए, ताकि आमजन को कठिनाई न हो।

# उत्तराखंड को आदर्श राज्य बनाने की ओर बढ़ रहे कदमः धामी

**प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में अर्पित फाउंडेशन की और से आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सवा करोड़ जनता का है, जिन्होंने हर अहम फैसले में सरकार का साथ दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तराखंड में नकल और पेपर लीक जैसी घटनाओं से युवाओं का भविष्य अंधकार में डूबता था, लेकिन अब राज्य में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता से हो रही हैं। इसका ही परिणाम है कि बीते साढ़े तीन वर्षों में 23 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिल चुकी है।



■ मुख्य सेवक सदन में सम्मान समारोह में बोले मुख्यमंत्री, यह सम्मान राज्य की सवा करोड़ जनता का

## महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी योजना और संसद में महिलाओं को आरक्षण जैसे ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। इसी कड़ी में उत्तराखंड सरकार ने भी मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, महालक्ष्मी योजना, वात्सल्य योजना और आंचल अमृत योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

## समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य

मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है, जहाँ समान नागरिक संहिता लागू की गई है। इससे महिलाओं को समान अधिकार मिलने के साथ-साथ लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य कर उन्हें और बच्चों को कानूनी सुरक्षा प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ और आदर्श राज्य बनाना है और इस दिशा में लगातार ठोस निर्णय लिए जा रहे हैं।

इस अवसर पर स्वामी चिदानंद मुनि महाराज, स्वामी यतींद्रानंद गिरी, स्वामी कृष्ण गिरी, स्वामी भरत गिरी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जाजू, विधायक दुर्गेश्वर लाल, अर्पित फाउंडेशन की अध्यक्ष हनी पाठक सहित कई सामाजिक, सैनिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विकासनगर व सहसपुर पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** थाना विकासनगर व थाना सहसपुर पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान। विकासनगर पुलिस ने कस्बा बाजार, मदीना बस्ती, मुस्लिम बस्ती, कैनाल रोड, जीवनगढ, डाकपत्थर में की गई उल्लंघन कर्ताओं के विरुद्ध चालानी कार्यवाही 400 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया तथा 10 मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराये जाने पर चालान रूपये 100000 रूपये का जुर्माना किया तथा 15 चालान पुलिस अधिनियम में कर 3750 नगद वसूले गए। वहीं थाना सहसपुर पुलिस ने कस्बा सहसपुर, रामपुर, चोई बस्ती, महमूदनगर, शंकरपुर, सिघनीवाला, सभावाला, धर्मावाला में की गई उल्लंघन कर्ताओं के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की। पुलिस ने 205 व्यक्तियों का सत्यापन किया तथा 44 मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराये जाने पर चालान 4,40,000 रूपये का जुर्माना किया तथा 25 चालान पुलिस अधिनियम में कर 8750 नगद वसूले गए। तथा 25 व्यक्तियों को थाने पर लाकर पूछताछ की गई सही पाए जाने पर थाने से छोड़ा गया।

## अधीक्षण अभियंता पौड़ी ने किया दो मोटर मार्गों का निरीक्षण

**सहिया।** लोक निर्माण विभाग सहिया के अंतर्गत बांसू जखनौल मोटर मार्ग व हय्या अलसी सकनी मोटर मार्ग पर चल रहे सुधारीकरण व डामरीकरण कार्यो को लेकर बुधवार को अधीक्षण अभियंता पौड़ी ने दोनों मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरिक्षण के दौरान बांसू जखनौल मोटर मार्ग पर एक आध जगह पर खामियां पाई गई जिसमें मोटर मार्ग पर इन्टरलॉक टाईलो व नाली निर्माण के कार्य अधूरे पाए गए। जिसको जल्द ही पूरे करने के निर्देश दिए गए, वहीं अधीक्षण अभियंता पौड़ी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि आज लोनिवी सहिया के अंतर्गत दो मोटर मार्गो बांसू जखनौल व हय्या अलसी मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया जिसमें सुधारीकरण व डामरीकरण में कुछ कमियां पायी गयी बताया कि हय्या अलसी मोटर मार्ग पर स्लीप जोन पर दिवार और स्कवर सही ढंग से बनाने और साथ ही कार्य मे तेजी लाने के भी निर्देश दिए है।

# महाविद्यालय चकराता में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने और जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

विधायक ने कहा कि कभी चकराता के विद्यार्थियों को 12वीं के बाद आगे की पढ़ाई के लिए देहरादून का रुख करना पड़ता था, लेकिन उनकी सरकार द्वारा स्थापित इस महाविद्यालय ने आज क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा का सशक्त मंच प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय कम समय में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है, जो गर्व का विषय है। प्रीतम सिंह ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए अपने पिता, स्वर्गीय गुलाब सिंह द्वारा जौनसार क्षेत्र को जनजातीय क्षेत्र घोषित किए जाने की ऐतिहासिक पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह पहल आज क्षेत्रवासियों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का आधार बनी है।



महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आशुतोष शरण ने महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक उपलब्धियों की जानकारी दी। समारोह के दौरान विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवेश कुमार त्रिपाठी ने किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी, छात्र-छात्राएं तथा अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अन्तर कालेज प्रतियोगिता में दून पीजी के छात्रों ने लहराया परचम

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** दून (पीजी) कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी देहरादून के छात्रों ने ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी की और से आयोजित अंतर कालेज कार्यक्रम न्यूट्रीफेस्ट 2025 में अपनी छाप छोड़ी जिसमें ''अपशिष्ट से स्वास्थ्य'' थीम पर आधारित एक अनूठी प्रतियोगिता में दून (पीजी) कॉलेज के छात्रों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कालेज से राखी बिष्ट, पायल पाठक, आर्यन त्यागी और सुरेंद्र भनारिया की टीम ने खाद्य अपशिष्ट को रचनात्मक रूप से पौष्टिक उत्पादों में बदलकर निर्णायकों और उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। उनके अभिनव दृष्टिकोण ने न केवल उनके वैज्ञानिक ज्ञान को प्रदर्शित किया, बल्कि टिकाऊ खाद्य प्रथाओं पर भी जोर दिया। न्यूट्रीफेस्ट 2025 का उद्देश्य खाद्य स्थिरता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और खाद्य उपोत्पादों के अभिनव उपयोग को बढ़ावा देना था। दून कॉलेज की टीम की प्रविष्टि अपनी सरलता, पोषण मूल्य और प्रस्तुति के लिए सबसे अलग रही, जिससे उन्हें दूसरा पुरस्कार और 15,000 का नकद पुरस्कार मिला। दून (पीजी) कॉलेज के शिक्षकों और साथियों ने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और नवाचार के माध्यम से खाद्य अपशिष्ट को कम करने के महत्व को उजागर करने के उनके प्रयासों की सराहना की। कालेज की खाद्य प्रौद्योगिकी एक शिक्षिका ने कहा, ''यह जीत केवल छात्रों की जीत नहीं है, बल्कि व्यावहारिक शिक्षा और सामाजिक सरोकार के प्रति कॉलेज की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।




# ड्रीमर्स एड्यू हब में छात्रों को हवाई ड्रिल की दी गई ट्रेनिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** ड्रीमर्स एड्यू हब में 7 मई को होने वाले हवाई ड्रिल की छात्रों को इंस्टीट्यूशन के अध्यापकों ने प्रैक्टिस कराई गई। ड्रीमर्स एड्यू हब के संस्थापक श्री हरिओम चौधरी ने बताया कि 7 मई को हवाई हमले से बचने के लिए जो ड्रिल करवाई जा रही है उसकी ट्रेनिंग ड्रीमर्स एड्यू हब के सभी बच्चों को करा कर ट्रेंड किया गया,ताकि हम सुरक्षित रहें और मानसिक रूप से तैयार हों। उन्होंने इंस्टीट्यूशन के छात्रों को कहा कि घबराएं नहीं आप सभी लोग अपने अपने घर में भी सबको अवश्य जागरूक करें।

हवाई हमले से बचाव की चेकलिस्ट मोबाइल में सेव करके रखें। इस दौरान हरिओम चौधरी ने छात्र-छात्राओं को टिप्स देते हुए बताया कि अलर्ट और सतर्कता,एयर रैड सायरन की आवाज पहचानें,,मोबाइल या रेडियो पर सरकारी अलर्ट सुनें,अफवाहों पर विश्वास न करें, केवल आधिकारिक सूचना पर ध्यान दें।सुरक्षित स्थान (शरणस्थल),निकटतम बंकर या शरणस्थल की जानकारी रखें, अपने घर में मजबूत, बिना खिड़की वाला कमरा तैयार रखें,शरणस्थल तक जल्दी पहुँचने का रास्ता पहले से तय करें,जरूरी वस्तुएँ तैयार रखें, पीने का पानी (कम से कम 3 दिन का),सूखा भोजन (बिस्किट, ड्राई फ्रूट्स आदि), प्राथमिक चिकित्सा किट,टॉर्च और एक्स्ट्रा सेल , पोर्टेबल रेडियो

' जरूरी दस्तावेज (प्क, मेडिकल रिपोर्ट, बैंक डिटेल्स)

'मोबाइल चार्जर / पावर बैंक आदि सहित,अंधेरा और सुरक्षा, रात में सभी लाइटें बंद रखें (ब्लैकआउट) व बाहर तभी निकलें जब सरकारी निर्देश मिले,घायल हों तो प्राथमिक उपचार करें,संदिग्ध वस्तु या बम दिखे तो छुए नहीं ख्र पुलिस को सूचित करें। साथ में उपस्थित संस्था की अंकिता तनेजा मैम ने भी बताया कि किसी भी परिस्थिति में घबराएं नहीं और धैर्य के साथ सामना करना है।



## उत्तराखंड में आकाश और स्पेक्ट्रम एजुवेंचर्स ने किया जेईई कोचिंग का शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादूनः** भारत में टेस्ट प्रिपरेटरी सेवाओं की अग्रणी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने देहरादून स्थित स्पेक्ट्रम एजुवेंचर्स के साथ मिलकर इनविक्टस स्पेक्ट्रम की शुरुआत की घोषणा की है। यह एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक साझेदारी है, जिसका उद्देश्य देहरादून और समस्त उत्तराखंड के समर्पित जेईई अभ्यर्थियों को उच्च गुणवत्ता और परिणाम-उन्मुख कोचिंग प्रदान करना है।आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने कहा कि

हमारा हमेशा से यह विश्वास रहा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से संभावनाओं को प्रदर्शन में बदला जा सकता है। इनविक्टस स्पेक्ट्रम के शुभारंभ के साथ, हम अपनी अत्याधुनिक शैक्षणिक प्रणाली और व्यक्तिगत मार्गदर्शन को उत्तराखंड के होनहार इंजीनियरिंग अभ्यर्थियों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। यह साझेदारी क्षेत्रीय उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और देशभर के प्रतिभाशाली छात्रों के लिए अवसरों को खोलने का प्रतीक है।ष

उन्होंने कहा कि अब उत्तराखंड के छात्र जेईई की सर्वश्रेष्ठ तैयारी के लिए अपने राज्य से बाहर जाने को मजबूर नहीं होंगे ख्र उन्हें राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक संसाधन और स्थानीय व्यक्तिगत मेंटरशिप दोनों का लाभ अपने ही शहर में मिलेगा। इस मौके पर आकाश कोचिंग इंस्टिट्यूट राजपुर रोड ब्रांच के मैनेजर अखिलेश पुरोहित, आयुष भट्ट और अन्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने नाबालिग बच्ची को परिजनों से मिलाया

**रुद्रप्रयाग।** देश-विदेश से केदारनाथ यात्रा में पहुंच रहे श्रद्धालुओं सुरक्षा के लिये जनपद पुलिस प्रतिबद्ध है, सभी श्रद्धालु सहज तथा सुरक्षित रुप से अपनी यात्रा पूर्ण कराने के लिए जवान निस्वार्थ भावना से सेवा में तत्पर हैं, केदारनाथ यात्रा से वापस लौटते समय एक 10 साल की बच्ची लक्ष्मी मंगलम, पुत्री गिरीश, निवासी वरीयत, परमट्टिल हाउस, केरल गौरीकुंड से शटल पुल के बीच अपने परिजनों से बिछड़ गई थी। जिसकी सूचना बच्ची की माता सुनीता ने कोतवाली सोनप्रयाग पर दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित रुप से बच्ची की तलाश आरम्भ की, वायरलेस सेट एवं पीए सिस्टम के माध्यम से बच्ची की तलाश को लेकर अनाउंसमेंट किया गया तथा तलाश के लिए थाने से अलग-अलग टीमों को ढूंढखोज के लिये भेजा गया। अथक प्रयासों के बाद बच्ची को सोनप्रयाग के जटाशंकर चौक से सकुशल बरामद कर बच्ची की माता के सुपुर्द किया गया। बच्ची के मिलने पर बच्ची की माता ने पुलिस काधन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया।

# जेनिथ-2025 में तीन दिनों तक सजेगी गीत संगीत की महफिल

■ श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में भोजपुरी गाइका अनुपमा यादव, उत्तराखंड का पांडवाज बैंड देगा जोरदार प्रस्तुति, मुंबई का कशिश डीजे और बॉलीवुड सिंगर दर्शन रावल देंगे प्रस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** श्री गुरु राम राम यूनिवर्सिटी (एसजीआरआरयू) का प्रांगण तीन दिनों के लिए सुरों की महफिल से सजेगा। 9 से 11 मई 2025 तक आयोजित विश्वविद्यालय के वार्षिक फेस्ट जेनिथ-2025 में भोजपुरी, उत्तराखंडी, पंजाबी एवम बॉलीबुड गीत संगीत की झलक मिलेगी। श्री गुरु राम राय हेलीपेड में कार्यक्रम आयोजित होगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. लोकेश गंभीर ने दी।

श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज ने जेनिथ 2025 के सभी आयोजनकर्ताओं, कमेटी सदस्यों एवम छात्र छात्राओं को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अग्रिम शुभकामनायें दीं।

### बुधवार को एसजीआरयू के

सेमिनार हॉल में एक बैठक का आयोजन किया गया. विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. कुमुद सकलानी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्र छात्रों को विभिन्न संस्कृतियों को जानने समझने का अवसर मिलता है। कुलसाचिव डॉ. लोकेश गंभीर ने जानकारी दी कि 9 मई को भोजपुरी गाइका अनुपमा यादव और डी जे कशिश की धमाकेदार प्रस्तुति होगी। 10 मई को उत्तराखंड का प्रसिद्ध पांडवाज बैंड और पंजाबी सिंगर मनवीर सिंह प्रस्तुति देंगे.

### 11 मई को बॉलीवुड सिंगर दर्शन रावल की प्रस्तुति होगी।

श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के माननीय प्रेसिडेंट के सलाहकार जे. पी. पचौरी ने कहा कि इन तीन दिनों यूनिवर्सिटी में उत्साह, उमंग एवम सेलिब्रेशन का माहौल रहेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में प्रकृतिक आपदा को लेकर समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को आपदा प्रबंधन के सभागार में प्रकृतिक आपदा को लेकर नियंत्रण कक्ष समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने 12 बाढ़ चौकियां को भी 15 जून से पहले सक्रिय करने के निर्देश दिए, मानव संस्थान एवं आवश्यक उपकरणों पर चर्चा के साथ ही सभी एसडीएम को औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा समय रहते सभी छोटे बड़े नालों की सफाई जेसीबी से कराने को कहा है, ताकि वाटर लॉगिंग न हो और पानी की निकासी आसानी से हो सके. बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगर एवं ग्रामीणों क्षेत्रों में चिन्हांकन 29 स्थल जलभराव के है उनके भी समय रहते हुए सफाई करवाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही विभागीय नियंत्रण कक्षों की स्थापना एवं आपसी समन्वय पीडब्ल्यूडी, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य ओर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बाढ़ की स्थित में नदी तटवर्ती एव निचले स्तरों पर निवासरत आबादी का चिन्हांकन एवं अस्थाई आश्रय हेतु सुरक्षित स्थलों के चिन्हांकन समय रहते करने के निर्देश दिए और तटीय क्षेत्रों के साथ ही निचले क्षेत्रों में लाल मार्क लगवाने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने सिंचाई और पीडब्ल्यूडी विभाग को क्षतिग्रस्त कमजोर तटबंध कलवटो की मरम्मत कार्यों को जल्द करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आपदा से निपटने, लोगों को जागरूक करने तथा त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम 24X7 कार्य कर रहा है। कंट्रोल रूम में आम जनता की कॉल पर तुरंत एक्शन लेते हुए संबंधित डीडीएमओ के स्तर से समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसी भी आपदा के चलते कोई भी समस्या होने पर आम जनता आपदा कंट्रोल रूम दूरभाष नंबर 9528250926, 9068197350, 01334-223999 साथ हीं टोल फ्री नंबर 1077 पर भी कॉल कर अपनी समस्याएं दर्ज करवा सकते हैं, संबंधित विभागों के स्तर पर तुरंत समस्या का समाधान किया जाएगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, एसडीएम जितेंद्र कुमार, सीएमओ डॉ आर के सिंह, पीडी केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश, सीईओ केके गुप्ता, डीपीआरओ अतुल प्रताप सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सरिता पॉवर, एसडीआरएफ आशीष त्यागी, एनडीआरएफ आनंद सिंह आदि अन्य अधिकारी एव कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला प्रशासन ने बिना अनुमति संचालित आठ मदरसों को किया सील

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव में पुलिस प्रशासन की टीम ने अवैध मदरसों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान टीम ने बिना अनुमति संचालित आठ मदरसों को सील किया है। बुधवार को जिला प्रशासन के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ने बताया कि शासन के निर्देश पर पथरी क्षेत्र के गांव धनपुरा पदार्था वन गुर्जर बस्ती, बादशाहपुर, अम्बुवाला व इब्राहिमपुर में अवैध रूप से संचालित मदरसों की पहचान कुछ समय पहले की गई थी। इन मदरसों के संचालकों को पहले ही निर्देश दिए गए थे कि वे गैर-कानूनी ढंग से चल रहे मदरसों को बंद करें। हालांकि, आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने वाले मदरसों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है।उन्होंने बताया कि प्रशासन में स्पष्ट किया है कि बिना पंजीकरण व मान्यता के किसी भी शैक्षणिक संस्थान को संचालित नहीं करने दिया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया धनपुरा में एक मदरसे को पुलिस टीम के नेतृत्व में सील किया गया है। भारी पुलिस बल के साथ यह अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार से शुरू हुई इस कार्रवाई के तहत उन मदरसों को सील किया जा रहा है, जिनके प्रबंधकों ने वैधानिक कागजात उपलब्ध नहीं कराए। अब तक आठ अवैध मदरसों को सील कर दिया गया है। इस अभियान में प्रशासन और पुलिस की टीमें सक्रिय रूप से शामिल हैं। बिना अनुमति संचालित मदरसों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया टीम के साथ पुलिस शांति व्यवस्था के लिये तैनात की गई है।



# घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात व नकदी चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने बन्द घर का ताला तोड़कर लाखों की नगदी और ज्वैलरी चोरी करने के मामले में 48 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किए जेवरात व नकदी बरामद कर ली है। आरोपी ई-रिक्शा चलाता है और पहले भी चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। घटना वाले दिन सराय गांव में सवारी छोड़ने गया था। इसी दौरान शादी समारोह के शोर के बीच बंद घर में घुसकर लाखों की नकदी व जेवरात चोरी कर फरार हो गया था।



प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 मई को सराय निवासी अकरम ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर के गेट का ताला तोड़कर अलमारी में रखे पत्नि के सोने चांदी के जेवरात व 3.50 लाख रूपए चोरी कर लिए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल करते हुए सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना पर रेगुलेटर पुल से आगे बहादराबाद की तरफ जाने वाले रास्ते से बिलाल पुत्र याकूब निवासी मोहल्ला पावधोई ज्वालापुर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गहने तथा नगदी बरामद कर ली। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाने का काम करता है तथा स्मैक व शराब का आदी होने के कारण अक्सर चोरी कर अपना खर्चा पूरा करता है। घटना वाले दिन वह ई-रिक्शा में एक सवारी छोड़ने सराय गया था। जहां शादी समारोह होने व आसपास किसी के मौजूद न होने पर मौके का फायदा उठाकर उसने कमरों के ताले तोड़कर नगदी व ज्वेलरी चोरी कर ली। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक प्रतापदत्त शर्मा, कांस्टेबल रोहित कुमार, मनोज डोभाल शामिल रहे।

# प्रेस क्लब ने स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

## मेदांता अस्पताल नोएडा ग्रुप के चिकित्सकों ने 108 पत्रकारों व उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रेस क्लब में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा जांच शिविर का उद्घाटन हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण के सचिव मनीष सिंह, एसपी क्राइम जितेंद्र मेहरा, प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने फीता काटकर किया। प्रेस क्लब सभागार में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में मेदांता हॉस्पिटल नोयडा ग्रुप की चिकित्सा टीम ने पत्रकारों एवं उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों फिजिशियन डा. सैफ रहमान, डा. रमन यादव, डा. अनूप नेगी, डा. गुंजन एवं डा. दीक्षा ने 108 पत्रकारों व उनके पजिरनों की बीपी, शुगर, बीएमडी, ईसीजी, पीएफटी आदि की जांच की। एचआरडीए के सचिव मनीष सिंह ने कहा कि भागदौड़ वाले इस जीवन में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। छोटी से छोटी बीमारी का इलाज समय रहते किया जाना चाहिए। एसपी क्राइम जितेंद्र मेहरा ने कहा कि पत्रकार, पुलिस एवं विभिन्न क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे लोगों को स्वास्थ्य जांच अवश्य करानी चाहिए। शरीर स्वस्थ रहेगा तो बेहतर तरीके से अपने काम को अंजाम दिया जा सकता है। चिकित्सा शिविर अवश्य ही लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। पुलिस विभाग द्वारा भी जवानों की स्वास्थ्य जांच के लिए समय-समय पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रेस क्लब के माध्यम से सकरात्मक पत्रकरिता के साथ समाज के प्रति दायित्व का निर्वहन भी किया जा रहा है। चिकित्सा शिविर के आयोजन का उद्देश्य पत्रकारों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। बौद्धिक एवं शारीरिक रूप से पत्रकार 24 घंटे समाज हित में योगदान देते हैं। ऐसे में उनका शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहना जरूरी है। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी ने बताया कि पत्रकारों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेदांता व प्रेस क्लब के बीच एमओयू किए जाने के लिए विचार विमर्श किया जा रहा है। वरिष्ठ पत्रकार शिवशंकर जायसवाल एवं आदेश त्यागी ने कहा कि शरीर को रोग मुक्त रखना है, तो स्वास्थ्य जांच जरूरी करानी चाहिए। स्वास्थ्य जांच शिविर के संयोजक डा. शिवा अग्रवाल ने सभी अतिथियों और चिकित्सकों का आभार जताया और कहा कि उचित दिनचर्या और खानपान आदि नियमों का पालन कर स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। चिकित्सा शिविर के समापन पर श्रीगंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम ने पत्रकारों को गंगाजली एवं प्रसाद भेंट किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने एचआरडीए के सचिव मनीष सिंह व एसपी क्राईम जितेंद्र मेहरा को स्मृति चिन्ह, गंगाजली भेंटकर व पटका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मेदांता नोएडा ग्रुप के मैनेजर अनूप नेगी व नितिन शर्मा, जिला सूचना अधिकारी नदीम अहमद, मनोज गौतम तथा संजय आर्य, रजनीकांत शुक्ल, अविक्षित रमन, बृजेंद्र हर्ष, बालकृष्ण शास्त्री, राजेश शर्मा, कुमकुम शर्मा, डा. प्रदीप जोशी, लवकुमार शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, श्रवण झा, संजय आर्य, नाथीराम सैनी, विकास चौहान, मुदित अग्रवाल, महावीर नेगी, महेश पारीख, दयाशंकर वर्मा, अमित शर्मा, ललितेंद्र नाथ, सुनीलपाल, राजकुमार, सुमितयश कल्याण, हरीश, सुमित सैनी, सचिन सैनी, पुलकित शुक्ला, वैभव भाटिया, विकास कुमार आदि पत्रकार मौजूद रहे।



# धोखाधड़ी के मामले में फरार पांच हजार के इनामी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना कनखल पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे पांच हजार के ईनामी को गिरफ्तार कर लिया है। वर्ष 2003 से फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी किए गए थे। 9 जनवरी 2003 को कनखल के मौहल्ला शिवपुरा निवासी कुलदीप सिहं पुत्र बिक्रम सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देकर सानू कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी जैतपुर नई दिल्ली के खिलाफ इनोवा कार दिल्ली ले जाने और वापस नहीं करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी सानू की गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी। लेकिन वह बार-बार अपनी लोकेशन बदलता रहा और पुलिस के हाथ नहीं आया। पुलिस के न्यायालय में चालान पेश करने के बाद भी वह हाजिर नहीं हुआ। इस पर कोर्ट से उसकी गिरफ्तारी के वारंट जारी किए। वारंट जारी होने के बाद लगातार फरार रहने पर एसएसपी ने उस पर पांच हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था। आरोपी की तलाश में लगी पुलिस ने सोमवार को उसे बैरागी कैंप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में थाना प्रभारी चन्द्रमोहन सिंह, एसएसआई रमेश कुमार सैनी, कांस्टेबल दीपक कुमार, सतेंद्र रावत व सीआईयू कांस्टेबल वसीम शामिल रहे।



## अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने की आपरेशन सिंदूर की प्रशंसा

# उन्होंने हमारा सिंदूर मिटाया, ऑपरेशन सिंदूर ने उन्हें मिटाया : श्रीमहंत रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्रपुरी महाराज ने 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा की है। सेना की कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए अखाड़ा परिषद ने कहा कि उन्होंने हमारा सिंदूर मिटाया। ऑपरेशन सिंदूर ने उन्हें मिटा दिया। एसएमजेएन कालेज में पत्रकारों से बात करते हुए श्रीमहंत रविन्द्रपुरी ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को पुनः स्थापित किया है। यह ऑपरेशन न केवल हमारी सेना की अदम्य शक्ति और सामरिक कुशलता का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प और मार्गदर्शन में भारतीय सेना ने आतंकवादियों को उनके ठिकानों पर निशाना बनाकर देश की आन-बान-शान को अक्षुण्ण रखा है। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। श्रीमहंत रविन्द्रपुरी ने भारतीय सेना के शौर्य और समर्पण को सलाम करते हुए देशवासियों से अपील की कि वे इस कठिन समय में एकजुट होकर सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति का आधार शांति और सहअस्तित्व है, किन्तु जब बात राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान की आती है, तो हमारा साहस और शक्ति विश्व के सामने स्पष्ट होती है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद इस ऐतिहासिक कार्रवाई के लिए भारतीय सेना, वायुसेना, नौसेना और सरकार को बधाई देता है और देश की एकता व अखंडता के लिए निरंतर समर्थन का संकल्प दोहराता है। पत्रकारवार्ता के बाद श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज व एसएमजेएन कालेज के प्राचार्य डा. सुनील बत्रा ने छात्र छात्राओं के साथ कालेज परिसर में तिरंगा यात्रा भी निकाली।



# अज्ञात बदमाशों ने दुकान का ताला तोड़ने का किया प्रयास, सीसीटीवी में हुई घटना कैद



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र स्थित कस्बा स्थित मुख्य मार्ग साई मंदिर के पास कन्फेक्शनरी की दुकान में अज्ञात चोरों ने मंगलवार की रात में ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। वारदात की पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सीसीटीवी की फुटेज में तीन हथियारबंद दुकान का ताला तोड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। परन्तु बदमाश दुकान का ताला तोड़ने के प्रयास में सफल नहीं हो सके। दुकान मालिक ने उक्त घटना की जानकारी चौकी पुलिस बहादराबाद को दी। पुलिस ने जानकारी लेकर जांच प्रारंभ कर दी है।

# गुरु कृपा से ही मिला पद प्रतिष्ठा और सम्मान : डा. संतोषानंद देव

## श्री अवधूत मंडल आश्रम में श्रद्धा व उल्लास से मनाई गई म.मं. स्वामी सत्यदेव की पुण्यतिथि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री अवधूत मंडल आश्रम के ब्रह्मलीन पीठाधीश्वर महंत महामंडलेश्वर स्वामी सत्यदेव महाराज की 21वीं पुण्यतिथि महामंडलेश्वर स्वामी संतोषानंद देव के संयोजन में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। खास बात यह है कि इसी दिन स्वामी संतोषानंद देव को उत्तराधिकारी महंत चुना गया था। महामंडलेश्वर सत्यदेव महाराज की पुण्यतिथि तिथि पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित हुए सभी संतों ने एकस्वर में आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार के आपरेशन सिंदूर की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। महामंडलेश्वर स्वामी डा. संतोषानंद देव ने गुरू की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु की कृपा से ही उन्हें पद प्रतिष्ठा और सम्मान मिला है। आज वे जिस मुकाम पर पहुंचे हैं। यह उनके गुरु का आशीर्वाद का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति में गुरु को एक परम भाव माना गया है। जो कभी नष्ट नहीं हो सकता। इसीलिए गुरु को व्यक्ति नहीं अपितु विचार की संज्ञा दी गयी है। उन्होंने कहा कि गुरु वह है, जिसमें जीवन से अज्ञान का अंधेरा हटाने की सामर्थ्य निहित हो। भारतीय मनीषियों के मुताबिक जो स्वयं में पूर्ण होगा, वही दूसरों को पूर्णत्व की प्राप्ति करवा सकता है। शिष्यों के जीवन को सही राह पर ले जा सकता है। कुसंस्कारों का परिमार्जन, सदगुणों का संवर्धन एवं दुर्भावनाओं का विनाश कर सकता है। भारतीय इतिहास में गुरु की भूमिका सदा से समाज को सुधार की ओर ले जाने वाले मार्गदर्शक के साथ क्रान्ति को दिशा दिखाने वाली रही है। इस अवसर पर साध्वी नेहा आनंद, क्रियायोग आश्रम ऋषिकेश के म. मं. स्वामी शंकरानन्द, भारत माता मंदिर के प्रबंधक म.मं. ललितानंद गिरी, स्वामी नारायण आश्रम के महंत हरिवल्लभ शास्त्री, स्वामी रघुवीर दास, स्वामी गिरजानंद, स्वामी अमृतानंद बर्फानी बाबा, स्वामी ओमप्रकाश, स्वामी श्यामदास, स्वामी निर्मलदास महाराज, अग्रेश मुनीम, पं.राजेन्द्र अवस्थी सहित अन्य गणमान्य संत महंत उपस्थित रहे।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरिद्वार में आयोजित योग शिविरों में विभिन्न समुदायों की भागीदारी

# योग अच्छी सेहत के साथ देता है भाईचारे का संदेश : डा. अवनीश उपाध्याय

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरिद्वार में आयोजित विभिन्न योग कार्यक्रमों एवं शिविरों में समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। विशेष रूप से मुस्लिम समाज के प्रतिभागियों की उल्लेखनीय उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि योग अब धर्म और समुदाय की सीमाओं से परे एक स्वास्थ्य और एकता का माध्यम बन चुका है। राष्ट्रीय आयुष मिशन, हरिद्वार के नोडल अधिकारी डॉ. अवनीश उपाध्याय ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में आयुर्वेद और योग के प्रति आमजन का रुझान तेजी से बढ़ा है। उन्होंने कहा, ष्हरिद्वार स्थित आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों की ओर लोगों का विश्वास बढ़ा है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि यह समाज में भाईचारे, शांति और समरसता का संदेश भी देता है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, सालियर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. नवीन दास ने जानकारी दी कि सालियर में प्रतिदिन आयोजित होने वाले योग शिविरों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी है। योग शिविर में शामिल हुए प्रतिभागियों में से अकरम, शमीमा, कय्यूम और सफीना ने भी अपने अनुभव साझा किए। अकरम बताते हैं, ष्पहले मैं तनाव, थकावट और नींद की समस्या से परेशान था। योग करने के बाद अब मैं खुद को शांत, सक्रिय और ऊर्जावान महसूस करता हूं। योग ने मेरी दिनचर्या को संतुलित किया है और मानसिक स्थिति को भी बेहतर बनाया है। कयूम का अनुभव भी कुछ ऐसा ही है। वे कहते हैं, ष्योग से पहले मेरी दिनचर्या अनियमित थी और मैं जल्दी चिड़चिड़ा हो जाता था। अब मैं खुद को बेहतर ढंग से समझ पाया हूं। योग ने आत्मनियंत्रण, अनुशासन और मानसिक स्पष्टता दी है। सफीना ने मुस्कुराते हुए बताया, ष्योग ने न केवल मेरे शरीर को स्वस्थ बनाया है, बल्कि मन को भी शांत किया है। पहले छोटी-छोटी बातों पर झुंझलाहट हो जाती थी, अब सब्र और संतुलन आ गया है। घर-परिवार संभालना अब पहले से आसान लगता है। इन सभी प्रतिभागियों के अनुभव इस बात की पुष्टि करते हैं कि योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य का भी आधार है। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. स्वास्तिक सुरेश ने कहा, ष्योग न किसी धर्म से बंधा है और न ही किसी वर्ग से। यह भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत है, जिसे सभी नागरिक आत्मसात कर सकते हैं। हरिद्वार में आयुष विभाग की पहल से सभी वर्गों को जोड़ने की दिशा में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। हरिद्वार में इस बार योग दिवस एक स्वस्थ शरीर के साथ-साथ भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का भी प्रतीक बनकर उभरा है।



## मकान मालिक से एक करोड़ की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति के मकान में किराये पर स्पा सेंटर चलाने वाले पिता–पुत्री और दामाद की तिकड़ी ने न सिर्फ किराया देने से बचती रही, बल्कि पांच साल तक भरोसे में लेकर एक करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर डाली। फ्रेंड्स कॉलोनी, दो नहरिया, मल्ला बमौरी, भोटियापड़ाव निवासी शेर सिंह रावत ने भोटियापड़ाव थाने में दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2018 में भुवन चंद्र पंचोली, उसकी बेटी पूजा उपाध्याय और दामाद प्रकाश उपाध्याय ने उनका भवन 25 हजार मासिक किराए पर लेकर उसमें एंजेलिक यूनीसेक्स सैलून एंड स्पा खोला था। शुरुआती महीनों से ही आरोपी किराया समय पर नहीं दे रहे थे और धीरे–धीरे पारिवारिक रिश्ते बनाकर काम की दुहाई देते हुए उधार में लाखों रुपये ले लिए। शेर सिंह ने बताया कि 30 लाख रुपये उन्होंने निजी उधार लेकर दिए। बाद में प्रकाश उपाध्याय ने ट्रैवल एजेंसी खोलने की सलाह दी, जो शेर सिंह की पत्नी के नाम से खोली गई लेकिन संचालन पूरा प्रकाश के हाथ में था।

# देहरादून में मॉक ड्रिल के दौरान बजे एयर रेड सायरन

## एसडीआरएफ और पुलिस रही हाई अलर्ट पर

■ शाम 4:12 बजते ही शहर के नौ महत्वपूर्ण स्थानों पर एयर रेड सायरन बजाए गए, प्रभावी प्रतिक्रिया प्रणाली की हुई जांच

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में मंगलवार शाम आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिए एक व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया प्रणाली की जांच करना तथा आम जनता को आपदा से संबंधित सावधानियों के प्रति जागरूक करना था।

मॉक ड्रिल के तहत शाम 4:12 बजे शहर के नौ महत्वपूर्ण स्थानों पर एयर रेड सायरन बजाए गए, जिसमें आराघर चौकी, धारा चौकी, एनआईईपीवीडी परिसर, कलेक्ट्रेट और लक्खीबाग पुलिस चौकी




शामिल थीं। सायरन बजते ही देहरादून पुलिस, (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल), सिविल डिफेंस और अन्य राहत एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं और रेस्क्यू कार्य शुरू कर दिया गया। सिविल डिफेंस और होमगार्ड्स के स्वयंसेवकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और लोगों को जागरूक करने के लिए पर्चे भी वितरित किए।

### लोगों को निकाला गया सुरक्षित स्थानों पर

सायरनों के बजने के बाद सरकारी भवनों, बहुमंजिला रिहायशी इमारतों और अन्य सार्वजनिक स्थलों से लोगों को बाहर निकालने का अभ्यास किया गया। उन्हें पहले से चिन्हित सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया। यह सब कार्य पूरी सुरक्षा व्यवस्था और आपदा प्रोटोकॉल के अनुसार किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान नागरिकों को बताया गया कि यदि भविष्य में किसी युद्धकालीन स्थिति, हवाई हमले या प्राकृतिक आपदा के चलते एयर रेड सायरन बजते हैं, तो उन्हें किस प्रकार की सावधानियां बरतनी चाहिए: सुरक्षित स्थान पर तुरंत शरण लें। बिजली उपकरणों को बंद करें। ब्लैकआउट की स्थिति में मोबाइल टॉर्च, रेडियो, और प्राथमिक उपचार किट पास रखें। अफवाहों से बचें और केवल सरकारी सूचना पर विश्वास करें। साथ ही लोगों को बताया गया कि किन वस्तुओं को ब्लैकआउट या आपदा के समय पास में रखना चाहिए और किन वस्तुओं से परहेज करना जरूरी है।

### भविष्य में संवेदनशील इलाकों में भी लगेंगे सायरन

प्रशासन का कहना है कि इस तरह की मॉक ड्रिल नियमित रूप से कराई जाएंगी ताकि किसी भी आपदा के समय जानमाल की हानि को न्यूनतम किया जा सके। इसके अलावा योजना बनाई जा रही है कि आपदा संवेदनशील इलाकों में भी एयर रेड सायरन लगाए जाएं, जिससे हर नागरिक समय रहते सचेत हो सके।

### मौसम विभाग ने भी जारी किया है अलर्ट

इसी बीच मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले दो दिनों तक देहरादून समेत कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है। गदेरों और नालों का जलस्तर बढ़ सकता है, और पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी की भी आशंका जताई गई है। ऐसे में मॉक ड्रिल को समय रहते किया गया एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ा जाएगा: आजाद अली



■ 2027 में सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी पार्टी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** जन अधिकार पार्टी –जनशक्ति के संगठन विस्तार को लेकर बुधवार को एक बैठक माजरा में राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विधिक प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन को व देहरादून महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी शाह आलम को दी गई। नभ बंसल को पछूवादून का अध्यक्ष बनाया गया।

पार्टी की सदस्यता लेने वालों को राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली, राष्ट्रीय महासचिव हेमा भण्डारी, प्रदेश सचिव प्रियंका रानी और पार्टी के नेता तरुण कौशिक ने सबको माला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली ने कहा कि जन अधिकार पार्टी– जनशक्ति 2027 में सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी। जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ा जाएगा। पार्टी का उद्देश्य जाति धर्म की राजनीति से हटकर जनता के मुलभुत मुद्दे और उन्हें पूरा करना रहेगा। पार्टी उत्तराखंड में जनता के लिए तीसरा विकल्प बनेगी।

सदस्यता लेने वालों में अंकित कुमार, पूजा गर्ग, अमित वर्मा, अंकित कुमार, एस एस खान, के सी तिवारी, दानिश सैफी, गुलफाम मलिक, जावेद अख्तर, अब्दुल जब्बार, शाह आलम, फिरोज मलिक, समीर, गुलाब मलिक, परवीन कुमार, सुहेल राजपूत, राहिल राव, एडवोकेट मोहमद दानिश, एडवोकेट एजाज, एडवोकेट सुभान, एडवोकेट आलिया मलिक, सोएब अली, एडवोकेट आशीष सैनी, एडवोकेट विनय व आसिफ आदि मौजूद रहे।

# आप्रेशन सिंदूर: हर कोई बोल उठा, भारत की सेना पर सबको गर्व

## हमारे जांबाज सैनिकों ने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा: माहरा



■ आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई संकल्प और देशभक्ति का परिचय, आतंकवाद के खिलाफ हर ठोस कदम का समर्थन करती है कांग्रेस: करन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई साहसिक और निर्णायक कार्रवाई पर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि, भारतीय सशस्त्र बलों की और से ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई साहसिक और निर्णायक कार्रवाई पर उत्तराखंड कांग्रेस ही नहीं बल्कि देश का प्रत्येक नागरिक गर्व महसूस कर रहा है। हमारे वीर जवानों ने जिस प्रकार साहस, संकल्प और देशभक्ति का परिचय दिया, वह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दिन से ही कांग्रेस पार्टी ने सशस्त्र बलों और सरकार के साथ स्पष्ट रूप से एकजुटता दिखाई है और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर ठोस कदम का समर्थन किया है। भारत की राष्ट्रीय नीति आतंकवाद के विरुद्ध पूरी तरह स्पष्ट और अडिग है। आज जब देश की एकता और अखंडता को गंभीर चुनौतियाँ मिल रही हैं तब सबसे अधिक आवश्यकता एकजुट होकर खड़े होने की है।

उत्तराखंड कांग्रेस अपने वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उनके बलिदान को नमन करती है। 1965, 1971 और 1999 के भारत–पाक युद्धों में भारतीय सेना का इतिहास इस बात का साक्षी है कि हमारे जाँबाज सैनिकों ने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा और देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटे।

## आप्रेशन सिंदूर–मोदी है तो मुमकिन है: डॉ. बंसल

■ कहा–भारत की सेना पर हम सबको गर्व

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय सह–कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डॉ. नरेश बंसल ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले में हताहत हुए भारतीय नागरिकों का बदला लेते हुए



6 मई की रात्रि को भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान में आंतकवादी ठिकानों पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना की तारीफ की है। उन्होंने इसे देश के लिए गर्व का पल बताया है। उन्होंने प्रधानसेवक नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे हुए इस ऑपरेशन सिंदूर की भूरी भूरी प्रशंसा की है।

भारत की तीनों सेना थल, जल और नभ सेना ने 6 मई को यह करके दिखाया और पाकिस्तान के 9 आतंकवादी अड्डों को नेस्तानाबूद किया। उन्होंने कहा कि मोदी जो कहते है वो करते हैं। भारत की सेना पर सबको गर्व है।

## आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर सेना ने भारत का मान बढ़ाया : कुसुम

**देहरादून।** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या के बदले में भारतीय सेना ने श्ऑपरेशन सिंदूरश के जरिए पहलगाम हमले का बदला ले लिया है, और पूरे देश में सेना और सरकार के इस एक्शन को सराहा जा रहा है। जिस पर उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने भी श्ऑपरेशन सिंदूरश की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों के सिन्दूर के बदले में श्ऑपरेशन सिन्दूरश पर सेना की सराहनीय कार्रवाई है। हम सभी भारतवासियों की प्रार्थना व एकता देश के सैनिकों के साथ है। एक राष्ट्र के तौर पर हम सभी भारतवासी एक साथ खड़े हैं। उन्होंने देश के ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सैनिकों की इस कार्रवाई की जमकर तारीफ की है व भारतीय सेना के शौर्य को सराहा है और कहा है कि इस जवाबी सैन्य कार्रवाई में भारतीय वीर जवानों ने पाक अधिकृत कश्मीर में ताबड़तोड़ हमले कर आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर उनकी कमर तोड़ दी। भारत की सेना देश को आंख उठा कर देखने वालों को उनकी ही भाषा मे कड़ा जवाब देती है।

## पाकिस्तान को मिला करारा जवाब: रावत

■ पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक से झूमे उत्तरकाशीवासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिले के भ्रमण पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़इच्छा के कारण आज पाकिस्तान में आतंकवादियों को करारा जवाब दिया गया है। आज पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है।
मोदी के नाम आतंकवादी थर–थर कांप रहे हैं। भारत की ओर आंख दिखाने वालों को सौ बार सोचना पड़ेगा। यह मोदी का नया भारत है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में बेकसूर भारतीय लोगों की मौत से पूरा देश गुस्से में था।



भारतीय सेना ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई करने पर उत्तरकाशी वासियों ने सेना और पीएम मोदी के नारे लगाए है।

बुधवार को भाजपा कार्यालय ज्ञानसू उत्तरकाशी पार्टी कार्यकर्ताओं ने गंगोत्री हाईवे पर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए भारतीय सेना द्वारा सिंदूर ऑपरेशन लॉन्च के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित कुल 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक से झूम उठे है।

## पाक से मिलता है आतंकियों को खाद–पानी: कादरी

**देहरादून।** ओप्रेशन सिंदूर के तहत गुलाम कश्मीर के आतंकी ठिकानों पर किए गए 9 जगहों पर हमलों के सम्बन्ध में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के प्रदेश अध्यक्ष सैयद अशरफ हुसैन कादरी ने कहा कि ये बात दुनिया का हर शख्स जानता है, कि पाकिस्तान आतंकवाद को हमेशा बढ़ावा देता रहा है। आतंकवाद के नाम पर चलने वाले दर्जनों संगठन के मुख्यालय भी पाकिस्तान में है। और इन संगठनो के मुखिया भी पाकिस्तानी है, यही वजह है कि पाकिस्तान हमेशा आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए खाद व पानी देने का काम करता है।

## भारत की तरफ जो भी आंख उठेगी, उसे फोड़ने का दम रखता है भारत: हरीश

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** पूर्व सीएम हरीश रावत ने आप्रेशन सिंदूर के सफल होने पर कहा कि इंडियन आर्मी, आपने फिर से यह स्थापित कर दिया कि भारत की तरफ जो भी आंख उठेगी, उस आंख को फोड़ने का भारत दम रखता है। आपने हमारे गौरव को ऊंचा उठाया है।

हमारी बहनों–बेटियों का सिंदूर लूटोगे और भारत चुप रहेगा, हमारी सेना ने यह दिखा दिया कि आतंक और आतंकवादी कहीं हों, दुनिया के किसी कोने में हों, हम वहां भी उनको



नहीं छोड़ेंगे। आतंकवाद पर यह प्रहार, उसके लिए मैं भारतीय सेना को बहुत–बहुत बधाई देता हूं। हम सब एक हैं। सारा भारत एक है।

हमें उम्मीद है पाकिस्तान ने कुछ और हठधर्मी दिखाई तो फिर हमारा लक्ष्य अब केवल वह मस्जिद सुभान अल्लाह नहीं होगी जहां से आतंकवादी तैयार करके भारत के अंदर चाहे संसद भवन हो, चाहे मुंबई हो या कहीं भेजे जाते थे, आज जैश के हेड क्वार्टर पर हमला करके भारतीय सेना ने जैश–ए–मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों को चुनौती दी है कि या तो दुम दबा करके कहीं किसी बिल में घुस जाओ नहीं तो तुम्हारा अब कोई ठिकाना नहीं है, अब तुम्हें कोई नहीं बचा सकता है।

## सभी देशवासी सेना के साथ: जमीअत

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** जमीयत उलमा–ए–हिंद उत्तराखण्ड के अध्यक्ष मौलाना हुसैन अहमद ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत की और से की गई सैन्य कार्रवाई पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जमीयत उलमा–ए–हिंद देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के मुद्दे पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं कर सकती। यदि पाकिस्तान की ओर से कोई युद्ध थोपने की कोशिश की जाती है, तो हम स्पष्ट और दो टूक शब्दों में यह ऐलान करते हैं कि पूरा देश, सभी धर्मों के लोग और विशेष रूप से मुसलमान, अपनी सेना के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। भारत हमारा वतन है, इसकी रक्षा करना हमारी राष्ट्रीय और संवैधानिक जिम्मेदारी है। जमीयत उलमा–ए–हिंद ने हमेशा देशभक्ति, शांति और एकता का संदेश दिया है और आज जब हमारी सीमाओं पर खतरा मंडरा रहा है, तो हम अपनी सेनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने की घोषणा करते हैं। हमारी सेना हर प्रकार का जवाब देने में सक्षम हैं।

## हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण शिविर

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** तस्मिया आल इंडिया एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी ने हज 2025 के यात्रियों के लिए तस्मिया ऑडिटोरियम 2–टर्नर रोड, देहरादून में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य हज 2025 के रीति–रिवाजों के बारे में यात्रियों को जानकारी देना था।
तस्मिया सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि वे इस वर्ष हज के लिए चुने जाने पर सौभाग्यशाली हैं। डॉ. एस. फारूक ने हज के दौरान अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए।
सैयद फर्रुख अहमद उर्फ शहजादे ने नात पढ़ी और मुफ्ती वसीउल्लाह कासमी ने हज के निर्देश पढ़े।

मौलाना रिसालुद्दीन अहमद हक्कानी ने दोनों पवित्र स्थानों की महिमा पर विस्तृत चर्चा की।

मुफ्ती सलीम अहमद, काजी शरीयत दारुल कजा, देहरादून ने 5 दिवसीय प्रवास और महिला यात्रियों के बारे में पूरी जानकारी दी। सभी यात्रियों को हज किट भी प्रदान की गई।
डॉ. सैयद फैसल ने अस्मा–ए–हुस्ना पढ़ी और सैयद मुहम्मद यासर ने आभार व्यक्त किया।
डॉ. सैयद फैसल ने अस्मा–ए–हु पढ़ी तथा सैयद मुहम्मद यासर ने आभार व्यक्त किया।

अंत में काजी शहर मौलाना मुहम्मद अहमद कासमी ने दुआ कराई और कार्यक्रम का संचालन मुफ्ती जियाउल हक कासमी ने किया। इस प्रशिक्षण शिविर में करीब 150 पुरुष और महिला हज यात्रियों ने हिस्सा लिया। सभी यात्रियों को हज किट भी प्रदान की गई।

### ऑपरेशन सिंदूर से पूर्व सैनिक उत्साहित

**हल्द्वानी।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देशभर में उत्साह और गर्व का माहौल है। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई सटीक एयर स्ट्राइक को लेकर पूर्व सैनिकों और सामाजिक संगठनों ने सेना के पराक्रम को सलाम किया है। जिला सैनिक लीग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त मेजर बीएस रौतेला ने सेना की वीरता को नमन करते हुए कहा, भारतीय सशस्त्र बलों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे देश की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। यह अभियान न केवल आतंकियों और उनके आकाओं के लिए चेतावनी है, बल्कि पूरे विश्व के लिए यह संदेश है कि भारत अब सहन नहीं करेगा। ऑपरेशन सिंदूर सेना के पराक्रम और रणनीतिक क्षमता का प्रतीक है। इधर वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष एवं व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान बौखला गया है। यह कार्रवाई देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का प्रमाण है।

## सुभारती में हुआ बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** गौतम बुद्ध चिकित्सा महाविद्यालय व सम्बद्ध डॉ. केक. बीएम सुभारती अस्पताल परिसर में बैंक ऑफ बड़ौदा की सुभारती शाखा का शुभारंभ किया गया।
उद्घाटन समारोह में सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण मुख्य अतिथि रहें। इस मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबन्धक व अंचल प्रमुख (बरेली अंचल) प्रतीक अग्निहोत्री विशिष्ट अतिथि रहें।

साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख (देहरादून) अरविन्द जोशी, उप क्षेत्रीय प्रमुख (देहरादून) पुनित चुघ, सुभारती ट्रस्ट के निदेशक डॉ वीपी सिंह, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ देशदीपक, चिकित्सक अधीक्षक डॉ राहुल शुक्ला ने दीप प्रज्जवलन किया।




बैंक ऑफ बड़ौदा के आरबीडीएम रविकान्त शर्मा ने शाखा की और से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में सभी को विस्तारपूर्वक समझाया।
इस मौके पर सुभारती व बैंक ऑफ बड़ोदा के मध्य एक एमओयू भी किया साइन गया।

इस मौके पर सहायक परियोजना निदेशक डॉ. लोकेश त्यागी, प्रचार एवं मार्केटिंग प्रमुख डॉ. प्रशान्त कुमार भटनागर, ओएसडी हरिश शर्मा, बलवन्त सिंह बोहरा, मनिन्दर सिंह, रवि मित्तल, लाल जी अस्थाना, सन्नी कुमार, सागर यादव एवं बैंक के सम्मानित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### दिव्यांग जनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हर्षल फाउंडेशन का एक और सार्थक प्रयास

**देहरादून।** हर्षल फाउंडेशन पिछले दो दशकों से भी ज्यादा समय से दिव्यांगो को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रहा है। इसके परिणाम पर बहुत सकारात्मक आ रहे हैं। हमारे कुछ दिव्यांग जनों को अलग अलग क्षेत्रों में उनकी क्षमता के अनुसार नोकरी भी मिली है। अब संस्था का सारा फोकस उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर है। इसी दिशा में उन्हें एलइडी लाइट बनाने की ट्रेनिंग शुरू कर दी है, साथ ही उनके द्वारा बनाया समान भी बाजार में बेचने की जिम्मेदारी भी संस्था ने ली है। इस मौके पर डिप्टी डायरेक्टर डॉ जैनेंद्र कुमार रिहैबिलिटेशन ऑफिसर संतोष कुमार वोकेशनल इंस्ट्रक्टर संजीव जोशी ट्रेनर रिश्ता कौर आदि उपस्थित रहे। आज सभी दिव्यांगों को एलइडी लाइट बनाने के संबंध में एक लेक्चर दिया गया और उन्हें बताया गया कि किस तरीके से एलईडी लाइट बनाई जाएगी और आगे आप उनको अपना व्यवसाय बना सकते हैं । इस मौके पर डॉ रमा गोयल ट्रस्टी सचिव हर्षल फाउंडेशन ने कहा कि संस्था का हमेशा से ही प्रयास रहा है कि किस तरीके से दिव्यांग जनों को भी अपने पैरों पर खड़ा कर स्वावलंबी बनाया जाए।

### भाजयुमो प्रत्येक विधानसभा में करेगा वक्फ सुधार जनजागरण सम्मेलन

**विकासनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय तोमर की अध्यक्षता में 'वक्फ सुधार जनजागरण सम्मेलन के निमित हरबर्टपुर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम की रूप रेखा के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। जिला अध्यक्ष भाजयुमो संजय तोमर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा लाया गया वक्फ (संशोधन) विधेयक–2025 सदन से पास होकर महामहिम राष्ट्रपति के अनुमोदन के बाद देश भर मे लागू हो गया है। निश्चित रूप से वक्फ की संपत्तियों का सम्यक प्रबंधन सुनिश्चित करेगा। इससे वक्फ संपत्तियों में पारदर्शिता बढ़ेगी और इन संपत्तियों का उचित उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे समाज के हर वर्ग के हितों का संरक्षण होगा। गरीब,महिलाओ और युवाओ को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर मंसूर खान, सुमित टोंक, नीरज चौहान, रोहित पाल सुधांशु तोमर, नीरज नौटियाल, जगप्रीत, गौरव रोहिल्ला, गंभीर नेगी, शुभम जोशी, ईश्वर चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

### शिवालिक एकेडमी में धूमधाम से मनाई गई रवींद्रनाथ टैगोर जयंती

**विकासनगर।** शिवालिक एकेडमी में भारतीय सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं शैक्षिक इतिहास के गौरवस्तंभ गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 164वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अंग्रेजी भाषा को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों की मंच कला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंटर–हाउस इंग्लिश स्टोरी टेलिंग, पोएम रेसिटेशन एवं एलोक्यूशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन दो वर्गों में विभाजित था। कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के लिए स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता और कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए पोएम रेसिटेशन एवं एलोक्यूशन प्रतियोगिता। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास पैदा करना, उनकी भाषायी दक्षता को निखारना और सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्ति करने की कला को विकसित करना था। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में गीता बिष्ट और श्रीमती स्वाति शर्मा उपस्थित रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों की प्रस्तुति, उच्चारण, आत्मविश्वास, रचनात्मकता और विषय की समझ को विभिन्न मानकों पर परखा। दोनों निर्णायकों ने छात्रों की लगन, प्रस्तुति कौशल और उनके द्वारा चुनी गई सामग्री की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि मंच पर छात्रों की उपस्थिति और उनकी कला ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी त्यागी ने भी इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्म–विश्वास प्रदान करती हैं और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। उन्होंने शिक्षकों के योगदान को भी सराहा, जिनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में स्टोरी टेलिंग (कक्षा 6) नियति ने प्रथम, आराध्या शाह ने द्वितीय व आयुषी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्टोरी टेलिंग (कक्षा 7) में आरव नेगी प्रथम, जिया सिंह द्वितीय व अनुष्का नैनवाल तृतीय रही। एलोक्यूशन (कक्षा 9 से 12) में अनुभव श्रीवास्तव ने प्रथम, सृष्टि गुप्ता व तनय सिंह व सुमित झा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोएम रेसिटेशन (कक्षा 9 से 12) में जहान्वी पुंडीर प्रथम, किरण द्वितीय व जया दास ने तृतीय रहे।

### दून पहुंचे अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा



**देहरादून।** अमेठी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा देहरादून एयरपोर्ट पहुँचे, जहाँ पर हिन्दी भाषा सम्मेलन में भाग लेने के लिए उनका आगमन हुआ। इस अवसर पर देहरादून एयरपोर्ट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में हुए इस स्वागत कार्यक्रम में कई वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने भाग लिया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी, जयेन्द्र रमोला, अभिनव थापर, मोहित उनियाल, राकेश सिंह, हिमांशु जाटव, वैभव रावत, मानसी सती, आदित्य झा सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# नैनीताल के रंगकर्मियों की वर्षों पुरानी मुराद हुई पूरी

## सीआरएसटी इंटर कॉलेज के नए भवन में ओ जन्मया नई की शानदार प्रस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल के रंगकर्मियों की बहुत पुरानी मांग नगर में नवनिर्मित जगदीश शाह प्रेक्षागृह ने पूरी कर दी है। यह नया प्रेक्षाग्रह सीआरएसटी इंटर कॉलेज के नवीन भवन में निर्मित किया गया है। युगमंच द्वारा नाटक ओ जन्मया नई की शानदार प्रस्तुति ने आयोजकों और दो दिन तक कलाप्रेमियों से खचाखच भरे हॉल में सभी को भाव विभोर कर दिया साथ ही सीआरएसटी इंटर कॉलेज के सीनियर तथा जूनियर विंग के विद्यार्थियों द्वारा एवं समाजसेवी आलोक शाह वह गीता शाह द्वारा भी गीतों भरी शानदार प्रस्तुति दी गई। इस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही जगदीश शाह प्रेक्षागृह का



उद्घाटन भी हो गया तथा नैनीताल नगर के रंग कर्मियों की चिर प्रतीक्षित मांग भी पूरी हो गई। प्रेक्षागृह के निर्माण हेतु नेताओं और सरकारों ने कई बार आश्वासन दिए मगर रहे मगर ढाक के तीन पात वाली कहावत रही। इस बीच सीआरएसटी इंटर कॉलेज के प्रबंधक पद्मश्री अनूप शाह के प्रयासों से एक नए भवन का निर्माण हुआ जिसकी तीसरी मंजिल पर एक बड़े हॉल का भी निर्माण किया गया। उस हाल को समाजसेवी और दानवीर आलोक शाह एवं गीत शाह ने दिन.रात लगकर एक शानदार प्रेक्षाग्रह के रूप में निर्मित कर सरोवर नगरी को एक सौगात दी। इसके लिए संस्कृति कर्मी साहित्यकर्मी और मानवीय सामाजिक मूल्यों से जुड़े तमाम लोग एवं उनकी आने वाली पीढ़ी अनूप शाह और आलोक शाह जैसे युग दृष्टाओं को हमेशा याद रखेंगे। हिंदी के बहुचर्चित लेखक और नाटककार असगर वजाहत द्वारा लिखित नाटक ओ जनमिया नई जो युगमंच द्वारा जगदीश शाह ग्रह में मंचित किया गया वह मानवीय मूल्यों को स्थापित करता है और विभाजन की त्रासदी एवं विस्थापन के दर्द को समेटे हुए है।

नाटक संदेश देता है कि उन्माद पर हमेशा मानवीयताए प्रेम और इंसानी जज्बे की जीत होती है। बटवारा चाहे सदस्यों का हो या परिवार का वह हमेशा त्रासदी और टूटन छोड़ जाता है। मगर मानवीय मूल्यों ने हमेशा इन भावों को भरा है। नाटक अंततरू इन सब के ऊपर प्रेम और इंसानी जज्बे के सर्वोपरि होने को रेखांकित करता है। नाटक की मूल परिकल्पना मशहूर अभिनेता और निर्देशक स्वर्गीय निर्मल पांडे ने की थी इस प्रस्तुति का निर्देशनए नगर के चर्चित रंगकर्मी और अभिनेता जरूर आलम द्वारा किया गया है। नाटक में भूमिका निभाने वाले सभी कलाकारों ने पूरी मेहनत से अपने किरदारों को निभाया और अपने चरित्र को जीवंत बनाकर दर्शकों को 2 घंटे की बड़े अंतराल तक न केवल बांधे रखा बल्कि भावविभोर कर वह वाही लूटी। दर्शकों की आंखें घर आईए बहुत देर तक खड़े होकर तालिया की गडगड़ाहट और करतल ध्वनि से प्रेक्षागृह गूंजता रहा। नाटक में जीवंत भूमिका निभाने वाले अभिनेताओं में मिथिलेश पांडे, मदन मेहरा, जहूर आलम, अदिति खुराना, मोहित, मनोज कुमार, नवीन बेगाना, कौशल शाह, पवन कुमार, नीरज डालाकोटी, वीरेंद्र शाह, सुरेश बिनवाल, विवेक खोलिया, हर्षिता बिष्ट, दीपक बोरा और दिनेश सिंह रहे निर्देशन सहायक के रूप में जितेंद्र बिष्ट मनोज कुमार और मदन मेहरा ने योगदान दिया नाटक का शुभ मधुर संगीत सनी जुबेर द्वारा तैयार किया था जिसे वर्तमान प्रस्तुति में नवीन बेगाना ने अपने संगीत निर्देशक से सजाया तबले पर संजय कुमार और गायको में डिंपल नैनवाल दिव्या आकाश हर्ष मनोज रो. हित जोशी प्रेम गोस्वामी जतिन कुमार आदित्य और अमन महाजन थे रूप सजा में रोहित वर्मा और शाहिद अहमद प्रकाश संयोजन में अनिल कुमार सुनील कुमार और इंतखाब आलम स्क्रिप्ट संपादन में प्रदीप पांडे वित्त व्यवस्था में भास्कर बेस्ट रुत आलम सहित मंच संचालन हरदिल अजीज हेमंत बिष्ट द्वारा किया गया एवं प्रस्तुति में हिमांशु पांडे का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के सुधि दशकों में आलोक शाह गीता शाह पद्मश्री अनूप शाह, प्रो.शेखर पाठक, प्रभात गंगोला, प्रधानाचार्य मनोज पांडे, दीपा बिष्ट, राकेश शर्मा, भुवन त्रिपाठी, किरण जमाया, प्रो. उमा भट्ट, राजीव लोचन शाह, मीनाक्षी, पूर्व मुख्य सचिव इंदु कुमार पांडे, बेला नेगी, प्रणव रॉय, डा. रवि जोशी, राजेश कुमार, डा. शोभन सिंह, खुर्शीद हुसैन, डा.मनोज सिंह बिष्ट, दीपा पांडे, हरीश राणा, प्रणय श्रीवास्तव, मनोज चौहान, राजेंद्र सुंदर्याल व मानसी रावत उपस्थित थे।

# बच्चों को खेलकूद की सुविधाएं न मिलने पर हाईकोर्ट गंभीर

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गली मोहल्लों में खेलने वाले बच्चों की क्रीड़ा सम्बंधित दिक्कतों के मामले पर स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खण्डपीठ ने सुनवाई होने के दौरान याचिका में नियुक्त न्यायमित्र कोर्ट में पेश नहीं होने के कारण अगली सुनवाई हेतु 9 मई शुक्रवार की तिथि नियत की है। कोर्ट ने कहा कि आजकल बच्चों की शारीरिक दक्षता कम हो गयी है। स्कूल के अलावा बच्चे घर आने पर मोबाइल का उपयोग कर रहै हैं जिसकी वजह से उनकी शारीरिक विकास नहीं हो पा रहा है। उनके शाररिक विकास के लिए क्रीड़ा कराना अति आवयश्क है। पूर्व में कोर्ट ने इस मामले में न्यायमित्र से सुझाव मांगे थे। कोर्ट ने कहा था कि खेलों से वंचित बच्चों के लिये खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने में आम समाज कैसे योगदान दे सकता है ताकि इन बच्चों को बेहतर नागरिक बनाने में मदद मिल सके। मामले के अनुसार क्रिकेट खिलाड़ी विराट कोहली के एक वीडियो के आधार पर कुछ बच्चों ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश को पत्र लिखकर उनके खेलने के लिये मैदान न होने व गली मोहल्लों में अंकलए आंटी द्वारा खेलने से मना करने से उनका बचपन प्रभावित होने की शिकायत की थी । इस पत्र का हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। इस मामले में हाईकोर्ट ने पूर्व में खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा खेल निदेशक उत्तराखण्ड व सचिव शहरी विकास उत्तराखण्ड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने पूर्व में सरकार से पूछा था कि खेलो इंडिया के तहत कोई ऐसी पॉलिसी है जिसके तहत बच्चों के शाररिक विकास हेतु खेल के मैदान बनाये जा सकें। हाईकोर्ट ने कहा है कि खेल के मैदान न होने से बच्चे मोबाइल तथा कम्प्यूटर में समय बर्बाद कर रहे हैं।

# 100 गज से कम प्लाटों की जांच

## सीएम के निर्देश पर अभियान

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में 100 वर्ग गज से नीचे के रजिस्ट्री बैनामों के प्लॉटो/भूखण्डों की जांच हेतु जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण (डीडीए) की टीम द्वारा नैनीताल तथा भवाली क्षेत्र में सर्वेक्षण/सत्यापन का कार्य जारी रखा। बुधवार को भी जिले में विकास प्राधिकरण की टीम द्वारा सत्यापन का कार्य कराया गया। 25 को नोटिस दिए गए। मामले में डीडीए के सचिव विजयनाथ शुक्ल के नेतृत्व में नैनीताल एवं भवानी क्षेत्र में चलाए



गए सत्यापन अभियान में भवाली के रेहड में 40 भवनों का सत्यापन किया गया इनमें किसी का भी भवन नक्शा पास नहीं कराया था सभी अवैध पाए गए साथ ही जिन व्यक्तियों के नाम भवन थे उनमें से अधिकांश द्वारा घर किसी और को दिया गया। टीम को मौके पर मिला। बुधवार को ही प्राधिकरण की टीम द्वारा नैनीताल में पूर्व में सत्यापन के दौरान चिन्हित किए गए 25 भवन स्वामियों को नोटिस दिया गया। सचिव जिला विकास प्राधिकरण ने अवगत कराया कि नोटिस के उपरांत सम्बंधित द्वारा नियमानुसार नक्शा पास आदि की कार्यवाही की जाएगी इस सम्बन्ध में प्राधिकरण द्वारा एम मौका दिया जा रहा है उसके उपरांत धवस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

# वेतन समय से न मिलने पर जताया रोष

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद के अयारपाटा वार्ड के सभासद मनोज साह जगाती ने नगर पालिका के स्थायी व आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन समय पर न दिये जाने पर रोष जताया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने पालिका के अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष को ज्ञापन भी सौंपकर मामले में त्वरित कार्रवाई करने की गुजारिश की है। जगाती ने कहा है कि नगर पालिका द्वारा तीन टोलों में 03 मूल पार्किंग/जिला प्रशासन की 02 (शत्रु सम्पत्ति) में स्वंय के द्वारा रूपये वसूले जा रहे हैं जिससे नगर पालिका की आय में बढ़ोत्तरी हो रही है और कर विभाग से भी अच्छी खासी नगर पालिका की आय है। उसके बाद भी कर्मचारी को वर्तमान तक दो माह का वेतन नहीं मिला है। जिस कारण पालिका कर्मचारियों की वित्तीय हालात काफी दैयनीय हो गयी है। कई कर्मचारियों को ब्याजखोरों से भी ब्याज में 10 प्रतिशत ब्याज में रूपये लेने पड़े है।

# बाबा साहेब के सामाजिक सुधारों पर चर्चा

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सभागार में भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर की स्मृति पर आयोजित चार दिवसीय व्याख्यानमाला बुधवार को तृतीय दिवस भी जारी रही। बता दें कि व्याख्यानमाला का विषय डा. भीमराव अम्बेडकर का सामाजिक सुधार में योगदान था। व्याख्यानमाला की अध्यक्षता दुर्गा सिंह मेहता अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा की गयी तथा संचालन वीरेन्द्र सिंह रावत महासचिव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा किया गया। इस मौके पर आरएस सम्मल, दीपा आर्या, टीपीएस टाकुली, अविदित नौलियाल व सुखवानी सिंह तथा जयवर्धन काण्डपाल आदि अधिवक्ताओं द्वारा डा. भीम राव अम्बेडकर द्वारा सामाजिक सुधार में योगदान पर विस्तृत रूप से उपस्थित हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्यों के सम्मुख अपने विचार रखे। इस अवसर पर सैय्यद नदीम खुर्शीद, भुवनेश जोशी, आनन्द सिंह मेर, विश्व प्रकाश बहुगुणा, टीएस फर्त्याल, योगेश पचोलिया, नवनीश नेगी, त्रिलोचन पाण्डे, विपिन मोहन पिंगल तथा राजेश शर्मा आदि शामिल थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**भूल सुधार**

मेरे सैन्य अभिलेखों में भूलवश पत्नी का नाम शकुंतला भंडारी SAKUNTALA BHANDARI व जन्मतिथि 20/07/1980 दर्ज हो गयी है, जबकि सही नाम शकुंतला देवी (SHAKUNTALA DEVI) व जन्मतिथि 03/03/1980 है।
प्रहलाद सिंह पुत्र – गेंणिया सिंह
ग्राम / पोस्ट – बड़ेथ
तहसील – बसुकेदार
जिला – रुद्रप्रयाग
आर्मी नंबर – 4079044 PNK

**सर्वसाधारण को सूचना**

परिषद की नेहरूनगर योजना देहरादून में स्थित आवासीय भवन संख्या-बी-225 दुर्बल आय वर्ग क्षेत्रफल 63.92 वर्गमीटर का आंवटन किराया कय किस्त किरायेदारी अनुबन्ध के अधीन श्री एन० एम० मौलिक पुत्र श्री एम० एम० मौलिक के पक्ष में परिषद के पत्र सं० 7322 दिनांक 19-03-1980 द्वारा प्रविष्ट किया गया था। आंबटी द्वारा किराया किस्त किरायेदारी अनुबन्ध दिनांक 09-07-1980 को निष्पादित करते हुये, भवन का कब्जा प्राप्त किया गया था। आंवटी श्री एन० एम० मौलिक की मृत्यू दिनांक 03-02-2000 को होने पर उनकी पत्नी श्रीमती प्रतिमा मौलिक द्वारा भवन का नामान्तरण अपने नाम परिषद के पत्र संख्या 2552 दिनांक 10-01-2001 को कराया गया है। नामान्तरण उपरान्त भवन का पूर्ण भुगतान परिषद कोष में जमा कराने के नामान्तरि द्वारा उक्त भवन का विक्रय विलेख अपने पक्ष में निष्पादित करा कर, दिनांक 19-01-2001 को उप निबन्धक देहरादून में पंजीकृत कराया गया है। नामान्तति श्रीमती प्रतिमा मौलिक की मृत्यू दिनांक 07-11-2014 को होने के उपरान्त उनके पुत्र श्री सौरिश मौलिक द्वारा उक्त भवन का नामान्तरण अपने पक्ष में किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है, जिसके क्रम में उनके द्वारा मृत्यू प्रमाणपत्र, उत्तरजीवि सदस्य प्रमाणपत्र, एक अन्य उत्तरजीवि सदस्य श्रीमती रिक्खी तिवारी का अनापत्ति शपथपत्र क्षत्रिपूर्तिबन्धक पत्र, उत्तरजीवि सदस्य का फोटो हस्ताक्षर / पहचान की प्रति, आधारकार्ड की प्रति एवं अपनी माता के पक्ष में किये गये विक्रय विलेख की प्रति. प्रस्तुत की है। उपरोक्त अभिलेखों के आधार पर भवन सं० बी-225 क्षेत्रफल 63.92 वर्ग मीटर, नेहरूनगर योजना देहरादून का नामान्तण श्री सौरिश मौलिक पुत्र स्व० प्रतिमा मौलिक नि० बी-225 नेहरूनगर कालोनी देहरादून के पक्ष में किया जाना है, यदि किसी व्यक्ति एवं पक्षकार को उक्त नामान्तरण श्री सौरिश मौलिक के पक्ष में किये जाने हेतु कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना के प्रकाशन तिथि से 30 दिन अवधि में इस कार्यालय में साक्ष्य सहित अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि में कोई सूचना प्राप्त न होने पर, श्री सौरिश मौलिक पुत्र स्व० प्रतिमा मौलिक नि० बी-225 नेहरूनगर कालोनी देहरादून के पक्ष में नामान्तरण सम्बन्धी कार्यवाही परिषद द्वारा नियमानुसार कर दी जायेगी, तथा बाद में किसी व्यक्ति / पक्ष का किसी भी प्रकार का कोई क्लेम (दावा) परिषद को मान्य नही होगा।

**सह प्रभारी सम्पत्ति ,उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद,**
**मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण देहरादून**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, उत्तरकाशी**

पत्रांक :– 1032/निविदा  दिनांक 07/ 05/2025

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0, लो0नि0वि0, उत्तरकाशी द्वारा निम्नलिखित कार्यो की सील्ड निविदा दिनांक 24.05.2025 को आंमत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र दिनांक 09.05.2025 से 23.05.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है। तथा दिनांक 24.05.2025 के अपराहन 03.00 बजे तक इन्ही कार्यालय में डाले जा सकते है।
01 अधीक्षण अभियन्ता छठवां वृत्त, लो0नि0वि0 उत्तरकाशी।
02 अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0, लो0नि0वि0 उत्तरकाशी।
03 अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, लो0नि0वि0, चिन्यालीसौड, उत्तरकाशी।
04. अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, लो0नि0वि0 चम्बा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता अवधि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद उत्तरकाशी के ब्लाक डुण्डा के जड़ी ढुमका स्थित स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन को हेल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर में उच्चीकृत करने का कार्य। | 30000.00 | 1000+ 18% GST | 45 दिन | 04 माह | उत्तराखण्ड लो0नि0वि0 में भवन कार्य हेतु डी0 एवं उच्चत्तर श्रेणी । |
| 2 | जनपद उत्तरकाशी के डुण्डा में स्थित स्वास्थ्य उपकेन्द्र जुणगा को हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर में उच्चीकरण का कार्य। | 22000.00 | 1000+ 18% GST | 45 दिन | 04 माह | उत्तराखण्ड लो0नि0वि0 में भवन कार्य हेतु डी0 एवं उच्चत्तर श्रेणी । |
| 3 | जनपद उत्तरकाशी के डुण्डा में स्थित स्वास्थ्य उपकेन्द्र गेंवला को हैल्थ एंड वैलनैस सेंटर में उच्चीकरण का कार्य। | 29000.00 | 1000+ 18% GST | 45 दिन | 04 माह | उत्तराखण्ड लो0नि0वि0 में भवन कार्य हेतु डी0 एवं उच्चत्तर श्रेणी । |
| 4 | जनपद उत्तरकाशी के तहसील डुण्डा में स्थित स्वास्थ्य उपकेन्द्र डुण्डा को हैल्थ एंण्ड वैलनेस सेंटर में उच्चीकरण का कार्य। | 21000.00 | 1000+ 18% GST | 45 दिन | 04 माह | उत्तराखण्ड लो0नि0वि0 में भवन कार्य हेतु डी0 एवं उच्चत्तर श्रेणी । |

उक्त निविदाऐं दिनांक 26.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी । किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मसूरी।**
**E-mail:- appmussoorie@gmail.com, दूरभाष नं-0135-2632281 फैक्स स0 0135-2632008**

पत्रांक 331/ अधि0अधि० / 2025-26  दिनांक :-7.5.2025

**संशोधित निविदा सूचना**

पालिका द्वारा दिनांक 28-05-2025 को शहर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यो की निविदा सूचना प्रकाशित कर आमन्त्रित की गयी थी, जिसमें निम्न सारणी के अनुसार सशोधित निविदा सूचना पुन: प्रकाशित की जा रही है शेष निविदा का दिनांक व अन्य सूचना तथा शर्ते यथावत रहेंगी।

| क्र० स० | कार्य का नाम | अनुमानित आगणन धनराशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड न 09 मे आई0टी0बी0पी0 मुख्य गेट से वैल्कम होटल तक सी०सी० /चौडिकरण का कार्य। | 24,66,000.00 | 49,320.00 |
| 2 | वार्ड नं0 11 मे इन्द्रा कालोनी में ओल्ड चकराता रोड से गुड्डू पंवार, भरत सिह, विक्रम गुसाई की घर की ओर जाने वाला पैदल मार्ग। | 20,00,000.00 | 40,000.00 |
| 3 | वार्ड नं0 11 मे साझा दरबार से विरेन्द्र सिंह के घर तक व साझा दरबार से मुकेश के घर तक पैदल मार्ग का कार्य। | 23,43,000.00 | 46,860.00 |
| 4 | वार्ड नं0 9 हुसैनगंज मुख्य मार्ग से विक्रम में घर तक सी०सी० सडक का कार्य। | 24,09,000.00 | 48,180.00 |
| 5 | वार्ड नं0 10 शिव कॉलोनी में नाले का निर्माण कार्य। | 14,36,000.00 | 28,720.00 |
| 6 | वार्ड नं0 6 बारह कैची से किंग्रेग तक सी०सी० सडक पैच वर्क का कार्य। | 24,64,000.00 | 49,280.00 |
| 7 | वार्ड नं0 12 मे हैप्पीवैली हरेण्डल टोल से बुद्धा मन्दिर तक सी०सी० का कार्य। | 24,91,000.00 | 49,820.00 |
| 8 | वार्ड नं0 10 में अम्बेडकर कालोनी में सीवर लाईन / नाले का कार्य। | 24,10,000.00 | 48,200.00 |
| 9 | वार्ड नं0 12 में कैम्पटी मुख्य रोड में छत्री बैण्ड स्थित हवाघर एंव वाड न 12 की रेलिंग मरम्मत / रंगाई-पुताई का कार्य। | 22,30,000.00 | 44,600.00 |
| 10 | वार्ड नं0 4 में सतवीर के घर से टिहरी बाईपास को जाने वाली सडक का सी०सी०/ रेलिंग का कार्य। | 10,99,000.00 | 21,980.00 |
| 11 | वार्ड नं0 4 में रेडबर्न को जाने वाले रास्ते पर पैराफीट तथा सी०सी० का कार्य। | 16,92,000.00 | 33,840.00 |
| 12 | वार्ड नं0 1 में झडीपानी टम्टा हाउस, कमल काटेज के समीप आन्तरिक गलियों का कार्य। | 11,70,000.00 | 23,400.00 |
| 13 | वार्ड नं0 3 बड़े मोड से कामाक्षी होटल तक सी०सी० सडक / रेलिंग / चौडीकरण का कार्य। | 22,94,000.00 | 45,880.00 |
| 14 | वार्ड नं0 4 कोजी कार्नर से बाईपास को जाने वाली रोड पर सी०सी० / सुरक्षा दीवार का कार्य। | 19,33,000.00 | 38,660.00 |
| 15 | वार्ड नं0 7 क्लिफ कॉटेज से बारह कैची से हैम्पटन कोर्ट स्कूल को जाने वाले सम्पर्क मार्ग का कार्य। | 24,90,000.00 | 49,800.00 |

**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद् मसूरी।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

पत्रांकः– 202/दुकान आवंटन/2025–26  दिनांक : 7/5/ 2025

**पालिका सम्पत्ति/दुकान आवंटन /निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग क्षेत्र के समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग के क्षेत्रान्तर्गत् निम्न वर्णित दुकान को खुली बोली के आधार पर निर्धारित आवेदन पत्र के माध्यम से आगामी 11 माह के लिये शर्तों के अधीन किराये पर दिये जाने के निमित्त दिनांक 8–6–2025 को अपरान्ह 1:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, जो कि उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे समिति एवं आवेदनकर्ताओं के सम्मुख खुली बोली के आधार पर आवंटित की जायेगी। आवेदन पत्र नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 7–6–2025 को सांय 1:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। दुकान आवंटन से सम्बन्धित अन्य नियम, शर्तें व विस्तृत जानकारी कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस को देखी जा सकती है। इस सूचना को जनपद की वेबसाईट http://rudraprayag.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | सम्पत्ति/दुकान का नाम | प्रीमियम/सिक्योर्ड धनराशि | दुकान की माप (फीट में) | क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | निर्धारित किराया प्रतिमाह (रू0 में) | आवेदन शुल्क (रू0 में) | धरोहर राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निकट नया बस अड्डा (रैन बसेरे के भू–तल पर) | 50,000 | 11x19 | 209 | 5,000.00 | 500+GST | 10,000 |
| 2. | निकट नैनीताल बैंक भू–तल पर, दुकान नं0–01, सुमन एक्सल के दांयी तरफ। | 25,000 | 10x20 | 200 | 56,00.00 | 500+GST | 10,000 |
| 3. | निकट नैनीताल बैंक, भू–तल पर दुकान नं0–02,सुमन एक्सल के बांयी तरफ। | 25,000 | 20x10 | 200 | 56,00.00 | 500+GST | 10,000 |
| 4. | निकट नैनीताल बैंक, भू–तल पर दुकान सं0–3 गधेरे की तरफ) | 25,000 | 10x12 | 120 | 2500.00 | 500+GST | 10,000 |
| 5. | निकट नैनीताल बैंक प्रथम तल पर गधेरे की तरफ) | 25,000 | 10x12 | 120 | 3,000.00 | 500+GST | 10,000 |
| 6. | 01–दुकान, निकट गुलाबराय मैदान, | 50,000 | 8x8 | 64 | 5000.00 | 500+GST | 10,000 |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका रूद्रप्रयाग

अध्यक्ष
नगर पालिका रूद्रप्रयाग

# भारतीय क्रिकेटरों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में वीरता के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की






**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट बिरादरी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाये जाने पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए बुधवार को देशभक्ति की भावना से एकजुट होकर देश के सशस्त्र बलों के प्रति अटूट समर्थन व्यक्त किया है। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि धर्मो रक्षति रक्षता जय हिंद की सेना 'ऑपरेशन सिंदूर'।

स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर साझा की। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सेना की सराहना की। उन्होंने एक्स पर 'जय हिंद (भारत की जीत)' लिखा और ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर साझा की। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा और प्रज्ञान ओझा भारतीय सशस्त्र बलों की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा करने वालों सबसे आगे थे। उनमें से प्रत्येक ने सोशल मीडिया पर देशभक्ति संदेश साझा किए, सभी ने 'जय हिंद' लिखा।

## केकेआर ने दिया सीएसके को 180 रनों का लक्ष्य

**■ कोलकाता नाइटराइडर्स के अजिंक्य रहाणे ने 48 रन बनाए सीएसके के नूर को 4 विकेट**

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के 57वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को 180 रन का टारगेट दिया है। टीम ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बना लिए हैं। मनीष पांडेय 36 रन बनाकर नाबाद लौटे। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 48, आंद्रे रसेल ने 38 और सुनील नरेन ने 26 रन बनाए हैं। नूर अहमद ने 4 विकेट झटके।

रवींद्र जडेजा और अंशुल कंबोज को एक-एक विकेट मिला। मथीशा पथिराना ने पारी के आखिरी ओवर में 6 रन खर्च किए। इन रनों के सहारे कोलकाता ने 20 ओवर में 179 रन का स्कोर बनाया। 19वें ओवर में कोलकाता ने छठा विकेट गंवाया। यहां रिंकू सिंह 9 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूर अहमद ने आयुष म्हात्रे के हाथों कैच कराया। 17वें ओवर में कोलकाता ने 5वां विकेट गंवाया। यहां आंद्रे रसेल 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूर अहमद ने डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। एमएस धोनी के आईपीएल में 200 डिसमिसल्स हो गए हैं। वे ऐसा करने वाले पहले विकेटकीपर बने हैं। उनके बतौर विकेटकीपर 153 कैच और 47 स्टंपिंग हो गई हैं। 12वें ओवर में कोलकाता ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अश्विन के ओवर की आखिरी बाल पर मनीष पांडेय ने दो रन लेकर टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। नूर अहमद ने 8वें ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने ओवर की पहली बाल पर सुनील नरेन और चौथी बाल पर अंगख्रष रघुवंशी को पवेलियन की राह दिखाई। कोलकाता ने पावरप्ले में 67 रन बनाए, नरेन-रहाणे की फिफ्टी पार्टनरशिप टॉस जीतकर बैटिंग कर रही कोलकाता की टीम ने अच्छी शुरुआत की है। टीम ने पहला विकेट गंवाने के बाद पावरप्ले में 67 रन बना लिए, हालांकि गुरबाज का विकेट भी गंवाया। लेकिन रहाणे-नरेन ने फिफ्टी पार्टनरशिप करके टीम को शुरुआती झटके से उबारा। पारी के 5वें ओवर में कोलकाता ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।



## धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैच के स्थान में हो सकता है बदलाव

**सीमावर्ती राज्यों के हवाई अड्डें बंद करने को लेकर जताई जा रही ऐसी आशंका**

**धर्मशाला, वार्ता।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाये जाने के बाद सीमावर्ती राज्यों के हवाई अढे बंद करने को लेकर ऐसी आशंका जतायी जा रही है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एतिहायती तौर पर धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले मैच का स्थान बदलवा कर सकती है। पंजाब किंग्स की ओर से यूनीवार्ता को बताया गया कि अभी तक बीसीसीआई की ओर से मुम्बई इंडियंस के साथ 11 मई को धर्मशाला में होने वाले मैच के स्थान के बदलाव के बारे में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी है। भारतीय सेनाओं की ओर से चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से लेकर पंजाब, हिमाचल प्रदेश के हवाई अढे बंद किये जाने पर ऐसा माना जा रहा है कि धर्मशाला में होने वाले मैच को कई अन्यत्र स्थानांतरित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच 11 मई को मैच होना है।

## IPL आचार संहिता उल्लंघन के लिए पांड्या, नेहरा पर लगा जुर्माना



**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 56 मैच के दौरान धीमे ओवर रेट के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या और उनकी पूरी टीम तथा गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मंगलवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस और गुजरात टाइटन्स के बीच खेले गए मैच में धीमी ओवर गति के लिए हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। चूंकि आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध है इसलिए पांड्या पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्सटीट्यूट सहित मैच खेल रही टीम के सभी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया। वहीं गुजरात टाइटन्स के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।




## निशानेबाजी में वेदांत उर्वा ने जीते स्वर्ण पदक

**● वेदांत ने 452.5 अंकों के साथ स्वर्ण जीतकर देश का नाम रोशन किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की निशानेबाजी प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को महाराष्ट्र के वेदांत नितिन ने 50 मीटर थ्री पोजीशंस राइफल (पुरुष युवा वर्ग) में और उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में स्वर्ण पदक जीते।

यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर वेदांत ने 452-5 अंकों के साथ स्वर्ण, हरियाणा के रोहित कन्यन ने 451-9 अंकों के साथ रजत और पंजाब के अमितोज सिंह ने 440-1 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 237.7 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक जीतने के बाद वेदांत ने कहा कि मैं पिछली खेलो इंडिया प्रतियोगिता में एक बार पांचवें स्थान पर था, इसलिए इस बार थोड़ा नर्वस था, लेकिन अब जब मैंने स्वर्ण पदक जीता है, तो यह बहुत खास है। मैं 2022 से खेलो इंडिया से जुड़ा हूं और सरकार की आर्थिक सहायता से चीजें काफी आसान हो गई हैं। मैंने पहले भी भाग लिया है, लेकिन इस बार बिहार सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं।

### खेल विशेष

## द. अफ्रीका को हराकर भारतीय महिला टीम त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में

**कोलंबो, वार्ता।** जेमिमाह रॉड्रिग्स (123) की शतकीय, दीप्ति शर्मा (93) और स्मृति मंधाना (51) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद अमनजोत कौर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने बुधवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में द. अफ्रीका की महिला टीम को 23 रनों से हरा दिया है। तीन हार के साथ दक्षिण अफ्रीका त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर हो गई। भारत रविवार को फाइनल मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा। 338 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी द. अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने अपना पहला विकेट लारा गुडॉल (चार)रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद मियान स्मिट ने तेजमिन ब्रिट्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े। 15वें ओवर में अमनजोत कौर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मियान स्मिट (39) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। नोंडुमिसो शंघासे (36) के रूप में द. अफ्रीका का चौथा विकेट गिरा। सिनालो जाफ्टा (21) रन बनाकर आउट हुई। एन डर्कसन ने 80 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (81) रन बनाये। कप्तान क्लोई ट्राइऑन 43 गेंदों में (67) रन को दीप्ति शर्मा ने बोल्ड कर द. अफ्रीका के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। 48 ओवर के बाद कम रोशनी को लेकर अंपायर हरमनप्रीत कौर और बल्लेबाजों से बात की। और खराब रोशनी के कारण मैच रुक गया है। रोशनी में सुधार के बाद मैच फिर से शुरु हुआ। लेकिन द.अफ्रीका की टीम निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट पर 314 रन ही बना सकी।



## पेट्रा ने इटालियन ओपन में पहली जीत दर्ज की

**■ क्वितोवा ने रोमानिया की इरिना को 7-5 और 6-1 से हराया**

**रोम, वार्ता।** दो बार की विंबलडन चैंपियन और चेक गणराज्य की टेनिस खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा ने अपने पहले बच्चे के जन्म के बाद इटालियन ओपन मुकाबले में पहली जीत दर्ज की है। रोम में इटालियन ओपन के पहले दौर में चेक गणराज्य की खिलाड़ी क्वितोवा ने रोमानिया की इरिना-कैमेलिया बेगू पर सीधे सेट 7-5, 6-1 से जीत दर्ज की।

पेट्रा क्वितोवा ने महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) को मैच के बाद कहा कि मुझे 95 प्रतिशत लग रहा था कि मैं कोर्ट में कभी वापस नहीं लौट पायेगी। उस समय मैं टेनिस से ऊब चुकी थी। मैं सोच रही थी 'मैं अब और नहीं खेल सकती' इसलिए हमने बच्चे के लिए प्रयास करने का फैसला किया। क्वितोवा टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ट्यूनीशिया की विश्व नंबर 36 की ओन्स जबूर से भिड़ेगी। दूसरे मैच में, ब्रिटेन की सोनय कार्टल ने दो घंटे 10 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बिरेल को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया।

## मिशेल ओवेन को चोटिल मैक्सवेल की जगह पंजाब टीम में मिली जगह



**मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए ओवेन को लेकर खुश है: रिकी पोंटिंग**

**धर्मशाला, वार्ता।** चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष सत्र के लिए पंजाब किंग्स की टीम में शामिल किया गया है।

पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने 23 वर्षीय ओवेन का टीम में स्वागत करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए मिशेल ओवेन को अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे मैंने पिछले 12 महीनों में बहुत करीब से देखा है।

वह ऐसा खिलाड़ी है जो अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी कर सकता है और साथ ही कुछ बहुत ही उपयोगी मध्यम गति की गेंदबाजी भी कर सकता है। मैं उसे टीम का हिस्सा बनाकर वास्तव में उत्साहित हूं और जल्द से जल्द उसके यहां आने का इंतजार कर रहा हूं। तीन करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स में शामिल हुए ओवेन ने 34 टी-20 मैचों में कुल 646 रन बनाए हैं और 10 विकेट लिए हैं। उनके नाम दो शतक भी हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 108 है।

## रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया

**भारत के लिए अब केवल रोहित शर्मा एकदिवसीय में जारी रखेंगे खेलना**



**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इससे अब सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर चल रहीं अटकलों पर विराम लग गया है। रोहित टेस्ट प्रारूप में भारत के सबसे सफल बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 67 टेस्ट मुकाबलों में 12 शतकों और 18 अर्धशतकों की मदद से 40.57 के औसत से 4301 रन बनाए। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान अपने सोशल मीडिया हैंडल से किया। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर अपनी टेस्ट कैप की तस्वीर साझा की और कैप्शन में लिखा कि मैं आप सभी साथियों को बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। इस प्रारूप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं वनडे में भारत के लिए खेलना जारी रखूंगा। भारत को टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब जिताने के बाद रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ इस प्रारूप से संन्यास का ऐलान कर दिया था। भारत ने यह खिताब दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपने नाम किया था। भारतीय टीम को दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने के बाद दोनों दिग्गजों ने टी-20 से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। अब 38 वर्षीय बल्लेबाज ने क्रिकेट से लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी है। अब वह सिर्फ वनडे में भारत का नेतृत्व करते नजर आएंगे। रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद यह साफ हो गया है कि इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम को नया टेस्ट कप्तान मिलेगा। इस दौड़ में बुमराह, केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत सबसे आगे चल रहे हैं। इस सीरीज की शुरुआत जून में होगी। रोहित 2024-25 सीजन के दौरान खराब दौर से गुजरे। उन्होंने 15 मैचों में 10.83 के औसत से 164 रन बनाए। रोहित बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान खराब फॉर्म में थे। इसके बाद वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में अपने बेटे के जन्म के कारण नहीं खेले थे। एडिलेड में हुए दूसरे टेस्ट के दौरान जब रोहित वापस आए तो उन्होंने ओपनिंग नहीं की और यशस्वी जायसवाल तथा केएल राहुल को पारी का आगाज करने भेजा। रोहित की अनुपस्थिति में पहले टेस्ट में यशस्वी और राहुल की जोड़ी ने 201 रनों की साझेदारी की थी। रोहित छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन संघर्ष करते दिखे। ब्रिसबेन में खेले गए तीसरे टेस्ट में उन्होंने महज 10 रन बनाए। इसके बाद रोहित ने शीर्ष क्रम में वापसी की, लेकिन वहां भी असफल रहे।

## मार्केज ने जून में प्रशिक्षण लेने वाले 28 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम की घोषणा की

**■ भारत क्वालीफायर के ग्रुप-सी में बांग्लादेश हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर को लेकर बुधवार को आगामी 18 मई से कोलकाता में शुरु होने वाले प्रशिक्षण शिविर के लिए 28 सदस्यीय संभावित दल की घोषणा की। भारत एएफसी एशियाई कप 2027 के अंतिम दौर के क्वालीफायर के ग्रुप सी में बंगलादेश, हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ है। भारतीय टीम की अगली बड़ी चुनौती 10 जून को काई टेक स्पोर्ट्स पार्क में हांगकांग, चीन के साथ होने वाले मैचों को लेकर है। हांगकांग के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी के हिस्से के रूप में भारतीय टीम का कोलकाता में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर होगा। भारतीय टीम चार जून को थाईलैंड के खिलाफ फीफा अंतर्राष्ट्रीय मैत्रीपूर्ण मैच खेलने के लिए बैंकॉक रवाना होगी। इसके बाद टीम एशियाई कप क्वालीफायर के लिए हांगकांग जाएगी।

### एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर बीएसएम कालेज में कार्यक्रम का आयोजन

# देश की तरक्की में एक राष्ट्र-एक चुनाव जरूरी: गडिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम बीएसएम शिक्षण संस्थान रुड़की के सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएसएम शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट अध्यक्ष बी एस एम शिक्षण संस्थान ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश सिंह गड़िया राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार रहे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट उपाध्यक्ष बीएसएम शिक्षण संस्थान व रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट निदेशक बीएस एम शिक्षण संस्थान रुड़की रहे कार्यक्रम में राज्य मंत्री श्यामवीर सिंह सैनी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार श्री रमेश सिंह गड़िया ने कहां कि देश को अगर एक सूत्र में बांधना है और विकास की गति को बढ़ाना है तो हमें एक राष्ट्र एक चुनाव पर काम करना होगा उन्होंने बताया की पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ सिंह गोविंद जी की



अध्यक्षता में एक कमेटी गठित हुई जिसमें यह सुझाव आया की 6 महीने के अंदर देश मैं लोकसभा राज्यसभा विधानसभा नगर पंचायत ग्राम पंचायत आदि के चुनाव संपन्न होने चाहिए जिस देश को बहुत बड़े खर्चे से बचाया जा सके और हर अच्छे व्यक्ति को चुनाव लड़ने का मौका मिल सके उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मैं आदरणीय बाबूजी श्री मनोहर लाल शर्मा जी का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कि उन्होंने इस महत्वपूर्ण विषय पर एक सेमिनार आयोजित कर पार्टी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है देश के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव बहुत जरूरी है।

**❖ एक राष्ट्र एक चुनाव देश की तरक्की में अग्रिम भूमिका निभाएगा : मनोहर लाल**

**❖ इस बाबत छात्र-छात्राओं से भी मांगे सुझाव**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीएसएम शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार ने कहा की एक राष्ट्र एक चुनाव इस देश की तरक्की में अग्रिम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता और देश प्रेम को प्रणाम करता हूं उन्होंने बी एस एम शिक्षण संस्थान के छात्रों से कहा कि वह एक राष्ट्र एक चुनाव के बारे में अपने सुझाव दें और इसका प्रसार प्रचार करें इससे पूर्व बी एस एम शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट एवं निदेशक रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट द्वारा श्री रमेश सिंह गड़िया राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार का पुष्प गुच्छ शोल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बी एस एम इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधनाचार्य राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त वासुदेव पंत बी एस एम लॉ कॉलेज की। प्राचार्या डॉक्टर अर्चना शर्मा संजीव कुमार शर्मा बी एस एम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक विकास धीमान दीपक पांडे प्रदेश संयोजक युवा मोर्चा राहुल पाराशर युवा नेता अंकित गौतम युवा नेता गोविंद सिंह जिला महामंत्री युवा मोर्चा विकास प्रजापति जिला सोशल मीडिया प्रभारी भाजपा रुड़की शोभित चौधरी आकाश गौतम राहुल कंडारी सूर्यकांत आदि उपस्थित रहे।

## पिता को तमंचा दिखाकर डराने वाला बेटा गिरफ्तार

**मंगलौर।** एक बेटा अपने पिता का दुश्मन बन बैठा वह अपने पिता को बार-बार तमंचा दिखाता था। तंग आकर बेटे से तमंचा छीन पीड़ित मदद मांगने कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने मामले में तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए कलयुगी बेटे को गिरफ्तार कर लिया। खेड़ाजट मंगलौर निवासी विनय कुमार द्वारा थाने पर आकर अपने लड़के के खिलाफ शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका बेटा उसकी जान के पीछे पड़ा हुआ है और बार-बार तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देता है। उन्होंने पुलिस को बताया कि मौका पाकर उन्होंने अपने बेटे से तमंचा छीना और उस तमंचे को लेकर कोतवाली पहुंच गया। मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए कोतवाली मंगलौर पुलिस ने छापेमारी करते हुए आरोपी बेटे अंकुर को हिरासत में ले लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक हेमदत भारद्वाज, कांस्टेबल सुधीर और पंकज शामिल रहे।

## कार सवार दंपति पर बाइक सवारों का हमला, नकदी व चेन छीनने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** होटल से खाना खा कर बहन के घर जा रहे दंपत्ति को बाइक सवार दो युवकों ने ओवरटेक कर रोक लिया। आरोपियों ने दंपत्ति के साथ मारपीट करते हुए सोने की चैन व सात हजार की नकदी छीन ली। बीच बचाव के दौरान महिला का मंगलसूत्र टूटकर गिर गया। पुलिस बाइक सवार दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

पुलिस को तहरीर देकर त्रिवेंद्र त्यागी निवासी ग्राम उकावली थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर ने बताया कि शाम के समय वह अपनी पत्नी व पांच वर्षीय बच्चे के साथ एक होटल से खाना खा कर अपनी कार में सवार होकर अपनी बहन के घर अशोका नगर मंगलौर जा रहा था। जैसे ही वह सेलिब्रेशन मंडप के पास पहुंचे तो बाइक सवार ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर कार को रोक कर बाइक को कार के आगे गिरा दी। उसने कार से उतर कर बाइक को हटाने का प्रयास किया। आरोपी ने गाली गलोच करते हुए फोन कर अपने साथी को बुला लिया। दोनों आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। बीचबचाव करने को उसकी पत्नी कार से उतर कर आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान आरोपियों ने उसकी पत्नी का मंगलसूत्र तोड़ लिया। आरोप हैं कि आरोपियों ने उसके गले से सोने की चेन व जेब से सात हजार रुपए भी निकल लिए। आरोपी उसे घायल अवस्था में छोड़ कर फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार गंगवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया हैं।

## विश्व अस्थमा दिवस पर हरिद्वार यूनिवर्सिटी ने चलाया जागरूकता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर हरिद्वार यूनिवर्सिटी की नर्सिंग प्रिंसिपल डॉ. सोनिया शर्मा के नेतृत्व में बी.एससी. नर्सिंग के छात्रों ने "डांम प्दींसमक ज्तमंजउमदजे ।बबमेपइसम वित । थीम पर आधारित एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम बाझुहेड़ी पंचायत घर और मेवाड़ गांव में आयोजित किया गया, जहां छात्रों ने ग्रामीणों को अस्थमा की रोकथाम, लक्षण, और उपचार के आधुनिक तरीकोंकृविशेषकर इनहेल्ड ट्रीटमेंटकृके बारे में जानकारी दी। टीम ने गांव में घर-घर जाकर लोगों से बातचीत की और उन्हें इस बीमारी के प्रति जागरूक किया। इसके अतिरिक्त, स्थानीय स्कूलों में ष्बीववस भ्मंसजी च्तवहतंउष् के तहत इंटरनेट की लत और नशा समस्या पर भी जागरूकता व्याख्यान दिए गए। डॉ. शर्मा और उनकी टीम ने विद्यार्थियों को डिजिटल संतुलन और स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाने के महत्व को सरल भाषा में समझाया। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना और युवाओं को मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना था। गांव के लोगों और छात्रों ने इस पहल की सराहना



की और सक्रिय भागीदारी दिखाई। इस अवसर पर ओएसडी अभिनव भट्नागर, प्रो0 मानसी मोर्य, प्रो0 विनिता पाण्डेय ग्राम प्रधान मुकेश, ग्राम प्रधान मो0 शहजाद आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एसडीएम के राजस्व परिषद के आदेश को दरकिनार करने पर पड़ी फटकार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली के मंडावली गांव के एक जमीनी विवाद में राजस्व परिषद उत्तराखण्ड न्यायालय के आदेश को दरकिनार कर विपक्षी पार्टी से साज करने के मामले में राजस्व परिषद ने एएसडीएम को कडी फटकार लगाते हुए उनके आदेश को निरस्त करते हुए एएसडीएम के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के आदेश दिये है।

जानकारी के अनुसार श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी मुकुल कुमार निवासी

**❖ गलत आदेश करने पर एएसडीएम प्रेम लाल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के आदेश**

ग्राम मंडावली कोतवाली मंगलौर की खसरा नं0 196, 109 मौजा मंडावली में कुर्रे लगे हुए है जिसमें उक्त पूरे का धारा 143 में अकृषिक घोषित किया हुआ है। जिस पर पुष्पा देवी आदि अपनी निर्माण कार्य कर रहे थे लेकिन इस मामले में डिप्टी क्लेक्टर रूडकी प्रेम लाल ने पुष्पा देवी आदि को सुने बिना ही दूसरे पक्ष के हक में 28 अप्रैल को स्टे कर दिया था जिसके खिलाफ पुष्पा देवी राजस्व परिषद देहरादून में निगरानी दाखिल की गयी जिसमें तमाम पहलूओं को जांच करते हुए एएसडीएम के आदेश को राजस्व परिषद ने निरस्त करते हुए पुष्पा देवी आदि के हक में फैसला कर दिया और गलत आदेश करने पर एएसडीएम प्रेम लाल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के आदेश दिये है। उक्त आदेश के संबंध में जेएम रूडकी ने पुष्पा देवी की शिकायत पर मंगलौर कोतवाली को 05.05.25 के राजस्व परिषद आदेश के क्रम में निर्माण कार्य में व्यवधान डालने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के आदेश दिये हैं।

## भलस्वागाज में बिजली खंभे के विवाद को तहसीलदार ने पुलिस फोर्स के साथ कराया हल

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** उप जिला अधिकारी महोदय श्रीमान अजय वीर सिंह जी के दिशा निर्देशों एवं आदेशों के अनुपालन में ग्राम भलस्वा का आज में लगभग 2 महीने से 4 महीने से चल रहे प्रकरण को थाना अध्यक्ष झबरेड़ा पुलिस बल बिजली विभाग एवं राजस्व विभाग की उपस्थिति में अशोक राणा आदि बनाम सतीश आदि निवासी गंज भलस्वा का आज का प्रकरण जो की बिजली की लाइन एवं खंबे लगे से संबंधित था दोनों पक्षों में काफी कहा सुनी हुई तथा आज दिनांक को प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया है तथा दोनों पक्ष मौके पर मौजूद थे एवं संतुष्ट पाए गए इस



प्रकरण में थाना एवं कछारियों में भी काफी शिकायतें की गई दोनों पक्षों के द्वारा अपने-अपने खेतों में सोलर प्लांट लगा रखे थे जिससे कि बिजली के उत्पादन में भी परेशानियां हो रही थी श्रीमान उपलाधिकारी महोदय के दिए गए दिशा निर्देशनों एवं आदेशों के अनुपालन में जो की काफी समय से लंबी था प्रकरण को निस्तारित निशतरित कर दिया गया है बिजली विभाग से के संजीव संजीव कुमार और अभियंता संजीव कुमार एवं स्टाफ तथा थाना झबरेड़ा से थाना अध्यक्ष श्री अजय सिंह जी तथा राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता एवं राजस्व निरीक्षक श्री ओमप्रकाश तथा ग्रामीण एवं पक्ष एवं विपक्ष दोनों मौजूद रहे

## गोमांस उपकरण व एक बाइक बरामद, पांच फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा गौतस्करों पर कार्यवाही करते हुए 25 किलो गौमांस व मय गौकशी उपकरण मय 01 मो0सा0 बरामद करना तथा मौके से 05 आरोपी का फरार होने में कामयाब रहे जिनकी तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सिकरौडा गांव के जंगल में सिकरौडा गांव के सोयब पुत्र मुन्तयाज उर्फ बहादरा व सिकन्दरपुर भैंसवाल निवासी-दानिश पुत्र शकील, सुहेल पुत्र शकील, मुन्ना उर्फ आफताब पुत्र शकील तथा आशु पुत्र दिलशाद ने मिलकर एक गाय को काटा है जो इस समय गोमांस को कट्टो में भरकर दो मोटर साईकिलों पर सवार होकर गोमांस बेचने के लिए भगवानपुर जा रहे हैं। जो कुछ ही समय में खेलडी गांव के पास पहुंचने वाले हैं मुखबिर की सूचना पर यकीन कर उ0नि0 मय हमराही कर्म0गण को मुखबिर की सूचना से अवगत कराया मुखबिर के बताये हुलिये के व्यक्तियों का इन्तजार करने लगे कुछ ही देर में सिकरौडा गांव की तरफ से दो मो0सा0 पर सवार होकर जिनमें आगे वाली मो0सा0 पर दो व्यक्ति जिनके बीच में एक प्लास्टिक के कट्टे में कुछ सामान तथा पीछे वाली मो0सा0 पर तीन व्यक्ति जिनके पास एक प्लास्टिक के कट्टे में कुछ सामान भरा हुआ एक मोटर साईकिल के पास ही पडे एक प्लास्टिक के कट्टे में मांस व मांस को काटने के उपकरण 02 अदद कुल्हाडी लोहे की धारधार जिन पर लकडी का हत्था लगा है व 04 अदद छुरे लोहे के तेज धार के बरामद हुए हैं माल बरामदगी व फरार अभि0गणो के विरूद्ध मु0अ0सं0 152/25 धारा 3/5/11 उत्तराखण्ड गौवंश संरक्षण अधि0पंजीकृत किया गया।

## भारत विकास परिषद का अधिष्ठापन समारोह, शशि अध्यक्ष, निधि बनी सचिव

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** भारत विकास परिषद्, मुख्य शाखा का अधिष्ठापन समारोह अत्यंत गरिमामय एवं सफलतापूर्वक मंगलवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्य, अतिथिगण तथा अन्य शाखाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुई, जिससे वातावरण में देशभक्ति की भावना जागृत हो उठी। मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष मनीषा सिंघल ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष शशि किर, सचिव निधि शांडिल्य, कोषाध्यक्ष संजय सिंघल तथा कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों डॉ. प्रवीण ऐरन, आलोक गुप्ता, बीना जैन, पूजा गुप्ता, डॉ. बीना गुप्ता, सौरभ सिंघल, नवीन टल, रतन अग्रवाल आदि को उनके कार्यभार ग्रहण करने के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद् जैसे संगठन राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं और सभी सदस्यों को अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए पर्यावरण संरक्षण को विशेष प्राथमिकता देनी चाहिए। अधिष्ठापन अधिकारी संजय गर्ग ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को सेवा, संस्कार और समर्पण की शपथ दिलाई।डॉ. रविन्द्र कपूर एवं सतेंद्र मित्तल ने अपने प्रेरणादायक विचारों से सभी को प्रेरित किया।संरक्षक सतेंद्र कुमार गुप्ता ने परिषद् को निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया। मंच संचालन डॉ. प्रवीण ऐरन ने अत्यंत रोचक और प्रभावशाली ढंग से किया। पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार जैन और पूर्व सचिव आशा चंद्र को मंच से सम्मानित किया गया। नव टीम ने उनके सफल कार्यकाल की सराहना करते हुए विश्वास दिलाया कि वे भी परिषद् की गरिमा बनाए रखेंगे और संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे। अनिल कुमार जैन एवं सावित्री मंगला को उनके क्षेत्रीय कार्यभार ग्रहण करने के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। नव नियुक्त कार्यकारिणी द्वारा घोषित प्रमुख योजनाएँ इस प्रकार हैं...1.गंगा सफाई अभियान, जिसकी शुरुआत गंगा आरती एवं गौसेवा से की जाएगी। 2. विद्यालयों में संस्कार निर्माण हेतु विशेष कार्यक्रम ख्र "भारत को जानो" प्रतियोगिता एवं समूह गान का आयोजन। 3.नियमित चिकित्सा शिविरों का आयोजन, जिससे समाज के हर वर्ग को स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। 4.स्थायी प्रकल्प के रूप में न्यूनतम दरों पर पैथोलॉजी लैब की स्थापना। 5.निर्धन कन्याओं के विवाह का आयोजन। 6. रक्तदान शिविरों का आयोजन। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के भावपूर्ण सामूहिक गायन के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने पूरे उत्साह और सम्मान के साथ भाग लिया।

## फैक्टरी कर्मचारी पर धारदार हथियार से हमला कर किया लहूलुहान

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** टायर फैक्टरी से ड्यूटी कर लौट रहे कर्मचारी पर कुछ लोगों ने धारदार हथियार और सरियों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां से उसे देहरादून रेफर कर दिया गया। पुलिस ने नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, लक्सर कोतवाली के बसेड़ा खादर गांव निवासी राजबीर ने तहरीर देकर बताया कि उसका भतीजा अरुण स्थानीय टायर फैक्टरी में काम करता है। अरुण की शादी लक्सर कोतवाली क्षेत्र के ही खेड़ी कलां गांव निवासी युवती के साथ हुई थी। लेकिन शादी के बाद पति पत्नी के बीच विवाद होने पर दोनों तलाक लेकर अलग हो गए थे। इसी को लेकर युवती का भाई विशाल उर्फ काली अरुण से रंजिश रखता है। तीन मई की देर रात को अरुण फैक्टरी से ड्यूटी कर घर लौट रहा था। इस दौरान नगर में हॉली क्रॉस स्कूल के निकट आरोपी विशाल उर्फ काली ने अपने अज्ञात साथियों के साथ धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे अरुण नीचे गिर गया। हमलावरों ने डंडे और सरियों से उसकी पिटाई की। इसमें वह लहूलुहान हो गया। राहगीरों ने उसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, यहां से उसे देहरादून हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। राजबीर ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि नामजद आरोपी व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

## मां से गाली-गलौज का विरोध करने पर बेटे का पैर तोड़ा

**लक्सर।** सिगरेट के पैसे मांगने पर युवकों ने महिला दुकानदार के साथ गाली-गलौज की। महिला के बेटे के विरोध करने पर युवकों ने फावड़े के हत्थे से वारकर उसका पैर तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, लक्सर कोतवाली के सेठपुर गांव निवासी महिला कुसुम देवी की गांव में दुकान है। 22 अप्रैल की शाम को वह दुकान पर बैठी थीं। कुसुम ने बताया कि शाम के समय आरोपी युवक आदि, मनीष, वंश निवासीगण ग्राम सेठपुर और विकास निवासी ग्राम हिरणाखेड़ी उसकी दुकान पर आए और उससे सिगरेट मांगी। उसने उन्हें सिगरेट दी। उसने सिगरेट के पैसे मांगें तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज कर दिया। इस बीच वहां पहुंचे उसके बेटे अमन ने युवकों के गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने फावड़े के हत्थे और बेल्ट व डंडों से उसकी पिटाई कर दी। पिटाई से उसके बेटे का पैर टूट गया।

## कार पार्किंग के लिए लेखपाल ने पड़ोसियों को पीटा

**रुड़की।** कार पार्किंग को लेकर पड़ोसियों में झगड़ा हो गया। विवाद होने पर मारपीट में एक परिवार ने दूसरे परिवार को पीट दिया। पुलिस ने लेखपाल समेत परिवार के तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उपनिरीक्षक राजीव उनियाल को मुकदमे की जांच मिली है। गंगनहर कोतवाली को रमेश चंद्र निवासी चावमंडी ने तहरीर देकर बताया कि तीन मई को पुत्र कार में सवार होकर दिल्ली से घर लौटे थे। तब रास्ते में पड़ोसियों की एक कार खड़ी थी। जिसको हटाने के लिए दोनों पुत्र पड़ोसियों के घर गए थे। आरोप है कि इस बीच पड़ोसियों ने दोनों पुत्र से मारपीट शुरू कर दी थी। जब वह अपने पुत्रों को बचाने गए, तब पड़ोसियों ने अपने परिवार के अन्य सदस्यों से मिलकर उनके परिवार से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया था। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे थे। पीड़ित के मुताबिक मारपीट की घटना एक सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है।

## कबाड़ी का पहले सिर फोड़कर रकम व फोन छीना

**रुड़की।** कबाड़ी से दो युवकों ने मारपीट कर हजारों रुपये की रकम और फोन छीन लिया। वारदात को अंजाम देकर युवक फरार हो गए। घायलावस्था में कबाड़ी ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है।गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किला कस्बा मंगलौर निवासी मोबिन ने बताया कि वह कबाड़ी का काम करता है। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे के आसपास वह आजादनगर में पीपल चौक के पास फेरी कर रहा था। वहां पहले से घात लगाए दो युवकों ने सिर पर पंच मारकर उसे लहूलुहान कर दिया और जेब से करीब चार हजार रुपये और फोन छीन लिया। घटना को अंजाम देकर दोनों युवक वहां से फरार हो गए। इसके बाद आसपास के लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे। घायल ने अपने परिवार के लोगों को फोन कर घटना की सूचना दी। जिसके बाद घायल को लेकर परिजन कोतवाली पहुंचे। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। हमला करने वाले युवकों के बारे में पता लगाया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि घटना को अंजाम देने वाले युवक नशेड़ी हैं।

### सीडीओ की अध्यक्षता में मंगलौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न

# केवल तीन लाख तीन हजार हजार के प्रस्ताव पारित

शमीम अहमद मंगलौरी

**मंगलौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रबंध समिति की बैठक में मात्र 3 लाख 3 हजार रुपए का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के दौरान समिति सदस्यों ने कई अहम मुद्दों को उठाया। सीएचसी मंगलोर को अपग्रेट करने के लिए पत्र शासन को भेजा जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी आकांशा कोडे की अगुवाई में सीएचसी प्रबंध समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक गंभीर सिंह तालियान ने एक वर्ष का आय-व्यय का ब्योरा पटल पर रखा जिसमें बताया गया कि 1 साल में करीब 10 लाख रुपए की आमदनी हुई है, जिसमें से आधी रकम को खर्च किया है जबकि आधी रकम शासन को भेजी गई है। बैठक में समाज सेवी जमीर हसन अंसारी ने सीएचसी



मंगलौर में रेडियोलोजिस्ट व नेत्र रोग विशेषज्ञ की तैनाती करने की मांग की इसके अलावा उन्होंने नगर में संचालित निजी अस्पतालों की जांच करने व सरकारी कर्मचारियों द्वारा निजी अस्पताल संचालित करने की जांच करने की मांग की। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन मोहिउद्दीन अंसारी ने भी कई मुद्दे बैठक में रखे। इस दौरान 3 लाख तीन हजार रुपए का बजट पास किया गया। सीएचसी मंगलौर को अपग्रेड करने का प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय भी लिया गया। सीडीओ आकांक्षा कोडे ने बताया कि प्रबंध समिति की बैठक में तीन लाख 3 हजार रुपए का बजट पास किया गया है। अस्पताल को अपग्रेड करने के लिए शासन को पत्र भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि निजी अस्पतालो की निजी अस्पतालों की जांच के लिए एसीएमओ को निर्देशित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगर सरकारी कर्मचारी निजी अस्पताल चलाते पाए जाएं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार तोमर, खंड विकास अधिकारी सुभाष सैनी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नौशाद हसीन, शिक्षा अधिकारी मेराज अली, जमीर हसन अंसारी, डॉ भूपेंद्र, डॉ मौहम्मद गुलबहार, महिला चिकित्सक आस्था अग्रवाल, फार्मेसिस्ट विपिन कुमार आदि मौजूद रहे

## निरीक्षण में खामियां मिलने पर सीडीओ ने चिकत्सा अधीक्षक को हड़काया

शाह टाइम्स सवददाता

**मंगलौर।** मुख्य विकास अधिकारी ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कई प्रकार की खामियां सामने आने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को फटकार लगाते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रबंध समिति की बैठक में शामिल होने के लिए मंगलोर पहुंची मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोड़े ने सीएससी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों की जांच पड़ताल करने के साथ ही महिला वार्ड का निरीक्षण किया, साथ ही फार्मेसी की व्यवस्थाओं को भी परखा। इस दौरान सीडीओ ने कई खामियों को पकड़ा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को फटकार लगाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही उन्होंने उपरी मंजिल में बने कक्षों के बाहर महिला वार्ड अंकित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग कर्मियों में अफरा तफरी का माहौल रहा।

# पाकिस्तान को सबक

पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने पीओके और पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के नौ ठिकानों को नष्ट कर पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दे दिया है। पाक को भारतीय सेना की इस कार्रवाई से सबक सीखना होगा, क्योंकि पाकिस्तान आए दिन आतंकियों को प्रशिक्षण देकर भारत में भेजता रहा है, जिससे भारत के लोगों की जान जा चुकी है। यह पहला मौका नहीं है जब भारत ने ऐसी कार्रवाई की है। इससे पहले भी भारत ने कार्रवाई करके पाकिस्तान को सीख दी थी, लेकिन पाकिस्तान नहीं माना और 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी भेजकर निर्दोष लोगों की जान ले ली। आज पूरे भारत में सेना की इस कार्रवाई की सराहना हो रही है। देश के सभी धर्मों के लोग जश्न मना रहे हैं। हिन्दू, सिख, मुस्लिम और ईसाई सभी सेना की इस कार्रवाई की प्रशंसा कर रहे हैं। देर रात से ही देश में जश्न मनााया जा रहा है। इससे पहले भी 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायु सेना के 12 मिराज 2000 जेट्स ने नियंत्रण रेखा पार की और बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद संचालित आतंकवादी शिविर पर हमला किया। भारतीय मीडिया ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान लगभग 200 - 300 आतंकवादी मारे गए। भारतीय सेना ने 28 सितंबर 2016 को भी पाक में सर्जिकल स्ट्राइक कर दी थी। सरहद पार सेना ने 38 आतंकवादी और 2 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया था। इसी तरह से 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा अटैक हुआ था। 12 दिन के बाद भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक कर दी थी। इतना सबकुछ होने के बाद भी पाकिस्तान में आतंकी प्रशिक्षण शिविर चालू रहे और भारत को अस्थिर करने के लिए नापाक हरकतें करता रहा, लेकिन अब बहुत हो चुका। पाकिस्तान को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारतीय सेना ने जिस तरह 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर चलाकर लगभग सौ आतंकियों को मार गिराया और उनके प्रशिक्षण केंद्रों को तहस-नहस कर दिया, उससे साफ है कि भारत अब आतंकवाद के खात्मे को किसी हद तक जा सकता है। यहां सेना की सराहना करनी होगी कि उसने सिर्फ आतंकवादियों के नेटवर्क को ही निशाना बनाया। किसी भी नागरिक को कोई हानि नहीं होने दी। आज हमारी सेना दुनियां की पांचवीं सबसे बड़ी सेना है। इसके बावजदू पाकिस्तान की समझ में नहीं आया कि वह आतंकी गतिविधियों को रोके और अपनी सरजमीं का इसके लिए इस्तेमाल न होने दे। अगर पास्तिान यह सबकुछ करता, तो आज तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होता, लेकिन कहावत कि लातों केभूत बातों से नहीं मानते। यही भाषा पास्तिान को समझ में आती है, जिसके कारण उसे नुकसान उठाना पड़ता है। आतंकवाद केवल भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे विश्व के लिए चुनौती है। अगर कोई देश आतंकवाद का सुरक्षित ठिकाना बन गया हो, आतंकवादियों का शरणगाह बन गया हो, तो निश्चित तौर पर ऐसे ठिकानों को नष्ट करना मानवता का पहला कर्तव्य है। पूरी दुनिया एक स्वर में आतंकवाद के चारागाहों, शरणगाहों को खत्म करने की आवाज उठ रही है।

## जांबाज सैनिकों को सलाम



हम अपने सशस्त्र बलों पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है, हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दिन से ही कांग्रेस ने साफतौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था, कांग्रेस देश के वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

# इन्हें अपराध से नहीं बल्कि अपराधी के धर्म से नफरत है

**2018 में कश्मीर में आठ साल की मासूम बच्ची असिफ़ा के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था और कई दिनों तक मंदिर परिसर के एक कमरे में मंदिर के पुजारी सहित अनक लोगों ने उसका बलात्कार करने के बाद उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया गया था**



**निर्मल रानी**




उत्तरांचल का व्यस्त पर्यटक स्थल नैनीताल पिछले दिनों साम्प्रदायिकतावादियों के निशाने पर आ गया। ख़बरों के अनुसार 12 अप्रैल को नैनीताल में एक 12 वर्षीय नाबालिग़ लड़की के साथ उस्मान नामक एक वृद्ध आयु के आरोपी द्वारा कथित तौर पर बलात्कार किया गया। पीड़िता की मां द्वारा घटना की रिपोर्ट 30 अप्रैल को मल्लीताल थाने में दर्ज कराई गई। आरोप है कि आरोपी उस्मान स्कूल से आते समय बालिका को बहला फुसलाकर कार में बिठाकर ले गया और उसने कार में ही बच्ची के साथ दरिन्दिगी की। पुलिस द्वारा आरोपी को फ़ौरन गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। परन्तु प्राथमिकी दर्ज होते ही थाने में ही हिंदूवादी संगठनों की भीड़ इकट्ठी होनी शुरू हो गई। और उसी दिन देर रात से लेकर अगले दिन 1 मई तक इस घटना के विरुद्ध जो भीड़ द्वारा जो तांडव किया गया। उसकी तो कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उस्मान की दरिन्दिगी का बदला उसके समुदाय के लोगों से लिया जाने लगा। चुन चुनकर मुसलमानों के घरों व दुकानों में आग लगाई जाने लगी। अनेक मस्जिदें तोड़ी गईं व कई आग के हवाले कर दी गईं। सड़कों पर जुलूस निकालकर समुदाय विशेष के विरुद्ध नारेबाज़ी की गई।

इस घटना का एक अत्यंत सम्प्रदायिकतापूर्ण दुखद पहलू यह भी रहा कि जब हालात को नियंत्रित करने के लिए मल्लीताल थाने में तैनात उत्तराखंड पुलिस के वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर मोहम्मद आसिफ़ ख़ान जो डयूटी पर तैनात थे, जब वहां पहुंचे तो उन्मादी भीड़ ने उन्हें भी घेर लिया। उनके साथ धक्का-मुक्की की और वर्दी का कॉलर पकड़ कर खींचने की कोशिश की। वे भी वहां प्रदर्शनकारियों की उग्रता का शिकार हो गए। उग्र भीड़ में कुछ लोग उनका नाम पूछते हुए अभद्रता धक्का-मुक्की करते देखे गए। भीड़ ने केवल धार्मिक आधार पर उन पर निशाना साधा और उन्हें कोतवाली के अंदर तक घसीट ले गए और कोतवाली में भी हंगामा करते रहे। इस घटना का वीडीओ भी सोशल मीडिया पसर शेयर हुआ और ख़ूब वायरल हुआ। इस घटना का दूसरा प्रभाव यह हुआ कि जो नैनीताल शांति व प्रकृतिक सौदर्य के लिए मशहूर था वह भी साम्प्रदायिकता व अचानक साम्प्रदायिक उपद्रव के नाम से कलंकित हो गया। इतना ही नहीं करोड़ों रूपये का पर्यटन प्रभावित हुआ। और ख़बर तो यह है कि अगले महीने यानी जून तक की बुकिंग अनेक पर्यटकों द्वारा रद्द करा दी गई। एक ओर तो उपद्रवियों द्वारा एक व्यक्ति की दरिन्दिगी के चलते द्वारा उसके धर्म के लोगों के विरुद्ध जमकर फ़साद किया गया तो दूसरी तरफ़ इसी समाज के लोगों द्वारा उस्मान के विरुद्ध कई कड़े फ़ैसले लिए गए। नैनीताल के मुस्लिम संगठन अंजुमन-ए-इस्लामिया द्वारा उस्मान को मुस्लिम समाज से बहिष्कृत करने का फ़ैसला लिया गया और उसके मस्जिद में प्रवेश पर रोक लगा दी गई। साथ ही पीड़िता के इलाज से लेकर उसकी शिक्षा तक का पूरा ख़र्च उठाने की घोषणा की गई। अंजुमन ने यथाशीघ्र आरोपी को सख्त से सख्त सज़ा दिलाने की मांग की तथा इस घृणित कार्य की घोर निंदा की व इसे अमानवीय कृत्य बताया। परन्तु इस साम्प्रदायिक उपद्रव ने वही सवाल एक बार फिर खड़ा कर दिया कि क्या किसी एक व्यक्ति के अपराध की सज़ा उसके पूरे धर्म व उसके धर्मस्थलों को दी जा सकती है? और दूसरा यह भी कि बलात्कार जैसे अपराध पर उपद्रवियों का गुस्सा क्या किसी अन्य समाज से जुड़े आरोपियों पर भी कभी उतरते देखा गया? और तीसरा यह भी कि आख़िर वह कौन लोग हैं जो समय समय पर बलात्कारियों व हत्यारों के पक्ष में दिखाई देते हैं? याद कीजिए, इसी उत्तरांचल राज्य में सितम्बर 2022 में 19 वर्षीय अंकिता की हत्या एक रिज़ॉर्ट संचालक और भाजपा नेता व पूर्व राज्यमंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य, रिज़ॉर्ट मैनेजर सौरभ भास्कर और एक अन्य रिसोर्ट कर्मी अंकित द्वारा कर दी गई थी। अंकिता विनोद आर्य के स्वामित्व वाले वंतरा रिज़ॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी कर रही थी। पुलिस के अनुसार अंकिता को रिसोर्ट के 'विशेष' मेहमानों के साथ 'अनैतिक कार्य' करने के लिए मजबूर किया जा रहा था और जब अंकिता ने इस बारे में मना किया व इस घटना को दूसरों को बताने की बात कही तो उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद अंकिता का शव ऋषिकेश-हरिद्वार मार्ग पर चीला शक्ति नहर के पावर हाउस के पास बरामद किया गया है। उस समय हत्यारे पुलकित का भाई अंकित भी उत्तराखंड में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का उपाध्यक्ष था। यह पूरा परिवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा है। अंकिता भी उत्तरांचल की ही बेटी थी और पौड़ी गढ़वाल के डोम श्रीकोट की रहने वालीं थीं। इस घटना के बाद न तो किसी भीड़ का खून खौला न कोई हिंदूवादी संगठन सड़कों पर उतरते नज़र आया? आख़िर क्यों? हां महिला अस्मिता के इन साम्प्रदायिकतावादी उपद्रवियों की भीड़ उस समय हत्यारों और बलात्कारियों के पक्ष में ज़रूर खड़ी दिखाई दी थी जब 2018 में कश्मीर में आठ साल की मासूम बच्ची असिफ़ा के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना अंजाम दी गई थी। और कई दिनों तक कई लोगों द्वारा मंदिर परिसर के एक कमरे में मंदिर के पुजारी सहित अनेक लोगों द्वारा उसका बलात्कार करने के बाद उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया गया था। उस समय राज्य में भाजपा व पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की गठबंधन सरकार थी। पुलिस द्वारा आसिफ़ा की मौत व बलात्कार के सिलसिले में एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी, चार पुलिस अधिका. रियों और एक किशोर सहित आठ लोगों को गिरफ़्तार किया गया था। मगर देश का इतिहास याद रखेगा कि इन आरोपियों की गिरफ़्तारी ने साम्प्रदायिक रूप ले लिया। भाजपा सहित अनेक हिंदूवादी संगठन जम्मू में विरोध प्रदर्शन करने लगे। हिंदूवादी वकीलों द्वारा आरोप पत्र दायर करने के लिए पुलिस को अदालत में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की गई। यहां तक कि सरकार में शामिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो मंत्रियों व अनेक विधायकों ने आरोपियों के समर्थन में एक तिरंगा रैली निकाली। विश्व मीडिया में इस शर्मनाक घटना की खूब चर्चा हुई थी।

तो क्या अंकिता व आसिफ़ा की अस्मिता महिला अस्मिता नहीं थी। क्या बिल्क़ीस बानो की अस्मिता महिला अस्मिता का सवाल नहीं है। मणिपुर में नग्न परेड करा दी जाती है किसी का खून नहीं खोलता। आसाराम जैसे अनेक बलात्कारियों पर किसी का खून नहीं खोलता। हाथरस बलात्कार कांड में भी हत्यारों व बलात्कारियों के समर्थन में लोग जुट जाते हैं। यह आखिर कैसा देश और कैसा न्याय है जहां एक विशेष विचारधारा के लोगों को अपराध से नहीं बल्कि अपराधी के धर्म से नफरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# प्रतिरक्षा कोशिकाएं दर्द भी कम करती हैं



**साइंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ता यह समझने की कोशिश कर रहे थे कि ट्रेग्स दर्द को कैसे प्रभावित करती हैं, उन्होंने मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढंकने वाली सुरक्षा झिल्लियों में मौजूद ट्रेग्स पर ध्यान दिया, जहां ये कोशिकाएं सामान्य से कहीं ज्यादा पाई जाती हैं**

अमूमन प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर को संक्रमण से बचाने का काम करती हैं, लेकिन रेग्युलेटरी टी कोशिकाओं (ट्रेग्स) का काम एक तरह से सामंजस्य की स्थिति बनाए रखना होता है। ये सूजन कम करती हैं, घाव भरने में मदद करती हैं और प्रतिरक्षा तंत्र को स्वयं अपने शरीर के विरुद्ध काम करने से रोकती हैं और अब, वैज्ञानिकों ने पाया है कि कुछ ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द भी कम कर सकती हैं, हालांकि यह असर केवल मादा चूहों में देखा गया है।

साइंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ता यह समझने की कोशिश कर रहे थे कि ट्रेग्स दर्द को कैसे प्रभावित करती हैं। उन्होंने मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढंकने वाली सुरक्षा झिल्लियों (मेनिन्जेस) में मौजूद ट्रेग्स पर ध्यान दिया, जहां ये कोशिकाएं सामान्य से कहीं ज्यादा पाई जाती हैं।

परीक्षण के लिए उन्होंने ऐसे चूहे तैयार किए जिनमें इन खास ट्रेग्स को एक बैक्टीरिया विष के माध्यम से खत्म किया जा सकता था। जब मादा चूहों से ट्रेग्स हटाई गईं, तो उनकी यांत्रिक दर्द (जैसे दबाने या छूने से होने वाला दर्द) के प्रति संवेदनशीलता बढ़ गई। लेकिन नर चूहों में ऐसा कोई असर नहीं देखा गया। हालांकि ट्रेग्स ने गर्मी या ठंड से जुड़ी दर्द की संवेदनशीलता पर कोई असर नहीं डाला -न मादा में और न ही नर में।दिलचस्प बात यह है कि जब वैज्ञानिकों ने आईएल-2 नामक एक प्रोटीन के ज़रिए ट्रेग्स कोशिकाओं की संख्या बढ़ाई तो चोटिल मादा चूहों में दर्द पर प्रतिक्रिया बेहतर हो गई-यानी दर्द कम महसूस हुआ। लेकिन जब मादा हार्मोन (जैसे एस्ट्रोजन) को बाधित कर दिया गया अथवा अंडाशय को हटा दिया गया तो आईएल-2 का असर नहीं हुआ। इससे साफ है कि ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द से राहत देने का अपना काम मादा हार्मोन, खास तौर पर एस्ट्रोजन, की मदद से करती हैं।इतना ही नहीं, ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द कम करने के लिए सिर्फ सूजन रोकने के ज़रिए काम नहीं करतीं बल्कि सीधे तंत्रिका को. शिकाओं पर असर डालती हैं। ये एंकेफेलिन्स नामक प्राकृतिक दर्दनाशक अणु छोड़ती हैं, जो तंत्रिका को. शिकाओं के दर्दरोधी ग्राहियों को सक्रिय करके दर्द की तीव्रता कम कर देते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि महिलाओं और जेंडर पुष्टि देखभाल (जेंडर अफर्मिंग केयर) ले रहे लोगों के लिए दर्द की समस्या ज्यादा होती है। उनके संदर्भ में यह खोज महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। कई शोधकर्ता आत्म-प्रतिरक्षा रोगों के लिए ट्रेग कोशिकाओं की संख्या बढ़ाने पर कार्य कर रहे हैं। उसमें दर्द प्रबंधन के दृष्टिकोण को जोड़ना मददगार हो सकता है। अलबत्ता, इस राह में कई चुनौतियां हैं-मनुष्यों के मस्तिष्क और रीढ़ की झिल्ली तक ट्रेग्स को सही-सलामत पहुंचाना आसान नहीं होगा। लेकिन ऐसा लगता है कि आत्म-प्रतिरक्षा रोगों के इलाज में इस्तेमाल हो रहा प्रतिरक्षा-वृद्धि उपचार इस राह को आसान कर सकता है।

# आपदा के समय भरोसेमंद दोस्त 'रेडक्रॉस'

**योगेश कुमार गोयल**






**8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे, क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी**

रेडक्रॉस की स्थापना महान् मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेंट द्वारा की गई थी, इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस' के रूप में मनाया जाता है और संस्था की गतिविधियों से आम आदमी को अवगत कराने के प्रयास किए जाते हैं। रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी और अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ-साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है। 8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। युद्ध मैदान में घायल पड़े इन्हीं सैनिकों के दर्दनाक हालातों पर अपने कड़वे अनुभवों के आधार पर उन्होंने 'मेमोरी और सालफिरोनो' नामक एक पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति 'आईसीआरआई' का गठन किया। डयूनेंट के सतत प्रयासों की बदौलत ही 1864 में जेनेवा समझौते के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस मूवमेंट' की स्थापना हुई।

डयूनेंट ने इटली में युद्ध के दौरान रक्तपात का ऐसा भयानक मंजर देखा था, जब चिकित्सकीय सहायता के अभाव में युद्धक्षेत्र में अनेक घायल सैनिक हृदयविदारक कष्टों से तड़प रहे थे। ऐसे घायलों की सहायता के लिए उन्होंने स्थाई समितियों के निर्माण की आवश्यकता को लेकर आवाज बुलंद की, जिसका असर भी दिखा। युद्ध में आहतों की स्थिति के सुधार के साधनों का अध्ययन करने के लिए उसके बाद एक आयोग का गठन किया गया। 1863 में जेनेवा में एक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा रेडक्रॉस आन्दोलन का विकास करते हुए आहत सैनिकों और युद्ध पीड़ितों की सहायता संगठित करने हेतु दुनियाभर के सभी देशों में राष्ट्रीय समितियां बनाने पर जोर दिया गया। नेपोलियन तृतीय के हस्तक्षेप के चलते अंतर्राष्ट्रीय समिति 'स्विस फेडरल काउंसिल' को 8 अगस्त 1864 को जेनेवा में सम्मेलन बुलाने के लिए राजी करने में सफल हुई, जिसमें 26 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन के चलते जेनेवा अधिवेशन हुआ, जिसमें सुरक्षा के प्रतीक रेडक्रॉस वाले सफेद झंडे पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई, जो आज समस्त विश्व में रेडक्रॉस का प्रतीक चिन्ह बना हुआ है। शुरुआती दौर में रेडक्रॉस की भूमिका युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा उन्हें उचित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी किन्तु अब इस संस्था के दायित्वों का दायरा लगातार विस्तृत होता जा रहा है।

मानवीय सेवा को समर्पित रेडक्रॉस ने प्रथम तथा द्वितीय विश्वयुद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक घायल सैनिकों तथा नागरिकों की सहायता कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। दुनिया के किसी भी भाग में जब भूकम्प, बाढ़, भू-स्खलन या अन्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा सामने आती है तो सबसे पहले 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी' की टीमें वहां पहुंचकर राहत कार्यों में जुट जाती हैं। शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्त्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। फिलहाल 190 से भी अधिक देशों में 'रेडक्रॉस' संस्था सक्रिय है। भारत में 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम' के तहत वर्ष 1920 में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ था और स्थापना के नौ वर्ष बाद इसकी सराहनीय गतिविधियों को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी ने 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी' को मान्यता प्रदान की।

भारत में रेडक्रॉस की स्थापना के शुरुआती वर्षों में देश में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष भारत के उपराष्ट्रपति होते थे किन्तु वर्ष 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन करते हुए सोसायटी का पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति को तथा सचिव केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया। वर्तमान समय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की देशभर में 750 से अधिक शाखाएं मानवता की सेवा में जी-जान से जुटी हैं। रेडक्रॉस एक ऐसी स्वयंसेवी संस्था है, जो देश के किसी भी हिस्से में प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने व राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इसमें शामिल होने वाले कर्मठ स्वयंसेवकों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। विश्वभर में रेडक्रॉस के करीब एक करोड़ सत्तर लाख स्वयं सेवक हैं। यही कारण है कि रेडक्रॉस दिवस को 'अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस' भी कहा जाता है। रेडक्रॉस लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करती है और अपनी विभिन्न शाखाओं के जरिये देशभर में जगह-जगह रक्तदान शिविर लगाकर प्रतिवर्ष बहुत बड़ी मात्रा में रक्त एकत्रित करती है। देश में रक्त एकत्रित करने तथा वही रक्त जरूरतमंद लोगों के लिए सही समय पर उपलब्ध कराने का कार्य यह संस्था कई दशकों से लगातार कर रही है। वास्तव में रक्त इकट्ठा करने वाली यह विश्व की एकमात्र सबसे बड़ी संस्था है, जिससे कैंसर, थैलेसीमिया, एनीमिया जैसी प्राणघातक बीमारियों से जूझ रहे हजारों लोगों की भी जान बचाई जाती हैं। रेडक्रॉस की पहल पर दुनिया का पहला ब्लड बैंक अमे. रिका में 1937 में स्थापित हुआ था और वर्तमान में दुनियाभर के अधिकांश ब्लड बैंकों की देखरेख रेडक्रॉस तथा उसकी सहयोगी संस्थाओं द्वारा ही की जाती है। रेडक्रॉस देश के किसी भी भाग में मानवीय या प्राकृतिक आपदा के शिकार लोगों को बचाने तथा उन्हें राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है।

# दांत के सड़ने पर हो सकता है कैंसर का खतरा

दांतों में सड़न होने से सिर और गर्दन के पास स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा नामक कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कैविटी के कारण दांत के अंदरूनी हिस्से से होते हुए गर्दन और सिर में गंभीर बीमारी हो सकती है। हालांकि कैविटी की वजह से सीधा कैंसर नहीं होता है। लेकिन इससे जो सूजन और संक्रमण फैलता है, वह धीरे-धीरे कैंसर का खतरा बढ़ाता है। इसलिए आपको इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या दांत सड़ने से कैंसर का खतरा हो सकता है।

### क्रॉनिक सूजन...

वहीं जिस कैविटी से पानी बाहर नहीं निकल पाता है, तो वहां पर क्रॉनिक सूजन की वजह से साइटोकाइन रिलीज होता है। इसके आसपास के टिशू में क्षति हो सकती है। रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीसीज की वजह से सूजन अधिक बढ़ती है। जिसकी वजह से सेल्स में परिवर्तन होने के साथ दांत सड़ता है।

### ओरल इन्फेक्शन...

बैक्टीरिया टॉक्सिन, फ्यूसोबैक्टीरियम न्यूक्लियेटम और पोर्फिरोमोनस जिंजिवलिस जैसे बैक्टीरिया भी दांतों में मिलते हैं। इनमें टॉक्सिन सेल्स बढ़ता है।

### खराब ओरल हाइजीन...

इसके अलावा खराब ओरल हाइजीन भी एक रिस्क फैक्टर है, जोकि आमतौर पर बिना ट्रीटमेंट वाली कैविटी में मिलता है। इसको सिर और गर्दन के कैंसर का भी कारक माना गया है। वहीं खाब ओरल हाइजीन की वजह से तंबाकू और शराब जैसे कैंसरकारी कारकों के संपर्क में आने से भी मुंह में हानिक. ारक पदार्थों का जमाव हो सकता है।

### एचपीवी की भूमिका...

अगर मुंह के अंदर लंबे समय तक संक्रमण रहता है, तो इससे ह्यूमन पैपिलोमावायरस के संक्रमण का जोखिम बढ़ जाता है। यह गले के कैंसर से बहुत करीब से जुड़ा हुआ है।

### ल्यूकोप्लाकिया या मुंह का घाव

जब भी हम मुंह के कैविटी या फिर इंफेक्शन का इलाज नहीं कराते हैं, तो ल्यूकोप्लाकिया नामक कैंसर से पहले होने वाले घाव हो सकते हैं। जोकि बाद में गंभीर बीमारी में भी बदल सकते हैं।

### पोषक तत्वों की कमी...

बता दें कि कैविटी की वजह से खाने में दर्द और परेशानी होती है। जिससे हमारी शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है।



## पहलगाम आतंकी हमले का भारत ने पाकिस्तान से किया हिसाब चुकता

# भारत की कार्रवाई से सहमा पाक

## दुनिया के देशों ने किया भारत का समर्थन



### आतंकवाद से लड़ाई में हम भारत के साथ: ट्रम्प



**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत ने जब पहलगाम का बदला लेने के लिए पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों पर बमबारी की, तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें पता था कि कुछ होने वाला है और उम्मीद जताई कि यह जल्दी खत्म हो जाएगा। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह शर्म की बात है, हमने इसके बारे में अभी सुना, ठीक उसी समय जब हम ओवल के दरवाज़े पर चल रहे थे। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ में कहा, मैंने इसके बारे में अभी सुना, मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, वे (भारत-पाकिस्तान) लंबे समय से लड़ रहे हैं, वे कई, कई दशकों से लड़ रहे हैं। अब मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ट्रम्प विश्व के पहले नेता थे जिन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके उनसे बात की, तथा आतंकवादी हमले की निंदा की और मदद की पेशकश की। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में हस्तक्षेप न करने का फैसला किया है, तथा दोनों पक्षों को आपस में मुद्दों को सुलझाने दिया है। इससे पहले, कल देर रात के बाद रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और निर्देशित किया गया। भारत ने कुल मिलाकर, नौ स्थानों को निशाना बनाया गया है। बयान में कहा गया है, हमारी कार्रवाई केंद्रित, मापी गई और गैर-उग्र प्रकृति की रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और हमलों के तरीके में काफी संयम बरता है। उन्होंने कहा कि भारत ने यह कदम पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं, जिसमें आतंकवादियों ने 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी।

### इज़रायल भारत की आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है



**नई दिल्ली।** इजरायल ने बुधवार को भारत के ऑपरेशन सिंदूर को अपना समर्थन देने की घोषणा की, जिसके तहत भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके के नौ स्थलों पर आतंकवादी शिविरों पर हमला किया। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में अपने देश का समर्थन व्यक्त किया। हैशटैग ऑपरेशन सिंदूर के साथ उन्होंने लिखा, इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को ज्ञात होना चाहिए कि निर्दोषों लोगों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिए उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है। राजदूत अजार की यह पोस्ट भारत के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के कुछ घंटों बाद आई है। भारत के भारतीय सशस्त्र बलों ने कल देर रात पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर हमला करते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया है।

### हम स्थिति पर नजर रखे हुए: मार्को रूबियो



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे हालातों पर बारीकी से नज़र रखे हुए है और उम्मीद करता है कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त हो जाएगी। अमेरिका विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अमेरिका शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारतीय और पाकिस्तानी नेतृत्व दोनों के साथ बातचीत जारी रखेगा।

रुबियो ने कहा, मैं भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे हालात पर बारीकी से नज़र रख रहा हूं। मैं आज पहले अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणियों से सहमत हूं कि उम्मीद है कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त हो जाएगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह शर्म की बात है। हमने इसके बारे में अभी सुना, ठीक उसी समय जब हम ओवल के दरवाज़े पर चल रहे थे। उन्होंने कहा, मैंने इसके बारे में अभी सुना, अतीत के कुछ अंशों के आधार पर मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ देते हुए यह बात कही है। वे लंबे समय से लड़ रहे हैं, वे कई दशकों से लड़ रहे हैं अब मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप पहले विश्व नेता हैं जिन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके उनसे बात की, और आतंकी हमले की निंदा की और मदद की पेशकश की।


## पाक ने कबूला: भारतीय वायुसेना ने अपनी सीमा से ही दागे हथियार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने बुधवार सुबह दावा किया कि भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने हवाई क्षेत्र से ही हथियारों का इस्तेमाल नागरिक आबादी को निशाना बनाने के लिए किया। वहीं पाकिस्तान के जवाब में भारत ने कहा, हमांरी कार्रवाई केंद्रित, मापी हुई और गैर-उग्र प्रकृति की रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधाओं को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और हमला करने में काफी संयम बरता गया है। हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतरे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। पाकिस्तान सरकार ने एक बयान में आरोप लगाया गया कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के पंजाब में मुरीदके और बहवलपुर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कोटली और मुजफ्फराबाद में नियंत्रण रेखा के पार के इलाकों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने कहा कि भारतीय कार्रवाई से वाणिज्यिक हवाई यातायात को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर रात 1:44 बजे सटीक हमले किए।



**पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ISPR ने यह फोटो जारी की है। इसमें बहावलपुर के एक हॉस्पिटल में हमले में घायल का इलाज हो रहा है।**

### शहबाज ने इसे बताया युद्ध, जवाब देने की दी धमकी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आतंकी ठिकानों पर भारत की गोलाबारी को युद्ध की कार्रवाई बताते हुए कहा है कि उनका देश जवाब दे रहा है। शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में बुधवार को कहा, पाकिस्तान को भारत के इस एक्ट ऑफ वार का माकूल जवाब देने का पूरा हक है और जवाब दिया जा रहा है।

### अगर भारत आगे कार्रवाई नहीं करता तो पाकिस्तान भी कुछ नहीं करेगा: ख्वाजा आसिफ



**इस्लामाबाद।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर से हताश पाकिस्तान ने कहा है कि यदि भारत आगे और कार्रवाई नहीं करता है तो पाकिस्तान भी कार्रवाई नहीं करेगा। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक टेलीविजन चैनल से बातचीत में कहा कि इस कार्रवाई की शुरुआत भारत ने की है और हमने इसके बाद जवाबी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि यदि भारत रुक जाता है तो पाकिस्तान भी कोई कार्रवाई नहीं करेगा।

## सभी की सुरक्षा सुनिश्चित होगी: सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच बुधवार को कहा कि देश के हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। सिन्हा ने आज उपायुक्तों (डीसी) को निर्देश दिया कि वे संवेदनशील इलाकों से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और उनके लिए भोजन, आवास, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में रात के समय सीमा पर भारी गोलाबारी देखी गई जिसमें तीन नागरिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। गोलाबारी में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। उपराज्यपाल के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने सभी सीमावर्ती जिलों के डीसी सहित सभी वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस और जिला अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों की स्थिति का जायजा लिया। मैं स्थिति पर करीब से नज़र रख रहा हूं और सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। मैंने डीसी को निर्देश दिया है कि वे ग्रामीणों को संवेदनशील क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और उनके लिए भोजन, आवास, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। हम हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

## ऑपरेशन मूवमेंट से संबंधित कंटेंट साझा न करें

**जम्मू।** जम्मू पुलिस ने बुधवार को आम जनता के लिए एडवाइजरी जारी की और जिले में सुरक्षा तैनाती अथवा ऑपरेशनल मूवमेंट से संबंधित कोई भी जानकारी अपलोड या साझा न करने की अपील की। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी नागरिकों को सख्त सलाह दी जाती है कि वे सोशल मीडिया या किसी अन्य सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा तैनाती, ऑपरेशनल मूवमेंट या संवेदनशील स्थानों से संबंधित किसी भी कंटेन्ट को अपलोड या साझा न करें। ऐसी गति. विधियां सार्वजनिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। ऐसा करने वालों के खिलाफ संबंधित कानूनों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एडवाइजरी में आगे कहा गया है कि जम्मू जिला पुलिस सभी से जिम्मेदारी से काम करने और ऐसी गतिविधियों से बचने का आग्रह करती है जो सुरक्षा अभियानों की प्रभावशीलता से समझौता कर सकती हैं।

## वैश्विक आतंकवादी है मसूद अज़हर

**बहावलपुर।** भारत ने 2001 के संसद हमले के मास्टरमाइंड जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के बहावलपुर स्थित घर को निशाना बनाकर हमला किया है। मीडिया ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि इस घटना में कम से कम 14 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घटना के बाद इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है, हालांकि अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि या खंडन नहीं किया गया है। मसूद अजहर ने दावा किया कि मृतकों में उसकी सबसे बड़ी बहन और उसके पति मसूद अजहर का भतीजा, उसकी पत्नी, एक और भतीजी और उनके परिवार के पांच बच्चे शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि मंगलवार देर रात हुए हमले में मसूद अजहर का एक करीबी सहयोगी और उसकी मां तथा दो अन्य करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। बयान में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा गया है कि इस हमले में सभी नियम तोड़ दिए हैं। गौरतलब है कि मसूद अजहर और जैश-ए-मोहम्मद 2001 में भारतीय संसद पर हमले, जनवरी 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हमले, फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले में शामिल थे। मई 2019 को संयुक्त राष्ट्र ने मसूद अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया।

### ऑपरेशन सिंदूर



**बहावलपुर के बाहरी इलाके में एयर स्ट्राइक के दौरान मस्जिद क्षतिग्रस्त हुई।**



**लाहौर से 30 किमी दूर मुरीदके शहर के आतंकी ठिकानों को तबाह किया गया, यहां लोगों के घरों को खाली करा दिया गया।**

### एलओसी पर पाक की जवाबी कार्रवाई



**जम्मू के पुंछ में पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की है, जिसमें 15 की मौत व दर्जनों घायल हुए हैं।**



**पाकिस्तानी सेना की ओर से बॉर्डर पर की गई गोलाबारी में कई लोग घायल हुए।**

## डोभाल ने अमेरिकी विदेश मंत्री को ऑपरेशन सिंदूर की दी जानकारी

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने अमेरिका के एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी है जिसके तहत भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों पर सटीक हमले किए हैं। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने मंगलवार देर रात बताया कि हमलों के तुरंत बाद एनएसए डोभाल ने अमेरिका के एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात की और उन्हें इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा, आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक नृशंस हमले में 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी जिनमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल था। भारत के पास विश्वसनीय सुराग, तकनीकी जानकारी, जीवित बचे लोगों की गवाही और अन्य सबूत हैं जो इस हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों की स्पष्ट संलिप्तता की ओर संकेत करते हैं। भारत को पहले यह उम्मीद थी कि पाकिस्तान आतंकवादियों और उन्हें समर्थन देने वाले बुनियादी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई करेगा। इसके बजाय, पिछले पखवाड़े के दौरान, पाकिस्तान ने पहगाम हमले में उनकी संलिप्तता से इनकार दिया और भारत के खिलाफ झूठे अभियान चलाने का आरोप लगाया है। भारत की कार्रवाई अपने लक्ष्य पर केंद्रित और सटीक रही है तथा जिम्मेदाराना और ऐसी कार्रवाइयों या प्रतिक्रियाओं से बचने वाली है जो स्थिति की गंभीरता को बढ़ा दें।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor